राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 12 अंक - 102
लखनऊ, शुक्रवार 29 नवम्बर, 2024
पृष्ठ- 12 मूल्य- ₹ 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com



पर्यटकों के प्रति बदलें व्यवहार, वह देवतुल्य : जयवीर 03

हर स्थिति से निपटने के लिए तैयार रहे सेना : राष्ट्रपति 12

# महाकुम्भ की करें तैयारी : योगी आदित्यनाथ

**निर्देश**

- चित्रकूट का हर मठ-मंदिर हो स्वच्छ और सुंदर
- अपराध और भ्रष्टाचार के प्रति जीरो टालरेंस की नीति अपनाने पर जोर



**चित्रकूट, समृद्धि न्यूज।**

सीएम योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को चित्रकूट के एक दिवसीय दौरे के दौरान जिले के कलेक्ट्रेट सभागार में विकास कार्यों, कानून व्यवस्था और अन्य प्रमुख योजनाओं की समीक्षा की। बैठक में सीएम योगी ने मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण और शहरी), राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, जल जीवन मिशन, पशुपालन, चिकित्सा और स्वास्थ्य सेवाएं, पर्यटन विकास, औद्योगिक कॉरिडोर, लिंक एक्सप्रेसवे और अन्य परियोजनाओं की स्थिति पर विस्तृत चर्चा की।

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी योजनाओं को समयबद्ध तरीके से और उच्च गुणवत्ता के साथ पूरा करें। वहीं उन्होंने महाकुम्भ को लेकर विशेष तैयारी करने के निर्देश दिये। साथ ही मठ-मंदिरों की स्वच्छता और सौंदर्यीकरण को लेकर भी निर्देशित किया। इससे पहले मुख्यमंत्री ने कलेक्ट्रेट परिसर में चन्दन का पौधा भी लगाया।

मुख्यमंत्री ने अपराध और भ्रष्टाचार के प्रति जीरो टालरेंस की नीति अपनाने पर जोर दिया। कहा अपराध पर पूर्ण लगाम लगाया जाए। ऐसे अराजकतत्वों, जिनसे समाज में भय उत्पन्न होने की संभावना हो, उनको चिन्हित कर जेल भेजा जाए। अपराधियों में भय तथा भयमुक्त समाज की स्थापना हमारा संकल्प है। उन्होंने कहा कि जो पेशेवर पशु, वन, खनन और भूमाफिया है, उनपर प्रभावी कार्रवाई होनी चाहिए। ट्रैफिक की स्थिति ठीक रहे इसके लिए अतिरिक्त पुलिस बल लगाया जाए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि 13 जनवरी 2025 से 26 फरवरी 2025 तक महाकुम्भ का आयोजन प्रयागराज में हो रहा है। धर्मनगरी चित्रकूट में भी काफी श्रद्धालु आएंगे। उनको अच्छी सुरक्षा मिलनी चाहिए और श्रद्धालु जनपद के बारे में अच्छी धारणा ले कर जाएं इस पर सभी अधिकारी कार्य करें। महाकुम्भ की तैयारी चल रही है, ट्रैफिक के लिए पुलिस प्रशासन कार्य कर रहा है, किसी प्रकार की घटना नहीं होनी चाहिए। धार्मिक स्थलों की स्वच्छता और सौंदर्यीकरण के कार्य को सुनिश्चित किया जाए। मठ मंदिरों के साधु संतो को कोई असुविधा नहीं होना चाहिए तथा आश्रमों में जो 70 वर्ष के ऊपर के साधु संत निवास कर रहे हैं उनके लिए मुख्य चिकित्साधिकारी अभियान चलाकर आयुष्मान कार्ड बनवाएं। उन्होंने जल जीवन मिशन के अन्तर्गत हर घर नल योजना पर जिलाधिकारी से कहा कि प्रत्येक ग्राम पंचायत में प्लम्बर की तैनाती संचालन हेतु अवश्य की जाए। जल जीवन मिशन के अन्तर्गत जो सड़कें तोड़ी गयी हैं अवशेष बचे सड़कों को मरम्मत करायें, यह कार्य जनवरी 2025 तक प्रत्येक दशा में पूर्ण हो जाए। पशु पालन विभाग की समीक्षा करते हुए सीएम योगी ने मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को निर्देश दिये कि गोवंशों को सूखा भूसा न खिलाकर हरा चारा व चोकर की व्यवस्था की जाए, किसी भी ग्राम पंचायत का भुगतान अवशेष नहीं रहना चाहिए। नियमित रूप से गौशालाओं का निरीक्षण किया जाए। गोवंशो के लिए ठण्ड से बचाव के उपाय होना चाहिए।

## सभी बच्चों को यूनीफार्म, मोजा, जूता स्वेटर समय पर मिल जाए

मुख्यमंत्री ने जिला बेसिक शिक्षाधिकारी से कहा कि आपरेशन काया कल्प के अन्तर्गत सभी विद्यालयों में शौचालय की व्यवस्था रहे। जिलाधिकारी से कहा कि समय सीमा के अन्दर सभी बच्चों को यूनीफार्म, मोजा, जूता स्वेटर मिल जाए इसकी जिम्मेदारी प्रधानाचार्य व शिक्षकों को दी जाए। जिला विद्यालय निरीक्षक से कहा कि जो विद्यालयों के भवन निर्माण के कार्य अधूरे हैं, उन कार्यों की रिर्पोट बनाकर जिलाधिकारी के माध्यम से प्रस्तुत करें कि सम्बन्धित कार्यदायी संस्थाओं द्वारा रिवाईज स्टीमेट क्यों बनाया गया है, ताकि उनके खिलाफ कार्रवाई की जा सके।

## मुआवजे की धनराशि तत्काल मुहैया कराई जाए

सीएम ने जिलाधिकारी से कहा कि बुन्देलखण्ड लिंक एक्सप्रेसवे, डिफेंस कारीडोर, राम वनगमन मार्ग, औद्योगिक कॉरीडोर परियोजना के लिए जो भूमि का अधिग्रहण किया जाना है, उसको तत्काल पूरा कराया जाए तथा जो धनराशि मुआवजा की अभी तक नहीं मिली है उसके लिए यूपीसीडा से पत्राचार करें तथा उसकी एक कॉपी मुख्यमंत्री कार्यालय को भी भेजी जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि चित्रकूट क्षेत्र में जहां लिंक एक्सप्रेसवे जुड़ रहा है वहां पर निवेश के लिए होटल आदि प्रस्ताव के लिए लैण्डमैप बनाया जाए। विद्युत आपूर्ति सही रहे किसी तथा उपभोक्ता को गलत रीडिंग का बिल न भेजा जाए। जनपद में विद्युत की समस्या नहीं होनी चाहिए।

# संभल में पोस्टर जारी होते ही 11 और उपद्रवियों की पहचान उजागर

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**



**कार्रवाई जारी**

सीएम योगी ने संभल बवाल के आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। पुलिस अब तक 21 उपद्रवियों को गिरफ्तार कर चुकी है। बुधवार को उनकी पहचान सार्वजनिक कर पुलिस ने उनकी फोटो और नाम जारी कर दिए। सभी के खिलाफ बीएनएस, शस्त्र अधिनियम, सीएल एक्ट, आर्म्सएक्ट, सीएलए, सार्वजनिक संपत्ति नुकसान निवारण अधिनियम आदि के तहत गंभीर धाराएं लगाई गई हैं। पुलिस सभी आरोपियों को कोर्ट में पेश कर जेल भेज चुकी है।

कार्रवाई लगातार जारी है। पुलिस ने बवाल करने वाले ढाई सौ से अधिक उपद्रवियों के पोस्टर सीसीटीवी फुटेज और वीडियो के आधार पर जारी किए हैं। पोस्टर जारी होते ही 11 और उपद्रवियों की पहचान हो गई। शहर में जनजीवन धीरे-धीरे सामान्य होने लगा है लेकिन प्रशासन ने एहतियातन इंटरनेट सेवाएं अभी 48 घंटे और बंद रखने का निर्णय लिया है। संभल के पत्थरबाजों और उपद्रवियों के पोस्टर सार्वजनिक स्थानों पर पोस्टर लगेंगे। साथ ही इनसे नुकसान की वसूली भी होगी। जो उपद्रवी लोग पकड़ में नहीं आएंगे उनके ऊपर इनाम भी घोषित हो सकता है। कुल मिलाकर संभल के गुनहगार किसी भी सूरत में बच के नहीं जा पाएंगे। गौरतलब हो कि यूपी सरकार पहले ही उपद्रवियों अपराधियों के खिलाफ नुकसान की वसूली और पोस्टर का अध्यादेश जारी कर चुकी है।

## संक्षिप्त समाचार

### पीएम मोदी को जान से मारने की धमकी, महिला हिरासत में

**मुंबई।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को जान से मारने की धमकी देने वाली महिला को मुंबई पुलिस की टीम ने हिरासत में लिया है।आरोपित महिला से पूछताछ चल रही है। मुंबई पुलिस ने इस धमकी भरे कॉल की जानकारी प्रधानमंत्री कार्यालय को भी दी है। पुलिस सूत्रों ने गुरुवार को बताया कि मुंबई पुलिस सेंट्रल कंट्रोल रूम में एक महिला कॉलर ने फोन कर कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को मारने की योजना बनाई गई है। इसके बाद महिला कॉलर ने फोन कट कर दिया था। इस कॉल की जांच की गई और इस सिलसिले में एक महिला शीतल चव्हाण को हिरासत में लिया गया है। पुलिस महिला से पूछताछ कर धमकी भरे कॉल की सच्चाई जानने का प्रयास कर रही है।

### दस डिप्टी एसपी के तबादले, इंस्पेक्टर से सीओ बने अफसरों को भी मिली नई तैनाती

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश डीजीपी मुख्यालय ने दस पुलिस उपाधीक्षकों (डिप्टी एसपी) के तबादले किए हैं। साथ ही 21 इंस्पेक्टर से सीओ बने अफसरों को भी नई तैनाती मिली है। आदेश के मुताबिक बिजनौर में सीओ संजय तलवार को खाद्य प्रकोष्ठ मुख्यालय भेजा गया है।

### दिल्ली के प्रशांत विहार में विस्फोट, युवक घायल

**नई दिल्ली।** दिल्ली में रोहिणी के प्रशांत विहार इलाके में गुरुवार को एक विस्फोट हुआ, जिसमें एक युवक घायल हो गया। विस्फोट की सूचना मिलते ही पुलिस और अग्निशमन विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंच गये। अभी तक यह पता नहीं चल सका है कि धमाका कैसे और किसकी वजह से हुआ है। दिल्ली अग्निशमन सेवा ने कहा, गुरुवार पूर्वाह्न 11:48 बजे प्रशांत विहार इलाके से धमाके की सूचना मिली। सूचना मिलने के बाद दमकल गाड़ियां मौके पर पहुंच गई हैं। इलाके की पूरी घेराबंदी कर ली गयी है। इस विस्फोट में एक युवक घायल हो गया, जिसे अंबेडकर अस्पताल में भर्ती कराया गया। उसकी हालत स्थिर बतायी जा रही है।

### सुप्रीम कोर्ट ने स्वर्ण पदक विजेता पूजा को नौकरी देने का दिया निर्देश

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने एशियाई खेलों की स्वर्ण पदक विजेता पूजा ठाकुर को खेल कोटे के तहत नियुक्ति देने से इनकार करने पर हिमाचल प्रदेश सरकार को गुरुवार को फटकार लगाई और नौकरी देने का निर्देश दिया। न्यायमूर्ति अभय एस ओका और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने कबड्डी खिलाड़ी पूजा ठाकुर की नौकरी के संबंध में याचिका पर सुनवाई करते हुए हिमाचल सरकार के वकील से कहा कि आपके मुख्यमंत्री को व्यावहारिक दृष्टिकोण अपनाना चाहिए था और युवा खिलाड़ी को नौकरी देनी चाहिए थी। पूजा ने नवंबर 2014 में एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीता था।

# हेमंत सोरेन ने पद व गोपनीयता की ली शपथ

**हर्ष**

- झारखंड के चौथी बार मुख्यमंत्री बनने वाले पहले राजनेता बने हेमंत



**एजेंसी, रांची।**

झारखंड में राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने रांची के मोरहाबादी मैदान में आयोजित एक भव्य कार्यक्रम में गुरुवार शाम चार बजे हेमंत सोरेन को मुख्यमंत्री के पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई।

हेमंत सोरेन राज्य के 14वें मुख्यमंत्री के रूप में पद और गोपनीयता की शपथ ली। झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के 49 वर्षीय नेता का मुख्यमंत्री के रूप में यह चौथा कार्यकाल होगा।

श्री सोरेन ने झारखंड के सीएम के तौर पर चौथी बार शपथ ली। इसके साथ ही वह झारखंड के राजनीतिक इतिहास में उनके नाम कई रिकॉर्ड दर्ज हो गया। वो राज्य के 24 वर्षों के अब तक के इतिहास में चार बार सीएम पद की शपथ लेने वाले पहले राजनेता बन गए। इसके पहले उनके पिता शिबू सोरेन और भारतीय जनता पार्टी के अर्जुन मुंडा तीन-तीन बार सीएम की कुर्सी पर बैठ चुके हैं। हेमंत सोरेन ने पहली बार 13 जुलाई 2013 को झामुमो, कांग्रेस, राजद गठबंधन के सहयोग से बनी सरकार में सीएम पद की शपथ ली थी। इस सरकार का कार्यकाल 23 दिसम्बर 2014 तक था। दूसरी बार उन्होंने 29 दिसम्बर 2019 को शपथ ली थी। 31 जनवरी 2024 को ईडी द्वारा गिरफ्तार किए जाने के बाद उन्हें सीएम पद से इस्तीफा देना पड़ा था। जमानत पर बाहर आने के बाद 4 जुलाई 2024 को उन्होंने तीसरी बार सीएम पद की शपथ ली थी। हेमंत सोरेन का नाम झारखंड के ऐसे पहले सीएम के तौर पर दर्ज हो रहा है, जिन्होंने लगातार दूसरी बार सरकार में वापसी की है।

## इंडिया ब्लॉक के शीर्ष नेता रहे मौजूद

शपथ ग्रहण समारोह में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, लोकसभा के नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, पूर्व मुख्यमंत्री शिबू सोरेन और उनकी पत्नी रूपी सोरेन, बिहार के पूर्व उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव, पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी, दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान, यूपी के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव, कर्नाटक के उप मुख्यमंत्री डी के शिवाकुमार, तमिलनाडू के उप मुख्यमंत्री उदय स्टालिन, मासस के महासचिव दीपांकर भट्टाचार्य, कांग्रेस के झारखंड प्रभारी गुलाम अहमद मीर, सांसद पप्पू यादव ,संजय सिंह, कल्पना सोरेन विधानसभा के अध्यक्ष रविंद्र नाथ महतो और गौरव चड्ढा के अलावा कई अन्य महत्वपूर्ण नेता मौजूद थे।

# बंगाल की खाड़ी में 3,500 किमी. की मारक क्षमता वाली मिसाइल का परीक्षण कामयाब

**एजेंसी, नई दिल्ली।**



**उपलब्धि**

- नौसेना ने पनडुब्बी अरिघाट से परमाणु मिसाइल के-4 दागकर दिखाई समुद्री ताकत

भारत ने नौसेना में शामिल की गई परमाणु पनडुब्बी अरिघाट से परमाणु मिसाइल के-4 दागकर सफल परीक्षण पूरा कर लिया है। पनडुब्बी-लॉन्च बैलिस्टिक मिसाइल (एसएलबीएम) का यह परीक्षण विशाखापट्टनम के पास बंगाल की खाड़ी में किया गया। हाल ही में कमीशन की गई आईएनएस अरिघाट से 3,500 किलोमीटर की मारक क्षमता वाली परमाणु सक्षम मिसाइल के-4 का परीक्षण भारतीय नौसेना की प्रतिरोधक क्षमताओं का महत्वपूर्ण विकास दर्शाता है।

परमाणु ऊर्जा से चलने वाली बैलिस्टिक मिसाइल पनडुब्बी आईएनएस अरिघाट 29 अगस्त को भारतीय नौसेना के बेड़े में शामिल की गई थी। हिंद महासागर क्षेत्र में चीन के तेजी से बढ़ते कदमों के बीच परमाणु मिसाइलों से लैस पनडुब्बी मिलने से नौसेना की समुद्री सामरिक क्षमता मजबूत हुई है। साथ ही भारत को पानी के युद्ध में और अधिक मिसाइलें ले जाने की क्षमता मिल गई है। इसी ताकत को परखने के लिए भारत ने 6,000 टन की पनडुब्बी अरिघाट से अपनी परमाणु सक्षम के-4 पनडुब्बी लॉन्च बैलिस्टिक मिसाइल का सफल परीक्षण किया है। हालांकि, इस परीक्षण की कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है लेकिन रक्षा सूत्रों ने गुरुवार को बताया कि विशाखापट्टनम के तट पर बंगाल की खाड़ी में बुधवार को सुबह अभ्यास के हिस्से के रूप में के-4 मिसाइल को लॉन्च किया गया। ठोस ईंधन से संचालित के-4 मिसाइल की मारक क्षमता 3,500 किलोमीटर है।

# लश्कर-ए-तैयबा आतंकी सलमान खान प्रत्यर्पित कर लाया गया भारत

**एजेंसी, नई दिल्ली।**



लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) के एक प्रमुख भगोड़े आतंकी सलमान रहमान खान को राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) सीबीआई के साथ समन्वय करते हुए गुरुवार को रवांडा से प्रत्यर्पित कर भारत ले आई।

एनआईए के मुताबिक सलमान को 27 नवंबर को रवांडा जांच ब्यूरो (आरआईबी), इंटरपोल और एनसीबी की सहायता से एनआईए ने हिरासत में लिया और गुरुवार सुबह भारत लाया गया। बेंगलुरु की एनआईए स्पेशल कोर्ट ने उनके खिलाफ गिरफ्तारी का गैर-जमानती वारंट जारी किया था। इंटरपोल के रेड नोटिस के बाद सलमान को किगाली, रवांडा में अधिकारियों ने पकड़ा था।

एनआईए जांच से पता चला था कि सलमान पहले पोक्सो मामले में (2018-2022) जेल में बंद रहा। यहां आतंकी मामले में आजीवन कारावास की सजा पाए टी. नसीर ने उसे कट्टरपंथी बनने और भर्ती होने के प्रेरित किया। इसके बाद उसने अन्य आतंकियों के लिए विस्फोटक जुटाने और वितरण करने में मदद की।

# मिसेज इंडिया ग्लोब 2024 का ताज पहनना व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं : अनुराधा गर्ग

**एजेंसी, नई दिल्ली।**



मिसेज इंडिया ग्लोब 2024 अनुराधा गर्ग ने कहा कि मिसेज़ इंडिया का खिताब सिर्फ़ एक व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं है, बल्कि यह महिला सशक्तिकरण की वकालत करने और दूसरों को अपने सपनों को साकार करने के लिए प्रेरित करने का एक मंच है। अनुराधा गर्ग के मिसेज़ इंडिया 2024 का ताज पहनने के बाद घर वापसी समारोह एक भव्य स्वागत के साथ मनाया जा रहा है। इस समारोह में उनकी प्रतिष्ठित खिताब तक पहुंचने की उनकी अविश्वसनीय यात्रा का सम्मान किया जाएगा। यह कार्यक्रम अनुराधा के जीवन में महत्वपूर्ण है। यह कार्यक्रम सुंदरता और शालीनता के प्रतीक के रूप में ही नहीं बल्कि महिला सशक्तिकरण और सामुदायिक सेवा के रूप में देखी जा रही है।

# संभल में शाही जामा मस्जिद के सर्वे के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट पहुंची मस्जिद कमेटी

**संभल, एजेंसी।**




संभल में शाही जामा मस्जिद के सर्वे के खिलाफ मस्जिद कमेटी ने सुप्रीम कोर्ट का रुख किया है। मस्जिद कमेटी की मांग पर आज सुप्रीम कोर्ट में चीफ जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस संजीव कुमार की बेंच सुनवाई करेगी।

मस्जिद कमेटी ने अपनी याचिका में कहा, 19 नवंबर को मस्जिद के हरिहर मंदिर होने का दावा करने वाली याचिका संभल कोर्ट में दाखिल हुई। उसी दिन सिविल जज, सीनियर डिवीजन ने मामले को सुना और बिना मस्जिद कमेटी का पक्ष सुने सर्वे के लिए एडवोकेट कमिश्नर नियुक्त कर दिया। एडवोकेट कमिश्नर सर्वे के लिए 19 नवंबर की शाम पहुंच भी गए। 24 नवंबर को फिर सर्वे हुआ। जिस तेजी से सारी चीजें हुईं, उससे लोगों में शक फैल गया और वे अपने घर से बाहर निकल आए। भीड़ के उग्र हो जाने के बाद पुलिस फायरिंग हुई और 6 लोगों की मौत हो गई।

याचिका में दावा किया गया है कि शाही जामा मस्जिद 16वीं सदी से वहां है। इतनी पुरानी धार्मिक इमारत के सर्वे का आदेश प्लेसेस ऑफ वर्शिप एक्ट और प्राचीन स्मारक और पुरातत्व स्थल कानून के खिलाफ है। अगर यह सर्वे जरूरी भी था, तो यह एक ही दिन में बिना दूसरे पक्ष को सुने नहीं दिया जाना चाहिए था। मस्जिद कमिटी ने मांग की है कि सुप्रीम कोर्ट संभल के सिविल जज के आदेश पर रोक लगा दे। सर्वे रिपोर्ट को फिलहाल सीलबंद लिफाफे में रखा जाए। याचिका में मांग की गई है कि सुप्रीम कोर्ट यह आदेश भी दे कि इस तरह के धार्मिक विवादों में बिना दूसरे पक्ष को सुने सर्वे का आदेश न दिया जाए।

# प्रियंका और चव्हाण ने लोकसभा सदस्य के रूप में ली शपथ



**एजेंसी, नई दिल्ली।** केरल के वायनाड संसदीय क्षेत्र से उपचुनाव जीतीं कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने गुरुवार को लोकसभा सदस्य के तौर पर शपथ ग्रहण की। शपथ लेने के बाद प्रियंका गांधी को राहुल गांधी ने गले लगाया। लोकसभा की कार्यवाही शुरू होते प्रियंका गांधी और नांदेड़ से चुनकर आए रवींद्र चव्हाण ने शपथ ली। प्रियंका ने हिंदी और रविंद्र ने मराठी में शपथ ली। दोनों के शपथ लेने के बाद प्रश्नकाल शुरू होते ही विपक्ष ने संभल और अडाणी के मुद्दे पर हंगामा करना शुरू कर दिया। इसके बाद सदन की कार्यवाही को अपराह्न 12:00 बजे तक के लिए स्थगित कर दिया गया।

# मोदी के तीसरे कार्यकाल में 60 हजार से अधिक सरकारी नौकरी के नियुक्ति पत्र जारी : मांडविया

**एजेंसी, नई दिल्ली।**



केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्री मनसुख मांडविया ने कांग्रेस के बेकाबू बेरोजगारी के आरोप को खारिज करते हुए गुरुवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के तीसरे कार्यकाल में अभी तक 60 हजार से अधिक युवाओं को सरकारी नौकरी के नियुक्ति पत्र जारी किये जा चुके हैं।

श्री मांडविया ने यहां संवाददाताओं से कहा कि मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल में रोजगार के नये अवसर सृजित करने पर विशेष बल दिया जा रहा है। सरकार के गठन के बाद से नवंबर के पहले सप्ताह तक 60 हजार से अधिक युवाओं को सरकारी नौकरी मिली है। युवाओं को ये नौकरियां केंद्रीय मंत्रालयों और विभागों में उपलब्ध करायी गयी हैं। उन्होंने कहा कि कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) और कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) में सरकारी नौकरियों की नियुक्तियों 4300 युवाओं पर भर्ती किया गया है। इसके अलावा 5000 से अधिक रिक्तियों पर भर्ती प्रक्रिया चल रही है।

उन्होंने विभिन्न आंकड़ों और अध्ययनों के हवाले से कहा कि सरकार बुनियादी ढ़ांचा क्षेत्र में भारी निवेश कर रही है जिससे रोजगार के अवसर पैदा हो रहे हैं। उन्होंने एक अध्ययन के हवाले से कहा कि बुनियादी ढ़ांचा क्षेत्र में एक करोड़ रुपए का निवेश होने से लगभग छह लोगों को रोजगार के अवसर मिलते हैं। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि वित्त वर्ष 2024-25 के आम बजट में रोजगार सृजन के लिए दो लाख करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। रोजगार से जुड़ी प्रोत्साहन (ईएलआई) योजना के अंतर्गत 3.39 करोड़ लोग लाभार्थी हैं। सरकार के भविष्य की रोजगार आवश्यकताओं को देखते हुए एक करोड़ युवाओं को शीर्ष कंपनियों में इंटर्नशिप देने का प्रावधान किया। इनको युवाओं को भत्ते और एकमुश्त सहायता देने का प्रावधान किया गया है।

# सुप्रीम कोर्ट ने डीजीपी को लगायी फटकार कहा यू.पी. पुलिस कर रही मनमानी

- अनुराग दुबे उर्फ डब्बन के मामले में कोर्ट हुआ सख्त
- याचिकाकर्ता को छूआ तो ऐसा आदेश देंगे, जीवन भर याद रखेंगे

**नई दिल्ली/फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

माफिया अनुपम दुबे के फरार चल रहे भाई अनुराग दुबे उर्फ डब्बन को सुप्रीम कोर्ट ने गिरफ्तारी पर अंतरिम राहत दी थी। इसके बाद भी पुलिस ने अभियुक्त के खिलाफ एक नया मुकदमा दर्ज कर लिया था। जिससे अभियुक्त पुराने मामलों की जांच में सहयोग नहीं कर पा रहा था। जिस पर सुप्रीम कोर्ट ने यू.पी. पुलिस के रवैये पर कड़ी नाराजगी जतायी है।

जस्टिस सूर्यकांत और उज्ज्वल भुइयां की बेंच ने सुनवाई के दौरान कहा कि यू0पी0 पुलिस ताकत का आनंद ले रही है। उसे संवेदनशील बनने की जरूरत है। अधिकारी यह समझ नहीं रहे हैं कि वह एक खतरनाक क्षेत्र में दाखिल हो रहे हैं। याचिकाकर्ता पर एक के बाद एक मामले दर्ज किए जा रहे हैं। एक मामले में तो रजिस्ट्री के जरिए खरीद के बावजूद जमीन पर कब्जे का केस बना दिया गया है। बताते चलें कि अनुराग दुबे उर्फ डब्बन ने मारपीट, धमकी और संपत्ति में अवैध तरीके से घुसने के एक मामले को रद्द करवाने के लिए सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल की थी। कोर्ट ने केस रद्द नहीं किया था, लेकिन यह कहा था कि फिलहाल उसकी गिरफ्तारी न हो।



कोर्ट ने यूपी सरकार को नोटिस जारी करते हुए कहा था कि वह याचिकाकर्ता को अग्रिम जमानत देने पर विचार करेगा। सुप्रीम कोर्ट ने यह भी कहा था कि जांच अधिकारी अभियुक्त डब्बन को फोन पर जांच के लिए पेश होने का नोटिस भेज सकते हैं। नोटिस मिलने पर वह जांच में सहयोग के लिए पेश हो। गुरुवार को सुनवाई के दौरान कोर्ट ने पाया कि याचिकाकर्ता पर अभी भी गिरफ्तारी का खतरा है। इसलिए वह पेश नहीं हो पा रहा है। दो जजों की बेंच ने इस पर गहरी नाराजगी जताते हुए यूपी सरकार के लिए पेश वरिष्ठ वकील राना मुखर्जी से कहा आप अपने डीजीपी को बता दीजिए कि अगर याचिकाकर्ता को छुआ गया, तो ऐसा आदेश देंगे कि वह जीवन भर याद रखेंगे। यह नहीं चल सकता कि आप हर बार याचिकाकर्ता पर नया केस फाइल कर दें। हमने उसे अंतरिम राहत देते हुए जांच में सहयोग के लिए कहा है।

## फतेहगढ़ पुलिस 82 का नोटिस कर चुकी है चस्पा

**फर्रुखाबाद।** बीते दिन फतेहगढ़ कोतवाली पुलिस ने फरार चल रहे अनुराग दुबे कोतवाली फतेहगढ़ के मोहल्ला कसरट्टा निवास पर धारा 82 का नोटिस चस्पा किया था। पुलिस द्वारा अनुराग दुबे उर्फ डब्बन पर ईनाम भी घोषित किया गया है।

# पलिया नगर के विभिन्न स्थानों पर संचालित मांस की दुकानों को बंद करने की मांग

- मानकों को दरकिनार कर खोली गई मांस की दुकानों को लेकर हिंदू संगठनों के कार्यकर्ताओं में रोष
- मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन उप जिलाधिकारी पलिया की अनुपस्थिति में नायब तहसीलदार को सौंपा

**पलिया कलां खीरी, समृद्धि न्यूज़।**



जनपद लखीमपुर खीरी के पलिया नगर के कई सोशल मीडिया हैंडल से एक न्यूज़ प्रकाश में आई थी कि पलिया नगर के मोहल्ला इकराम नगर की एक समुदाय विशेष की महिला सभासद रुखसाना ने बीफ बेचने का लाइसेंस लेकर दुकान खोली है और उसमें लगभग ढाई कुंतल गौमांस को बेचा गया है, उसके बाद विभिन्न सोशल मीडिया हैंडल से इस महिला सभासद का एक वीडियो वायरल हुआ जिसमें महिला स्वतः बोल रही थी कि मैंने बीफ बेचने का लाइसेंस बनवाया है और मै बीफ बेच रही थी,इस खबर के वायरल होते ही तमाम हिंदू संगठन के कार्यकर्ताओं में रोष व्याप्त हो गया, इसी के संबंध में हिंदू संगठन के तमाम कार्यकर्ताओं ने अपनी प्रमुख मांगों को लेकर मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी की अनुपस्थिति में नायब तहसीलदार पलिया को सौंपा, जिसमें बीफ का लाइसेंस जारी करने करने वाले अधिकारियों तथा उसमें सहयोग करने वालों के खिलाफ विधिक कार्रवाई करने की मांग की गई तथा पलिया नगर के विभिन्न मोहल्ले में भी मानकों को दरकिनार कर खुले में मांस की व अवैध बिरयानी की दुकानों की भी जांच कर आवश्यक कार्रवाई किये जाने की मांग की गई है,आपको बता दें कि हाल ही में उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने भी पत्रकारों से वार्ता में बताया था कि प्रदेश में ना तो बीफ का लाइसेंस बना है और ना ही बनने दिया जाएगा यह गौरक्षको की सरकार है अगर ऐसा कुछ भी मामला संज्ञान में आता है तो उसकी जांच की जाएगी और दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। ज्ञापन देने के दौरान गौ रक्षक चिंटू पुरी,सक्षम शुक्ला, आलोक गुप्ता, प्रहलाद, दुलारे, उमेश गुप्ता, निहाल कुमार, रमेश कुमार, बलराम, सर्वेश कुमार सहित तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# पहले दिन तीन नामांकन पत्रों की हुई बिक्री

- नामांकन के पहले दिन किसी भी प्रत्याशी ने नहीं कराया नामांकन, चुनाव को लेकर शहर में बढ़ीं सरगर्मियां

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज़।**



नगर पालिका परिषद पलिया अध्यक्ष पद के उपचुनाव की नामांकन प्रक्रिया गुरुवार से शुरू हो गई। नामांकन के पहले दिन तीन पर्चे बिके पर किसी ने नामांकन नही कराया है। तहसील परिसर में बने नामांकन कक्ष में अधिकारी व कर्मचारी बैठे रहे पर किसी प्रत्याशी ने नामांकन नहीं कराया।

गुरुवार को पहले दिन तीन लोगों ने नामांकन पत्र खरीदा। पर्चे खरीदने वालों में भाजपा की महिला नेत्री कुन्ता अग्रवाल, कांग्रेसी कार्यकर्ता अलीजान व दिनेश यादव शामिल है। तहसीलदार आरती यादव ने बताया कि पालिका उपचुनाव में नामांकन के पहले दिन किसी ने नामांकन नही कराया है, जिन तीन लोगों ने पर्चे खरीदे है उन्होंने भी आज दाखिल नही किये हैं। बता दें कि पालिकाध्यक्ष केबी गुप्ता का 29 अक्टूबर को असामयिक निधन हो गया था। उनके निधन के बाद रिक्त हुई पालिकाध्यक्ष की सीट पर उपचुनाव की प्रक्रिया शुरू हो गई है और आज नामांकन का पहला दिन था। 17 दिसम्बर को मतदान व 19 को मतगणना होनी है।

## रामलीला में लक्ष्मण शक्ति की लीला का हुआ मंचन

**उचौलिया खीरी, समृद्धि न्यूज़।**

उचौलिया शिव मंदिर रामलीला मैदान में चल रही रामलीला में लक्ष्मण शक्ति लीला का मंचन किया गया। लीला में भगवान राम, सुग्रीव, जामवंत के साथ बैठकर मंत्रणा करते हैं। इसके बाद वानर सेना को लंका पर चढ़ाई करने का आदेश देते हैं। रावण के दूतों ने जानकारी दी कि वानर सेना लंका के द्वार पर आ गई है। तब रावण ने अपने पुत्र मेघनाद से अपनी सेना के साथ आक्रमण करने का आदेश दिया। राक्षस सेना को आता देख रामदल में हलचल मच गई। मेघनाथ वानरों को मारते हुए आगे बढ़ रहा था। राम के आदेश पर लक्ष्मण ने मेघनाथ के साथ किया युद्ध। यह देख राम का आदेश पाकर लक्ष्मण युद्ध करने पहुंचे। मेघनाद और लक्ष्मण में भीषण युद्ध हुआ। जब मेघनाथ के सारे अस्त्र असफल हो गए तो उसने अमोघ शक्ति लक्ष्मण के ऊपर छोड़ दी। शक्ति के लगते ही लक्ष्मण मूर्च्छित होकर गिर पड़े। यह देख हनुमान जी लक्ष्मण को लेकर रामदल में पहुंचे। लक्ष्मण को मूर्च्छित देख भगवान राम विलाप करने लगे। तब विभीषण ने उन्हें बताया कि मेघनाथ ने शक्ति बाण का प्रयोग किया है। इसका उपचार लंका में रहने वाले सुषैन वैद्य ही कर सकते हैं। हनुमान जी सुषैन वैद्य की सलाह पर द्रोण पर्वत से संजीवनी बूटी लेकर आए और लक्ष्मण की मूर्छा दूर हुई।

## बेलरायां से बेलापरसुवा जाने वाला मार्ग जर्जर होकर गड्ढे में तब्दील

**बेलरायां खीरी, समृद्धि न्यूज़।**



लखीमपुर खीरी के बेलरायां से बेलापरसुवा जाने वाला मार्ग इन दिनों जर्जर होकर गड्ढे में तब्दील हो गया। सड़क जर्जर होने से राहगीरों सहित स्कूल आने वाले छात्रों को भी दिक्कतें होती हैं साथ बार्डर पर तैनात आधा दर्जन एसएसबी कंपनियां इन्ही रास्तो से होकर जाती है जिससे आधा घंटा रास्ते के जगह पर घंटों लग जाता है। बेलरायां कस्बे के व्यापारियों चंद्रमोहन, सतीश अग्रवाल, कपिल वर्मा, गुडडन अग्रवाल उदय वर्मा ने बताया कि जब इस सड़क के गड्ढे पीडब्ल्यूडी द्वारा भरे जाते है, ठेकेदार द्वारा सामग्री घटिया सामग्री लगाए जाने से सड़क चंद दिनों में ही फिर से जर्जर होकर गड्ढे में तब्दील हो जाती है जिससे इस पर चलने वाले राहगीरों को बहुत परेशानी होती है। आये दिन कोई न कोई वाहन खराब रास्तो की वजह से खराब होते रहते है। अभी चीनी मिल चलने की वजह से भी अधिकतर किसानों को दिक्कत होती है किसी किसान का डनलप टूटता है और किसी का ट्रॉली एक्सेल टूटता है लेकिन पीडब्ल्यूडी अधिकारियों की लापरवाही से हमेशा राहगीरों को परेशानी उठानी पड़ती है।

## बीश पैक्स मुगलीपुर में वार्षिक निकाय की बैठक आयोजित

**मितौली खीरी, समृद्धि न्यूज़।**



नीमगांव थाना क्षेत्र के गुलौला में स्थित बहु बहुद्देशीय प्राथमिक ग्रामीण सहकारी समिति बीश पैक्स मुगलीपुर पर में गुरुवार को वार्षिक सामान्य निकाय की बैठक का आयोजन किया गया। साधन सहकारी समिति से संबंधित किसानों को जानकारियां दी गई। साधन सहकारी समिति के सचिव निमिष कुमार व समिति अध्यक्ष रवि तिवारी के द्वारा कास्तकारों के सम्मुख संतुलन पत्र 2023 व 2024 का ब्योरा दिया एवं वार्षिक लाभ सदस्यता अभियान व्यवसाय वृद्धि एवं कास्तकारों को फसली कर्ज बकाया भुगतान समय से करने संबंधी जानकारी दी। उर्वरक व्यवसाय को गत वर्ष में बढ़ोतरी के लिए शामिल किया गया। बैठक के मुख्य अतिथि बेहजम ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि राम शंकर राज ने कास्तकारों को संबोधित करते हुए कृषक बीमा कर्ज सहित अन्य विस्तार से जानकारियां दीं। अध्यक्षता सहकारी समिति मुगलीपुर के अध्यक्ष रवि तिवारी ने की, जबकि संचालन अतुल मिश्रा ने किया। किसानों को संबोधित करते किसान नेता श्यामू शुक्ला ने डीएपी/एनपीके खाद की किल्लत को लेकर सूबे की मौजूदा सरकार पर निशाना साधा कहा अच्छे दिनों की बात करते थे देश के पीएम मोदी आज किसान को खाद मुहैया नहीं करा पा रही हैं सरकार, वही समित अध्यक्ष रवि तिवारी ने समित के सदस्यों व किसानों, पत्रकारों को फूलमालाओं समेत स्मृति चिन्ह भेंटकर अंग वस्त्र से सम्मानित किया इस मौके पर, पूर्व ब्लॉक प्रमुख अनिल वर्मा, सहकारिता मंत्री देवेश सिंह, समित संचालक पृथ्वीपाल गौतम, अतुल मिश्रा, सर्वेश शुक्ला, हेमनाथ, अरविंद मिश्रा, सत्यप्रकाश, बृज किशोर प्रधान गुलौला समेत दर्जनों काश्तकार उपस्थित रहे।

## गन्ना मूल्य उपज के अनुरूप न बढ़ने से किसान परेशान, सरकार से विचार की अपील की

**गोला गोकर्णनाथ, (लखीमपुर), समृद्धि न्यूज़।**

पंजाब सरकार द्वारा वर्तमान सत्र का गन्ना मूल्य 401 रुपए प्रति क्विंटल घोषित किया गया है। पंजाब की चीनी मिलों को कोई घाटा नहीं है और समय से भुगतान भी हो रहा है। जबकि उत्तर प्रदेश के चीनी मिलें घाटे में है। ऐसा कैसे हो रहा है। उक्त बात राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन के जिला अध्यक्ष अंजनी दीक्षित ने कही।

उन्होने कहा कि देश के किसानों के साथ सौतेला व्यवहार क्यों हो रहा है। गन्ना लागत बेतहाशा बढ़ गई है, सिर्फ मजदूरों द्वारा गन्ना छिलाई के लिए प्रदेश में 20रुपये प्रति कुंतल बढ़ोतरी हो गई है। किसानों को गन्ना छिलाई के लिए मजदूर नहीं मिल पा रहे हैं। ऐसे मौके पर गन्ना मंत्री का मामूली गन्ना

- मिलों को कम आपूर्ति का संकट

बढ़ोतरी का बयान गन्ना किसानों के लिए झटके से कम नहीं है। प्रदेश सरकार को गन्ना किसानों की समस्याओं के विषय में गंभीरता से विचार कर निर्णय लेना चाहिए। जबकि मामूली गन्ना मूल्य बढ़ोतरी से चीनी मिल से अधिक महंगा गन्ना क्रेसर व कोल्हू खरीद करते है।

गतवर्ष 400 रुपये प्रति क्विंटल तक गन्ना खरीद की गई, इस कारण चीनी मिलों को कम गन्ना आपूर्ति हुई। यही हालात रहे तो प्रदेश सरकार द्वारा गन्ना मूल्य 400 प्रति क्विंटल से कम घोषित किया गया, तो फरवरी महीने के बाद चीनी मिलों को गन्ना नहीं मिल पाएगा। चीनी मिल मालिकों को भी अपना गन्ना पेराई लक्ष्य पूरा करने के लिए आवश्यक है कि गन्ना मूल्य की बढ़ोतरी की जाए। वर्तमान समय में गन्ना किसान गन्ने की खेती छोड़ रहे हैं। जिससे भविष्य में चीनी मिल ग्रुपों को भी संकट पैदा हो सकता है। प्रदेश सरकार की जिम्मेदारी है कि गन्ना किसानों के हित में काम करे। गन्ना मूल्य की बढ़ोतरी कर नगद भुगतान कराए।

## कागजों पर गड्ढामुक्त सड़क, रोज हिचकोले खा रहे राहगीर

- मुख्यमंत्री का आदेश बेअसर, नहीं भरे गए सड़कों के गड्ढे



**बिजुआ खीरी।** 15 नवंबर तक प्रदेश की सभी सड़क गड्ढा मुक्त करने के सीएम के आदेश से क्षेत्र की सड़कें बेअसर हैं। मुख्यमंत्री के आदेश को दरकिनार करते हुए अधिकारियों और प्रशासन ने क्षेत्र की दर्जनों सड़कों के गड्ढे नहीं भरे। जिससे जर्जर मार्गों पर लोगों को आवागमन में भारी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 31 अक्टूबर तक प्रदेश की सभी सड़कों को गड्ढा मुक्त करने के आदेश दिए थे। समय सीमा निकालने के बाद भी क्षेत्र की दर्जनों सड़कों के गड्ढा मुक्त करने के अभियान पर कोई काम नहीं हुआ। बारिश समाप्त होने के बाद सड़कों की मरम्मत की बारी आती है। बारिश समाप्त हुए दो महीने से अधिक का समय बीत चुका है लेकिन क्षेत्र की दर्जनों सड़कें मरम्मत के अभाव में जर्जर हैं। जिन पर चलने में जरा सी असावधानी वाहन चालकों को मुश्किल में डाल देती है।भले ही कागजों पर गड्ढा मुक्त सड़कों का दावा किया जा रहा हो लेकिन हकीकत इससे एकदम जुदा है। क्षेत्र की सबसे व्यस्ततम अलीगंज बस्तौला सड़क पर कई जगह बड़े-बड़े गड्ढे प्रतिदिन ही राहगीरों को आवागमन में बाधा उत्पन्न करते हैं। ऐसे ही कैला माता मंदिर से वसलीपुर मार्ग,अलीगंज से वसलीपुर तक सड़क खस्ता हाल है जिन पर राहगीर हिचकोले खा रहे हैं। यह सड़कें तो मात्र बानगी भर हैं। ऐसे ही क्षेत्र की दर्जनों सड़कें हैं जिनकी हालत बद से बदतर दिख रही है। जिसे सही करने की जरूरत नहीं समझी जा रही है। जबकि बारिश का सीजन समाप्त हुए दो माह से अधिक खा लिया समय बीत चुका है। लगन बारातों का दौर शुरू हो चुका है। सड़कों के गड्ढा युक्त होने के कारण लोगों को दिक्कत होने के साथ ही सड़कों पर यातायात करते समय दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है।

## पांच दिवसीय विशाल गौ आराधना महोत्सव आयोजित

**मितौली खीरी, समृद्धि न्यूज़।**



तहसील क्षेत्र के अन्तर्गत गत ग्राम पंचायत मदारपुर में गोला कस्ता रोड भारतीय हिन्दू परिषद का द्वतीय स्थापना दिवस एवं राष्ट्रीय अधिवेशन के उपलक्ष में पांच दिवसीय विशाल गौ आराधना महोत्सव संत समागम ज्ञान यज्ञ 26 नवंबर से 30 नवंबर तक संगठन की निजी भूमि पर आयोजित किया रहा है।

अधिवेशन के तीसरे दिन भारतीय हिंदू परिषद के संस्थापक राष्ट्र प्रहरी पवनेश महाराज ने अधिवेशन को संबोधित करते हुए कहा विश्व के पांच देशों व 28 राज्यों में अंतरराष्ट्रीय संगठन कार्यरत है भारतीय हिंदू परिषद के कार्यकर्ताओं को पूरे देश में हिंदुत्व गौ माता, गंगा माता, भारत माता की रक्षा के लिए प्रचार प्रसार करने का आग्रह किया। गौ माता को राष्ट्रीय माता का दर्जा दिए जाने के संबंध में प्रस्ताव पारित तथा सनातन बोर्ड के गठन के लिए विचार विमर्श किया गया राष्ट्रीय अधिवेशन संत प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेश चंद्र अवस्थी ने गौ माता की सेवा और गौ माता की महिमा का बखान किया। उन्होंने सनातन धर्म के प्रचार प्रसार में सभी पदाधिकारी को एकजुट होकर गौ माता की सेवा करने की बात कही।इस अवसर पर अखंड भारत विश्व हिंदू परिषद के समस्त कार्यकर्ता व क्षेत्रवासी, गौ प्रेमी क्षेत्र के सम्मानित नागरिक उपस्थित रहे।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से विक्की सवार अधेड़ की मौत

**शाहजहांपुर।** नेशनल हाईवे पर गुरुवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ, जिसमें अज्ञात वाहन की टक्कर से विक्की सवार अधेड़ व्यक्ति की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम रिपोर्ट के लिए भेज दिया। नेशनल हाईवे ग्राम बतलैया के पास अज्ञात वाहन ने विक्की सवार अधेड़ व्यक्ति को टक्कर मार दी। जिससे अधेड़ व्यक्ति की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस को मृतक व्यक्ति के पास से ड्राइवरी लाइसेंस मिला। जिससे मृतक की पहचान कस्बा तिलहर के मोहल्ला पचासा निवासी जगदीश राठौर पुत्र रामचंद्र 55 वर्ष के रूप में हुई। पुलिस ने मृतक के परिजनों को सूचना दी। सूचना पर पहुंचे परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। हादसे में विक्की भी क्षतिग्रस्त हो गई। बताया जाता है कि मृतक जगदीश राठौर सब्जी की फेरी लगाने का काम करता था। गुरुवार सुबह 7 बजे वह तिलहर से मीरानपुर कटरा सब्जी मंडी से सब्जी खरीदने जा रहा था। तभी ग्राम बतलैया के पास किसी अज्ञात वाहन ने उसकी विक्की में टक्कर मार दी। टक्कर लगने से वह गंभीर रूप से घायल हो गया और कुछ ही देर में उसकी दर्दनाक मौत हो गई। थाना प्रभारी निरीक्षक ओमशंकर शुक्ल ने बताया कि जगदीश राठौर सुबह सब्जी लेने तिलहर से कटरा मंडी जा रहा था नेशनल हाईवे ग्राम बतलैया गांव के पास किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी जिससे उसकी मौत हो गई। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

## डीएम व एसपी ने मेधावी विद्यार्थी सम्मान में छात्र-छात्राओं को किया सम्मानित

- मिशन शक्ति के अन्तर्गत लोक भारती इण्टर कॉलेज, कुर्रिया कलां में आयोजित हुआ कार्यक्रम

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज़।**

मिशन शक्ति के अन्तर्गत लोक भारती इण्टर कॉलेज, कुर्रिया कलां में जिलाधिकारी धर्मेन्द्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में मेधावी विद्यार्थी सम्मान समारोह, नारी सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन को लेकर प्रदेश सरकार द्वारा चलाये जा रहे मिशन शक्ति कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह एवं विशिष्ट अतिथि पुलिस अधीक्षक राजेश एस ने माँ सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ करने के उपरांत कालेज में उप्र माध्यमिक शिक्षा परिषद की 2024 की परीक्षा में हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले पांच-पाँच विद्यार्थीयों को प्रशस्ति पत्र देकर एवं मेडल पहनाकर सम्मानित किया। सम्मानित किए जाने वाले विद्यार्थियों में हाई स्कूल के सूरज शुक्ला, शुभ मिश्रा, अदिति अवस्थी, आयुष त्रिपाठी, दीक्षा शुक्ला तथा इण्टरमीडिएट की संध्या सिंह, शिवानी मिश्रा, खुशबू मिश्रा, मोहित कुमार एवं अर्पिता सिंह शामिल रहे। इस अवसर पर अपने सम्बोधन में जिलाधिकारी ने कहा कि विद्यार्थी अपने जीवन को सुखद बनाने के लिये शिक्षा गृहण करते समय पूरे परिश्रम एवं मनोयोग से अपने पाठन के कर्तव्य को निभाएं ताकि उनका आगामी जीवन और सुखद हो सके। उन्होंने कहा कि आधुनिक ज्ञान को विकसित कर भविष्य में आप जिस क्षेत्र में अपना भविष्य बनाना चाहेंगे उस दिशा में आप अपना ज्ञान बढ़ाने के लिए आधुनिक संसाधन मोबाइल, लैपटॉप आदि का प्रयोग करे न कि मनोरंजन के लिए। जिलाधिकारी ने छात्र छात्राओं को एआई तथा चैट जीपीटी के विषय में भी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि आज के इस युग में आत्मनिर्भर बनने के लिए छात्राओं को अपनी पढ़ाई जिस क्षेत्र में उनकी रुचि हो उस क्षेत्र में करके अपने भविष्य को सुरक्षित करने के लिये नौकरियों को प्राप्त करने की दिशा में प्रयास करना चाहिए ताकि वह वैवाहिक बंधन में बधने के बाद स्वयं भी अपने पैरों पर खड़ी रह सके। इसके साथ ही जिलाधिकारी ने छात्राओं को सोशल मीडिया, साइबर क्राइम आदि सुरक्षा के संबध में भी जागरूक किया।पुलिस अधीक्षक राजेश एस. ने कहा कि आज मिशन शक्ति के माध्यम से पूरे प्रदेश में नारी सुरक्षा,सम्मान एवं स्वावलंबन को लेकर सरकार कार्य करने में जुटी है। सभी छात्राएं अपने को कभी अकेला न समझे पुलिस आपकी सुरक्षा को लेकर सदैव तत्पर है। उन्होंने साइबर क्राइम से संबंधित जानकारी देते हुये बताया कि किसी भी प्रकार की निजि जानकारी सोशल मीडिया पर शेयर नही करनी चाहिय तथा सोशल मीडिया पर अंजान व्यक्तियों से सांवधान रहना चहिए। कुछ भी सार्वजनिक करने की जरूरत नहीं है। पुलिस अधीक्षक छात्राओं को 112, 1090, 1098, 181 आदि हेल्पलाइन नम्बरों के विषय में विस्तृत रूप से जानकार दी कि कब कौनसा नं. उपयोग करना है। इस अवसर पर कालेज के संस्थापक स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व. त्रिवेणी सहाय मिश्र के प्रपौत्र लक्ष्य मिश्र ने जिलाधिकारी को एवं प्रपौत्र प्रसून मिश्र ने पुलिस अधीक्षक को स्मृति चिन्ह के रूप पुस्तक भेंट की। कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधीक्षक राजेश एस, अपर जिलाधिकारी प्रशासन संजय कुमार पाण्डेय, जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ हरिवंश कुमार, प्रबंध गौरव मिश्रा, संस्थापक प्रधानाचार्य विनय कुमार मिश्र, प्रधानाचार्य पुनीत कुमार मिश्र व कार्यक्रम का संचालन डॉ इंदु अजनबी ने किया।

### सूचना

मैं नीरा यादव पत्नी सर्वेन्द्र कुमार यादव निवासिनी ग्राम गोविंदपुर माधव विशुनदासपुर, थाना- गदागंज, तहसील- डलमऊ, रायबरेली शपथपूर्वक घोषणा करती हूं मेरा सही नाम नीरा यादव है। त्रुटीवश मेरा नाम मेरे पति के सर्विस रिकार्ड में नीरज यादव अंकित हो गया है जो गलत है। मेरा सही नाम नीरा यादव है।

# रेलवे ओवर ब्रिज में करोड़ों खर्च और वर्षों इंतजार के बाद भी नहीं पूरा हुआ निर्माण

- फरवरी 2021 में शुरू हुआ था और मई 2022 तक पूरा होना था कार्य

**फरधान, समृद्धि न्यूज़।**





कस्बे में निर्माणाधीन रेलवे ओवरब्रिज नौ दिन चले ढाई कोस वाली कहावत को चरितार्थ कर रहा है। करोड़ों खर्च और वर्षो इंतजार के बाद भी इस ओवरब्रिज का निर्माण कार्य पूरा नहीं हो सका है। हालत यह है सड़क निर्माण कंपनी की मनमानी के आगे अब आम-आवाम परेशान है और सिस्टम भी लाचार दिख रहा है। आए दिन सड़क पर जाम लगता है। कार्य कर रहे मजदूरों के लिए सुरक्षा व्यवस्था का कोई पुख्ता इंतजाम न होना भी बड़ी दुर्घटना को दावत देना है। रोज के जाम से कस्बे के व्यापारी भी परेशानी झेल रहे हैं।

फरधान कस्बे में पीलीभीत बस्ती मार्ग पर रेलवे क्रासिंग पर करोड़ों खर्च और वर्षो इंतजार के बाद भी ओवरब्रिज का निर्माण पूरा नहीं हुआ है। फरवरी 2021 में शुरू हुआ था। मई 2022 तक पूरा होना था कार्य। शुरू में कोरोना की दूसरी लहर की वजह से आधे दिन लाकडाउन लगा रहता था। जिसके चलते कार्य में कुछ समय के लिए रुकावट हुई। लॉकडाउन पूर्ण रूप से खत्म हो जाने की बाद भी कार्य की रफ्तार धीमी रही।

**डेडलाइन के तीन साल बाद भी नहीं पूरा हुआ कार्य:** कस्बे में नहर पुल से कस्बे की पुनीत तिवारी की दुकान तक 1350 मीटर ओवरब्रिज बनना था। जिसमें लगभग 900 मीटर दूरी दीवार खड़ी करके रेलवे क्रासिंग पर दोनो तरफ दो दो पिलर खड़े करके रेलवे ओवरब्रिज पूरा करना था। लेकिन फरवरी 2024 में तीन वर्ष पूरे हो गए फिर भी निर्माण कार्य पूरा नहीं हुआ है। जबकि निर्धारित समय के अनुसार इसे मई 2022 यानी की डेढ़ वर्ष में पूरा करना था।

### पुल के साथ-साथ अप्रोच पथ का निर्माण कार्य है अधूरा

**ओवरब्रिज** का निर्माण कर विजय कंट्रशन कंपनी की लापरवाही का आलम यह है कि ओवरब्रिज के ऊपरी भाग में काफी सारे काम बाकी है। वही उसके नीचे दोनों तरफ अप्रोच पथ का कार्य भी अधूरा है। पुल के दोनों तरफ अप्रोच पथ बनाने का कार्य भी आधा अधूरा बना पड़ा हुआ है। अप्रोच सड़क अधूरी, पत्थरयुक्त और जर्जर होने की वजह से राहगीरों को आवागमन करने में काफी परेशानी हो रही है। घने कोहरे में सड़क दुर्घटना का भय बना रहता है। पुल के बगल से आवागमन के लिए इस्तेमाल होने वाली सड़क संकरी रहने से जाम की समस्या हमेशा बनी रहती है। रेलवे क्रासिंग बंद होने से घंटों जाम लगा रहता है। दिन में एक दो बार सीएचसी की एम्बुलेंस भी जाम में फंस जाती है। जिसका सबसे अधिक खामियाजा सीएचसी फरधान में जाने वाले मरीजों को भुगतना पड़ता है।

### क्षेत्र के लिए लाइफ लाइन मानी जाती है यह सड़क

कस्बे के व्यापारी पुनीत तिवारी, विजय वर्मा, शिवपूजन गुप्ता, अनिल तिवारी, का कहना है रेलवे ओवरब्रिज बनने में देरी की वजह से व्यापार पर भी असर पड़ रहा है। ग्राहकों को दुकानों तक आने में काफी दिक्कतें होती है। यह नेशनल हाईवे की सड़क क्षेत्र के लोगों के लिए लाइफ लाइन से कम नहीं है। निर्माण कार्य में धीमी गति से होने की वजह से सड़क पर आए दिन जाम लगी रहती है। जिससे ग्राहक भी दुकानों पर कम आ पाते हैं।

### पूर्वोत्तर रेलवे

**ई-टेण्डरिंग निविदा सूचना सं० 67/2024**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए मंडल रेल प्रबंधक (इंजी०) पूर्वोत्तर रेलवे, इज्जतनगर निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाइन (ई-टेन्डरिंग) के माध्यम से "खुली" निविदा आमंत्रित करते है।

क्र.सं. 1. कार्य का विवरण: कासगंज-मथुरा अनुभाग में समपार सं. 265 एवं समपार सं. 256 पर एल.एच.एस का शेष कार्य। (स्वीकृत कार्य के अंतर्गत इज्जतनगर डिवीजन के कानपुर-अनवरगंज-मथुरा अनुभाग में विभिन्न स्थानों पर 11 रक्षित समपारों के उन्मूलन के लिए एल.एच.एस का निर्माण कार्य)। अनुमानित लागत रूपयो में : रू. 6,25,27,388.11, बयाना राशि रूपयो में : रू. 4,62,600/-, निविदा प्रपत्र का मूल्य : शून्य, स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधि 12 माह।

1. ई-निविदा दिनांक 20.12.2024 को 15.00 बजे तक आन लाइन जमा कर सकेंगे।
2. ई-निविदा की प्रस्तुति हेतु पूर्ण विवरण भारतीय रेलवे के IREPS वेब साईट www.ireps.gov.in पर देखे।

मंडल रेल प्रबंधक (इंजी०), इज्जतनगर
मुजाधि/डब्लू - 314

गाड़ियों की छतों व पायदान पर कदापि यात्रा न करें।

# पर्यटकों के प्रति बदलें व्यवहार, वह देवतुल्य : जयवीर

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

उत्तर प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि प्रत्येक पर्यटक को देवतुल्य मानकर आतिथ्य-सत्कार करें, ताकि वह लौटकर उत्तर प्रदेश की प्रशंसा करें। पर्यटक हमारे लिए ब्रांड एंबेसडर का कार्य करेंगे।

पर्यटन मंत्री ने ये बातें गुरुवार को गोमती नगर स्थित पर्यटन भवन में प्रदेश की अर्थव्यवस्था वन ट्रिलियन डॉलर तक पहुंचाने में पर्यटन विभाग की तैयारियों की समीक्षा के दौरान कही। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि यह आवश्यक नहीं कि प्रदेश में घूमने के लिए आने वाले लोग बहुत धनी हों। सामान्य लोगों की भी आस्था और उत्साह होता है, जो कि उन्हें प्रदेश भ्रमण के लिए खींच लाता है। ऐसे में



▸ पर्यटन मंत्री ने की प्रदेश की अर्थव्यवस्था वन ट्रिलियन डॉलर पहुंचाने में पर्यटन विभाग की तैयारियों की समीक्षा

हमें पर्यटकों के प्रति बेहद विनम्र व्यवहार रखना चाहिए। चाहे टैक्सी ड्राइवर, कुली, नाविक हों या दुकानदार, होटल संचालक सभी लोग जो किराया या सामान के मूल्य, जो स्थानीय लोगों से लेते हैं वही उन पर्यटकों से लें। यदि अतिरिक्त पैसा लेते हैं तो गलत हैं। हमें अपनी धारणा बदलने की जरूरत है। उन्होंने बताया कि बहुत से ऐसे देश हैं जिनकी अर्थव्यवस्था का मुख्य आधार पर्यटन है। वहां के लोगों का आगंतुकों के प्रति बहुत ही शालीन और कुशल व्यवहार रहता है। आज हम अपने राज्य में पर्यटन को शिखर पर पहुंचाना चाहते हैं, तो निश्चित रूप से सैलानियों का दिल जीतना होगा। पर्यटन पुलिस और सामान्य पुलिस भी पर्यटकों के प्रति सहज व्यवहार अपनाएं। पुरानी अवधारणा बदलने में स्कूलों की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। छात्रों को पर्यटन के प्रति जागरूक किया जाना चाहिए। उन्हें पर्यटकों के प्रति व्यवहार को लेकर शपथ दिलाई जानी चाहिए, फिल्में दिखाई जानी चाहिए। यह उनके पाठ्यक्रम का हिस्सा होना चाहिए।

बैठक में विशेष सचिव पर्यटन ईशा प्रिया, एमडी यूपीएसटीडीसी सान्या छाबड़ा, निदेशक पर्यटन प्रखर मिश्र सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## पर्यटकों व निवेशकों से फीडबैक लेने के निर्देश

पर्यटन मंत्री ने कहा कि आने वाले पर्यटकों का फीडबैक जरूर लें क्योंकि हम उन्हीं के लिए सुविधाएं विकसित कर रहे हैं। उनकी राय जानकर एक तो हम उनके अनुकूल सुविधाएं विकसित करेंगे दूसरे आवश्यक हुआ तो वर्तमान की व्यवस्थाओं में सुधार भी कर सकते हैं। भगवान गौतम बुद्ध से जुड़े स्थलों का विकास अलग-अलग फेज में करें। जो भी कार्य हों ठोस हों, प्रमाणिक हों और परिणामदायी होने चाहिए। जीआएस में 01 लाख 64 हजार 068 करोड़ रुपए का इन्वेस्टमेंट प्रस्तावित है। इसमें लगभग 30 हजार करोड़ प्रोजेक्ट जीबीसी के लिए तैयार है। निवेशकों से फीडबैक लीजिए। यदि किसी भी प्रकार की कोई असुविधा हो रही तो उसका निराकरण कराएं। किसी निवेशकों को उनके अनुकूल माहौल होना चाहिए। विभिन्न सर्किट में गंतव्य स्थलों के रूट चिन्हित कर फेजवाइज वे साइट एमिनिटीज विकसित करें। विभिन्न प्रदेशों की हेरिटेज पॉलिसी का अवलोकन कर उत्तर प्रदेश की बेहतरीन हेरिटेज पॉलिसी बनाने का निर्देश दिए गए। अयोध्या में होम स्टे का कार्य बहुत अच्छा हुआ है। इसी तरह पूरे प्रदेश में सुविधा उपलब्ध कराने के लिए बेड एंड ब्रेकफास्ट पॉलिसी बनाएं।

# जलशक्ति मंत्री ने साठ जूनियर इंजीनियर्स को सौंपे नियुक्ति पत्र, दी भविष्य की शुभकामनाएं

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।



उत्तर प्रदेश सिंचाई विभाग के मुख्यालय के सभागार में आयोजित कार्यक्रम में जलशक्ति मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह ने साठ जूनियर इंजीनियर्स को उनके नियुक्ति पत्र सौंपते हुए भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

गुरुवार को जूनियर इंजीनियर्स के पदस्थापना की प्रक्रिया पूर्ण पारदर्शिता के साथ सम्पन्न हुई। इसके बाद जलशक्ति मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह ने जूनियर इंजीनियर्स को उनके नियुक्ति पत्र दिये, इस अवसर पर उन्होंने कहा कि सिंचाई विभाग को पूर्ण प्रमाणिकता और समझदारी के साथ चलाने की जिम्मेदारी जूनियर इंजीनिसर्य के कंधों पर है। मेरी उम्मीद है कि जूनियर इंजीनियर्स अपने कार्यों को पूरी ईमानदारी से करेंगे।

उप्र सिंचाई विभाग के प्रमुख अभियंता संदीप कुमार ने कार्यक्रम के उपरांत मीडिया को बताया कि लोक सेवा चयन आयोग से उत्तर प्रदेश सिंचाई विभाग में आये जूनियर इंजीनियर्स को नियुक्ति पत्र सौंपने का कार्यक्रम हुआ है। उन्होंने बताया कि इस क्रम में 141 जूनियर इंजीनियर्स को पहले नियुक्ति पत्र सौंपा गया था। वहीं पुलिस वैरिफिकेशन न होने के कारण 60 जूनियर इंजीनियर्स को नियुक्ति पत्र नहीं दिया जा सका था। जिसे जलशक्ति मंत्री द्वारा आज नियुक्ति पत्र सौंपा गया है।

## खबरें एक नजर में

### संदिग्ध हालात रेलवे के सेक्शन इंजीनियर की मौत

**लखनऊ।** राजधान लखनऊ में रेलवे के सेक्शन इंजीनियर की चारबाग स्टेशन पर संदिग्ध हालात में मौत हो गई। बुधवार-गुरुवार के बीच रात वह ट्रेन पकड़ने के लिए स्टेशन गए थे। जहां अचानक से उनकी तबीयत बिगड़ गई। इसके बाद उन्हें अस्पताल पहुंचाया गया। जहां डॉक्टर मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है। बहराइच के रहने वाले अरविंद त्रिपाठी रेलवे में सेक्शन इंजीनियर थे। लखनऊ के गायत्रीपुरम गुडंबा में अपने परिवार के साथ रहते थे। मौजूदा समय में उनकी तैनाती रामपुर में थी। भाई अखिलेश त्रिपाठी ने बताया बुधवार-गुरुवार के बीच रात करीब 1 बजे वह घर से रामपुर जाने के लिए ट्रेन पकड़ने के लिए रेपिडो बाइक से चारबाग गए थे। 2 बजे उनकी ट्रेन थी। घरवाले ट्रेन मिलने की जानकारी करने के लिए कॉल करने लगे। कई कॉल के बाद कोई जवाब नहीं आया। इस दौरान एक अज्ञात व्यक्ति ने कॉल उठाकर घटना की जानकारी दी। जिसके बाद परिवार अस्पताल पहुंचा। जहां अरविंद मृत अवस्था में मिले।अखिलेश त्रिपाठी ने बताया परिवार में पत्नी मधु त्रिपाठी और दो बेटे व दो बेटी हैं।

### शहीद पथ पर मिला युवक का शव, हड़कंप

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में गुरुवार सुबह दो अलग-अलग जगह पर अज्ञात शव मिलने से हड़कंप मच गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों शवों को शिनाख्त कराने का प्रयास किया, लेकिन पहचान नहीं हो सकी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पीजीआई इंस्पेक्टर रवि शंकर त्रिपाठी ने बताया कि शहीद पथ पर सर्विस लेन के किनारे उतरेठिया में शव पड़ा था। मृतक क्रीम कलर का स्वेटर, काले रंग का लोअर पहना हैं। दाहिने हाथ में हरे रंग का रबर का बैंड है। इस पर महाकाल लिखा है। एक महरूम रंग की तौलिया है। क्रीम कलर की हाफशर्ट है। आसमानी रंग की हवाई चप्पल। पुलिस का कहना है मृतक स्मैकिया टाइप का लग रहा है। शरीर पर कोई चोट के निशान नहीं हैं। वृन्दावन योजना सेक्टर बारह में स्थित रेलवे स्टेशन के सामने भी एक अज्ञात युवक का शव मिला। सूचना पाकर मौके पर पहुंचे इंस्पेक्टर पीजीआई रवि शंकर त्रिपाठी ने बताया कि मृतक की उम्र करीब 28 वर्ष लग रही है। शव उतरेटिया रेलवे स्टेशन के सामने सेक्टर नंबर 12 में मृत अवस्था में पड़ा मिला है। शरीर पर कोई चोट नहीं है। मृतक महरूम कलर की टी शर्ट, काले रंग की जींस पैंट, आसमानी रंग की अंडरवियर पहना है। जानकारी करने पर पता चला है कि बीती रात करीब ग्यारह बजे मृतक नशे में धुत्त होकर उतरेटिया स्टेशन के रेलवे लाइन पर बार-बार जा रहा था। जहां पर आरपीएफ वालों ने वहां से इसको हटाया था फिर घूमते घूमते सेक्टर 12 में आ गया था। मृतक की जेब से एक मोबाइल फोन मिला है लेकिन पैटर्न लॉक है। अभी शिनाख्त नहीं हो पाई है। शिनाख्त के लिए प्रयास किया जा रहा है।

### हफ्ता मांगने वाले पुलिस के पहुंचते ही भागे

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में 500 रुपए हफ्ता नहीं देने पर व्यापारी को जान से मारने की धमकी मिली। बदमाशों ने रास्ते में रोककर हमला किया। घबराए व्यापारी ने गुरुवार सुबह कृष्णा नगर थाने में शिकायत की। पुलिस मामले की जांच कर रही है। शहर के आलमबाग स्थित कैलाशपुरी निवासी मोईन अली पान-मसाले की दुकान चलाते है। घटना के समय दुकान बंद कर चाय और अंडा रोल खाने गीतापल्ली गए थे। यहां नीशू लाला, अभिषेक शर्मा और विकास तिवारी ने उन्हें घेर लिया और 500 रुपए मांगने लगे। मोईन अली ने बताया कि यह लोग पहले भी धमका कर उनसे पैसे वसूलते रहे हैं। जब मोईन ने पैसे नहीं दिए तो आरोपियों ने गाली-गलौज शुरू कर दी और उन पर हमला कर दिया। मोईन ने बताया कि आरोपियों ने उन्हें खींचा और धक्का-मुक्की की। आस-पास के लोगों ने उन्हें बचा लिया। इसके बाद 112 नंबर पर सूचना दी। पुलिस के आने की भनक लगते ही आरोपी मौके से भाग निकले, लेकिन जाते-जाते जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित का आरोप है कि आरोपी अक्सर जबरन वसूली करते हैं, जिससे वह और उनका परिवार बेहद डर और तनाव में है। कृष्णा नगर पुलिस ने पीड़ित की शिकायत दर्ज कर ली है और मामले की जांच शुरू कर दी है।

### लुलु ब्यूटी फेस्ट 2024 का उद्घाटन

**लखनऊ।** अत्यधिक प्रतीक्षित लुलु ब्यूटी फेस्ट 2024 का आज लुलु हाइपरमार्केट लखनऊ में उद्घाटन किया गया, जिसे पॉन्ड्स और ट्रेसमे द्वारा प्रायोजित किया गया, फियामा और यार्डले द्वारा संचालित, एनचौन्ट्योर और डर्माफिक्ष के सहयोग से, सौंदर्य, स्वास्थ्य और सेल्फकेयर के एक जीवंत उत्सव की शुरुआत हुई। उद्घाटन समारोह में प्रसिद्ध मेकओवर आर्टिस्ट और सेलिब्रिटी वेडिंग मेकअप एजुकेटर तुषा अरोड़ा के साथ-साथ लुलु ग्रुप इंडिया के वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद थे। जयकुमार गंगाधरन, क्षेत्रीय निदेशक और बीजू सुगाथन, क्षेत्रीय प्रबंधक, लुलु ग्रुप इंडिया ने कहा कि यह गतिविधियों की एक रोमांचक श्रृंखला है, जिसमें लाइव ब्यूटी डेमो, प्रमुख वैश्विक और स्थानीय ब्रांडों के उत्पाद लॉन्च और 28 नवंबर से 8 दिसंबर 2024 के बीच स्वास्थ्य और सौंदर्य उत्पादों पर 50: तक की छूट शामिल है, साथ ही वर्ष 2024 के लिए लुलु नीविया ब्यूटी क्वीन और लुलु रॉयल मिराज मैन ऑफद ईयर प्रतियोगिता जीतने का अवसर भी है। इस अवसर पर बोलते हुए सुनील शर्मा, डीजीएम, लुलु हाइपरमार्केट लखनऊ ने कहा, लुलु ब्यूटी फेस्ट स्टाइल और आत्म-अभिव्यक्ति का उत्सव है और हम लखनऊ के लोगों के लिए यह असाधारण अनुभव लाने के लिए उत्साहित हैं।

# उत्तर प्रदेश पिछड़ा वर्ग राज्य आयोग की मासिक बैठक आयोजित

▸ अन्य पिछड़ा वर्ग की जातियों के सम्मिलन-निष्कासन, उनके उत्थान और विकास से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर हुई चर्चा



लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

उत्तर प्रदेश पिछड़ा वर्ग राज्य आयोग की बैठक गुरुवार को आयोग के अध्यक्ष राजेश वर्मा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई।

बैठक में अन्य पिछड़ा वर्ग की जातियों के सम्मिलन-निष्कासन, उनके उत्थान और विकास से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर विचार-विमर्श करते हुए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिये गये। बैठक में सर्वप्रथम केश कला बोर्ड के गठन का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया। यह मांग मनोज कटारिया द्वारा की गई, जिसमें प्रदेश के केश कला व्यवसाय से जुड़े लोगों के विकास और उनके कौशल को संरक्षित करने की आवश्यकता बताई गई। आयोग ने सर्वसम्मति से इस प्रस्ताव को स्वीकार करते हुए शासन को केश कला बोर्ड के गठन के लिए संस्तुति प्रेषित करने का निर्णय लिया। इसके अतिरिक्त, स्वर्णकार समाज की प्राचीन स्वर्ण एवं चांदी के आभूषण निर्माण कला के संरक्षण के लिए स्वर्ण कला आयोग के गठन का प्रस्ताव भी रखा गया, जिसे संजीव कुमार ने प्रस्तुत किया। इस प्रस्ताव को भी आयोग ने मंजूरी देते हुए शासन को संस्तुति भेजने का निर्णय लिया। बैठक में खंगार जाति को अन्य पिछड़े वर्ग की सूची में सम्मिलित करने के संदर्भ में चर्चा हुई। आयोग ने बताया कि इस विषय पर पूर्व में ही संस्तुति प्रेषित की जा चुकी है। अब इस सिफारिश के संदर्भ में शासन को अनुस्मारक पत्र भेजने का निर्णय लिया गया। क्रीमीलेयर की आय सीमा बढ़ाने के प्रस्ताव पर भी विचार किया गया और इसे आगामी बैठक में प्रस्तुत करने का निर्णय लिया गया। नॉन-क्रीमीलेयर के प्रमाण-पत्र में संशोधन के संदर्भ में बैठक में निर्णय लिया गया कि इस विषय पर प्रस्ताव तैयार कर अध्यक्ष के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा। गोरखा समुदाय को अन्य पिछड़े वर्ग की सूची में सम्मिलित करने के प्रस्ताव पर विस्तृत चर्चा करते हुए आयोग ने निर्णय लिया कि जिलों से पुनः जानकारी प्राप्त की जाएगी। इसके बाद इस विषय पर विस्तृत सर्वेक्षण करने के लिए एक समिति गठित की जाएगी।

बैठक में थानाध्यक्षों की तैनाती में आरक्षण व्यवस्था का अनुपालन सुनिश्चित करने के विषय पर भी चर्चा हुई। आयोग ने इसे पिछड़े वर्ग के प्रतिनिधित्व के लिए अत्यधिक महत्वपूर्ण मानते हुए शासन को इस संबंध में सिफारिश भेजने का निर्णय लिया।

# गरीब व स्कूली छात्रों के प्रति संवेदनहीन है योगी सरकार : अखिलेश यादव

▸ लगातार गिरते तापमान के बावजूद शासन स्तर से बच्चों के स्वेटर और जूते-मोजे की खरीद के लिए धनराशि जारी नहीं हो रही



लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव ने बढ़ती ठंड का हवाला देते हुये उत्तर प्रदेश सरकार पर आरोप लगाया कि उसे गरीब तबके और स्कूली छात्रों की चिंता नहीं है।

श्री यादव ने गुरुवार को कहा कि भाजपा सरकार बच्चों और गरीबों के प्रति निहायत संवेदनहीन है। गरीबों को कहीं सिर छुपाने की जगह नहीं मिल रही है। मुख्यमंत्री दूसरे प्रदेशों में जाकर बड़े-बड़े सपने दिखा आते हैं लेकिन इन दिनों शुरू हो गई ठंड में बिना स्वेटर और जूते-मोजे के स्कूल जाने को नौनिहाल मजबूर है। बढ़ती ठंड में बच्चे ठिठुरते हुए स्कूल जा रहे है लगातार गिरते तापमान के बावजूद शासन स्तर से बच्चों के स्वेटर और जूते-मोजे की खरीद के लिए धनराशि जारी नहीं हो रही है। उन्होने कहा कि औरैया और अयोध्या समेत पूरे प्रदेश में बड़ी संख्या में बच्चों के खातों में अभी तक ड्रेस की धनराशि नहीं पहुंची है। सरकार को अयोध्या जिले के 23 हजार बच्चों के इस ठंड की मार सहने का एहसास तक नहीं हो रहा है। बच्चों की स्थिति कितनी दयनीय और चिंताजनक है इसका अंदाजा उनको देखकर लगाया जा सकता है। सपा अध्यक्ष ने कहा कि पुलिस की लापरवाही और अकुशलता की कहानियां अब आम हैं। समाजवादी सरकार में पुलिस के रिस्पांस सिस्टम को गति देने का काम हुआ था जो न्यूयॉर्क पुलिस के स्टैंडर्ड का था।

श्री यादव ने कहा कि सर्दी के मौसम में खुले आसमान के नीचे रात गुजारने के लिए तमाम गरीब और बेघर लोग भी मजबूर हैं। इनके लिए रैन बसेरों का इंतजाम अभी तक नहीं हो पाया है। वे खुले आसमान के नीचे सोने से बीमार हो रहे हैं, इस सबके बावजूद सरकार संवेदनहीन है।

## भाजपा सरकार में पुलिस अकर्मण्य बनती जा रही

मुख्यमंत्री ने यूपी डायल 100 को 112 करके पुलिस के रिस्पांस सिस्टम को बर्बाद कर दिया है। हालात यह है कि देवरिया के भटनी में 10 वर्षीय बच्ची के अपहरण के बाद खून से लथपथ शव मिला लेकिन पुलिस ने अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की है। सुल्तानपुर में चौथी कक्षा के 11 वर्षीय बालक की गुमशुदगी पर पुलिस ने लापरवाही बरती। नतीजे में बच्चे का शव एक मकान के बेड के नीचे से बरामद हुआ। उसके साथ कुकर्म भी हुआ। कानपुर के जाजमऊ स्थित एक मदरसे से बच्चे का कंकाल मिला। मदरसा अरसे से बंद था। उन्होंने कहा कि स्पष्ट है कि फर्जी मुठभेड़ दिखाने वाली भाजपा सरकार की पुलिस असल मामलों को गंभीरता से नहीं लेती है। समय पर कार्रवाई होती तो कई जानें बच जाती। भाजपा सरकार में पुलिस अकर्मण्य बनती जा रही है।

# मेयर डॉ. सुषमा खर्कवाल का लगातार दूसरे दिन छापा

▸ ऐशबाग कार्यालय में चेक किया अटेंडेंस रजिस्टर, बोलीं- टाइम पर आइए नहीं तो कटेगी सैलरी



लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

लखनऊ मेयर डॉक्टर सुषमा खर्कवाल ने लगातार दूसरे दिन नगर निगम कार्यालय का निरीक्षण करने पहुंचीं। इस दौरान उन्होंने स्टॉफ के बारे में जानकारी लीं। मौके से शिकायतकर्ताओं को भी फोन कर समस्याएं पूछीं। अटेंडेंस रजिस्टर चेक करने के बाद उन्होंने कहा अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देश दिया है कि वह समय से ड्यूटी आएं। जनता से जुड़े काम को प्राथमिकता दें। मेयर ने कहा कल मुख्यालय का निरीक्षण करने के बाद आज अधिकारी और कर्मचारी सतर्क हो गए हैं। निरीक्षण के दौरान कुछ कमियां मिली हैं। उसे दूर करने का निर्देश दिया है। मौके पर नहीं पहुंचे कर्मचारियों की भी जानकारी ली गई है। जो कर्मचारी आउट डोर ड्यूटी पर तैनात थे उनको भी निर्देशित किया गया है। मेयर का कहना है कि हमारी जवाबदेही जनता के प्रति है। हम जनता के लिए काम कर रहे हैं। अधिकारी और कर्मचारी समय पर जब कार्यालय नहीं पहुंचेंगे तो काम नहीं होगा। बुधवार को मुख्यालय पर जो अधिकारी-कर्मचारी नहीं मिले उनका वेतन काटा जाएगा। इसकी रिपोर्ट बना रही हूं। इसे शासन को भेजा जाएगा। बुधवार को भी महापौर सुषमा खर्कवाल लखनऊ नगर निगम कार्यालय पहुंची थीं। यहां अधिकारियों के नहीं मिलने पर वह भड़क गईं। उन्होंने कहा सुबह 10 बजे से ड्यूटी शुरू हो जाती है। अधिकारी, बाबू और चपरासी 11 बजे तक ड्यूटी पर नहीं आए हैं। सभी की रिपोर्ट बनाकर शासन को भेजेंगे।

## बकाया वसूल ले तो फायदे में हो जायेगा पावर कारपोरेशन : वर्मा

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** उ. प्र. विद्युत उपभोक्ता परिषद के चेयरमैन व राज्य सलाहकार समिति के सदस्य अवधेश वर्माने गुरुवार को कहा कि पावर कारपोरेशन का कुल घाटा एक लाख दस हजार करोड़ रुपये है,वहीं उपभोक्ताओं से वर्ष 2023-24 तक बिजली बिल के रूप में वसूली के लिये बकाया एक लाख 15 हजार 825 करोड़ रुपये है। पावर कारपोरेशन बकाया वसूल ले तो वह खुद ब खुद 5825 करोड के फायदे में हो जायेगा और निजीकरण की जरूरत ही नहीं पड़ेगी। वर्मा ने कहा कि पावर कारपोरेशन के पास अभी भी समय है उसे जिन विद्युत उपभोक्ताओं से बिजली बिल का भुगतान लेना है उनसे बिजली बिल का भुगतान लेकर और उपभोक्ताओं को अच्छी गुणवत्ता की सेवा दें निजीकरण की जरूरत ही नहीं है ।



## राजभवन बना बच्चों के शैक्षिक और सांस्कृतिक जागरूकता का केंद्र

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश के राजभवन ने स्कूली बच्चों के लिए एक शैक्षिक और सांस्कृतिक केंद्र के रूप में नई पहचान बनाई है। राज्यपाल आनंदीबेन पटेल की पहल से अब तक 71 स्कूलों के लगभग 12,021 बच्चों ने राजभवन का भ्रमण किया और इसकी ऐतिहासिक और सांस्कृतिक धरोहरों से प्रेरणा ली। राजभवन के भ्रमण के दौरान बच्चों को महाराजा कुर्सी, पंचतंत्र वाटिका, बोनसाई गार्डन, चिड़ियाघर, कमल ताल, और संग्रहालय जैसे ऐतिहासिक स्थानों का अवलोकन कराया गया। इन स्थानों के महत्व को जानकर बच्चों ने अपनी सांस्कृतिक धरोहरों के प्रति सम्मान और संरक्षण की भावना विकसित की। यह पहल राज्यपाल द्वारा 31 जुलाई 2019 को शुरू की गई थी, जिसमें 21 जून 2022 से राजभवन के द्वार नियमित योगाभ्यास और व्यायाम के लिए भी खोल दिए गए। इसके तहत स्कूली बच्चों को सप्ताह के किसी भी दिन पूर्व सूचना देकर राजभवन का भ्रमण करने की अनुमति दी गई।

# कार्यवाहक डीजीपी की तैनाती का मामला पहुंचा न्यायालय

▸ डीजीपी की नियुक्ति प्रक्रिया में पहले ही यूपी सरकार कर चुकी है बदलाव

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

उत्तर प्रदेश समेत सात राज्यों में कार्यवाहक डीजीपी नियुक्ति का मामला अब सुप्रीम कोर्ट पहुंच गया है। अदालत ने इसे लेकर सात राज्यों को नोटिस भेजकर जवाब मांगा है।

हालांकि उत्तर प्रदेश सरकार ने अदालत में जवाब देने से पहले अपनी नई नियमावली बना ली, जिसमें डीजीपी की तैनाती राज्य सरकार की ओर से गठित कमेटी को करने का अधिकार दे दिया गया। इसमें रिटायर्ड जस्टिस हाईकोर्ट, रिटायर्ड डीजीपी उत्तर प्रदेश, मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव गृह, संघ लोकसेवा आयोग के एक सदस्य के साथ-साथ मौजूद पूर्णकालिक डीजीपी को रखा गया।

दरअसल, 5 नवंबर को कैबिनेट में आए इस प्रस्ताव को पास होने के बाद से अब तक इससे संबंधित नियमावली सार्वजनिक नहीं की गई है और न ही कमेटी का गठन किया गया, जिससे डीजीपी की स्थायी नियुक्ति हो सके। हालांकि उत्तर प्रदेश में कार्यवाहक डीजीपी के रूप में प्रशांत कुमार काम कर रहे हैं। लेकिन 3 दिन के अन्दर उनकी नियुक्ति स्थाई डीजीपी के तौर पर नहीं होती तो उनकी स्थाई नियुक्ति होना



मुश्किल हो जाएगा। इसलिए 3 दिन के अंदर कमेटी गठित करके डीजीपी की नियुक्ति के लिए बैठक जरूरी है। ऐसे में अगर 30 नवंबर से पहले डीजीपी की नियुक्ति के लिए बैठक नहीं होती है तो प्रशांत कुमार स्थायी डीजीपी की रेस से बाहर हो सकते हैं। यूपी में डीजीपी के चयन के लिए यूपी पुलिस बल प्रमुख के चयन और नियमावली 2024 को कैबिनेट में मंजूरी दे दी गई है। अब डीजीपी का चयन हाई कोर्ट के रिटायर्ड जज की अध्यक्षता वाली कमेटी करेगी। एक बार चुने जाने के बाद डीजीपी को 2 साल का कार्यकाल मिलेगा। इसके लिए चयन के वक्त 6 महीने की सर्विस का बचा होना जरूरी होगा। हालांकि नियमावली में ये भी कहा गया है कि किसी भी आपराधिक या भ्रष्टाचार के मामले में या अपने कर्तव्यों का पालन करने में विफल रहने पर राज्य सरकार, डीजीपी को उनके पद से 2 वर्ष का कार्यकाल पूरा होने से पहले ही हटा सकती है। इसमें यह भी कहा गया है कि पुलिस महानिदेशक को उनके पद से हटाने संबंधित प्रावधानों में सुप्रीम कोर्ट द्वारा पारित दिशा निर्देशों का पालन किया गया है।

**पहल** | स्वच्छ वार्ड-स्वस्थ उत्तर प्रदेश की अवधारणा को साकार करने की कवायद

# प्रदेश के नगरों में स्वच्छ वार्ड प्रतियोगिता आज से

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

**पांच दिसम्बर तक चलेगी प्रतियोगिता**

स्वच्छ वार्ड-स्वस्थ उत्तर प्रदेश की अवधारणा को साकार करने और प्रदेश के नगरों को वैश्विक श्रेणी का बनाने के लिए स्वच्छ भारत मिशन-नगरीय द्वारा सभी निकायों के वार्डों में स्वच्छ वार्ड प्रतियोगिता की शुरुआत 29 नवम्बर से की जा रही है। वार्डों में स्थापित स्वच्छ वातावरण प्रोत्साहन समिति के सहयोग से 06 प्रमुख इंडिकेटर्स में 1100 अंकों पर मूल्यांकन करते हुए यह प्रतियोगिता 05 दिसम्बर तक सभी वार्डों में करायी जाएगी, जिसका समापन प्रयागराज में जन जागृति दिवस 2.0 के आयोजन के दौरान स्वच्छ वार्डों को सम्मानित कर किया जायेगा। निदेशक नगरीय निकाय अनुज कुमार झा ने कहा कि नगर विकास मंत्री एवं प्रमुख सचिव नगर विकास के निर्देशों के क्रम में प्रदेश के सभी नगरीय निकायों में स्वच्छता को बढ़ावा देने के लिए ही स्वच्छ वार्ड प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। स्वच्छ वार्ड से स्वच्छ उत्तर प्रदेश बनेगा, जो कि स्वच्छ भारत का आधार बनेगा।

निदेशक नगरीय निकाय एवं मिशन निदेशक स्वच्छ भारत मिशन नगरीय अनुज कुमार झा ने बताया कि प्रदेश के नगरीय निकायों के वार्डों में गठित श्स्वच्छ वातावरण प्रोत्साहन समिति द्वारा स्वच्छ सर्वेक्षण के मुख्य बिन्दुओं पर स्वच्छ वार्ड प्रतियोगिता करायी जाएगी जिसमें समिति द्वारा वार्ड स्तर पर रख-रखाव एवं सौंदर्यीकरण, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, वार्ड स्तरीय आई.ई.सी. गतिविधियां, वार्ड स्तर पर नागरिकों की भागीदारी, पार्कों, वेस्ट-टू-वंडर पार्क, घाट, शौचालय, बल्क वेस्ट जनरेटर्स, स्कूल की सफाई व्यवस्था आदि पर 29 नवम्बर से 05 दिसम्बर के मध्य मूल्यांकन किया जायेगा। स्वच्छ वार्ड प्रतियोगिता के लिए आई.ई.सी. गतिविधियां करायी जाएंगी तथा निकाय के वरिष्ठ अधिकारियों एवं स्वच्छ वातावरण प्रोत्साहन समिति के अध्यक्षों व सदस्यों द्वारा सभी वार्डों का भ्रमण किया जायेगा। इसके उपरांत वार्डों का मूल्यांकन कराकर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले वार्डों का चयन किया जायेगा। चयनित स्वच्छ वार्डों को 06 दिसम्बर को प्रयागराज में जन जागृति दिवस 2.0 के आयोजन के अवसर पर सम्मानित किया जायेगा। स्वच्छ वार्डों के चयन के लिए स्वच्छ वातावरण प्रोत्साहन समिति द्वारा विभिन्न इंडिकेटर्स पर मूल्यांकन किया जायेगा। जिसके उपरान्त प्रत्येक निकाय में 03 स्वच्छ वार्ड का चयन किया जाएगा। वार्ड में दिन में दो बार सफाई सड़कें, बाजार, व्यावसायिक स्थान आदि) के लिए 50 अंक, वार्ड सौंदर्यीकरण वाल पेंटिंग, हरियाली वृक्षारोपण, अपशिष्ट उत्पादों से बनी वस्तुएं आदि के लिए 50 अंक, जीवीपी ब्लैक स्पॉट, रेड स्पॉट, येलो स्पॉट का उन्मूलन के लिए 50 अंक और वार्ड स्तर की गतिविधियों पर डीसीसीसी आधारित निगरानी तंत्र के लिए 50 अंक रखे गए हैं। वार्डों में डोर-टू-डोर कलेक्शन के लिए 50 अंक, स्रोत पर अपशिष्ट पृथक्करण के लिए 50 अंक, वार्ड स्तर पर प्लास्टिक प्रतिबंध का कार्यान्वयन के लिए 50 अंक, सामुदायिक व घरेलू खाद निर्माण के लिए 100 अंक, थ्री आर कम करें, पुनः उपयोग करें, पुनः चक्रित करें सिद्धांत का कार्यान्वयन के लिए 100 अंक और वार्ड स्तर पर कचरा प्रबंधन कूड़ेदान, स्थानांतरण स्टेशन के लिए 50 अंक निर्धारित किये गए हैं। वार्डों के प्रमुख स्थानों पर आईईसी सामग्री का प्रदर्शन के लिए 25 अंक, नागरिकों के साथ नियमित आउटरीच कार्यक्रम ऑफलाइन सोशल मीडिया के लिए 50 अंक, जिंगल, 1533, आईईसी सामग्री का प्रदर्शन सीटी, पीटी, पार्क आदि में के लिए 25 अंक रखे गए हैं। वार्डों में गठित स्वच्छ वातावरण प्रोत्साहन समिति की सक्रियता के लिए 50 अंक, प्रमुख स्थानों पर स्वछता संबंधी फीडबैक की व्यवस्था के लिए 50 अंक, प्लास्टिक प्रतिबंध के संबंध में रैली व अन्य कार्यक्रम के लिए 50 अंक, वहीं ब्रांड एंबेसडर, स्वच्छ योद्धा, बेस्ट प्रैक्टिसेस व रील्स के 50 अंक निर्धारित किये गए हैं।

# हिंदुस्तान हस्तशिल्प महोत्सव : दसवीं सांस्कृतिक संध्या में जयप्रकाश ने कॉमेडी से दर्शकों को खूब गुदगुदाया

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।




▸ स्कूल लाइफ पर कॉमेडी ड्रामा प्रस्तुत किया गया

स्मृति उपवन बंग्ला बाजार में आयोजित माँ गायत्री जन सेवा संस्थान एवं नीशू वेलफेयर फाउंडेशन के तत्वाधान में हिंदुस्तान हस्तशिल्प महोत्सव में बृहस्पतिवार शाम आयोजक अरुण प्रताप सिंह व गुंजन वर्मा द्वारा सांस्कृतिक संध्या का शुभारम्भ दीप प्रज्वलित कर किया गया।

सांस्कृतिक संध्या की शुरुआत गणेश वंदना से शुरूआत हुई। आगे सांस्कृतिक मंच से कॉमेडियन जयप्रकाश जिन्हें जूनियर राजू के नाम से जाना जाता है। जयप्रकाश ने बेहतरीन स्टैंड अप कॉमेडी करके दर्शकों को खूब गुदगुदाया और आनंदित किया। डॉ आर पी सिंह डायरेक्टर एस. एन . मोंटेसरी स्कूल के बच्चों द्वारा प्रस्तुति दी गई। फैज एवं जोया ने कहते हैं हमको प्यार से इंडिया वाले... जुगलबंदी डांस कर दर्शकों का मन मोह लिया। स्वाति - वैष्णवी ने बावन गज का दामन... नैना-अंजलि ने ऐसा देश है मेरा... नृत्य कर पंडाल में बैठे दर्शकों को ठुमका लगाने पर मजबूर कर दिया। अगले क्रम में तमन्ना, शाहिना, नमन, वैस, अभय, जीतू, अनन्या, धीरज, राधिका, रितिका बच्चों ने स्कूल लाइफ पर कॉमेडी ड्रामा प्रस्तुत किया। वहीं आंचल, रीना,अनन्या द्वारा करवा चौथ पर कॉमेडी नाटक से खूब ठहाके लगे। श्रील अभय चरण भक्ति वेदान्त स्वामी प्रभुपाद के शिष्य, संजीव अग्रगामी दास, रमा नाथ दास, संगीता माता व मुरली मनोहर दास एवं उनकी संकीर्तन मंडली हरे कृष्ण कम्युनिटी लखनऊ द्वारा प्रस्तुति देकर दर्शकों को भाव विभोर किया। इस अवसर पर महोत्सव समिति के रणवीर सिंह, विनय दुबे, हेमू चौरसिया आदि उपस्थित रहे। मंच का संचालन प्रदीप शुक्ला एवं मनीष पंडित ने किया।

# मनकापुर के ग्राम हड़हवा में हो रहा मनरेगा में खेल

**गोण्डा ,समृद्धि न्यूज़।**

मनकापुर विकास खंड अंतर्गत ग्राम पंचायत हड़हवा में ग्राम - पंचायत द्वारा कराए जा रहे मनरेगा के कामो को जिले के अधिकारियों को गुमराह कर जमकर भ्रष्टाचार किया जा रहा है।



प्रधान प्रतिनिधि और रोजगार सेवक मेट के द्वारा अधिकारियों को गुमराह कर घर बैठे मनरेगा श्रमिकों की फर्जी हाजिरी लगाया जा रहा है। ग्राम पंचायत हड़हवा में मनरेगा के तहत ग्राम पंचायत द्वारा खोबा मार्ग से हर हवा संपर्क मार्ग कब्रिस्तान तक मिट्टी पटाई का कार्य वही उसी ग्राम पंचायत में डॉ. राम बालक के खेत से निकलने मनीराम के चक होते हुए प्रधानमंत्री रोड तक मिट्टी पटाई का कार्य चल रहा है। जिसमे इन दोनों कामों के लिए 27 नवबर को 79 का मस्टर रोल में श्रमिकों को काम करते दिखाया गया है।लेकिन धरातल पर सिर्फ दस श्रमिक ही काम करते पाए गए हैं।मनरेगा में फर्जीवाड़ा थमने का नाम नहीं ले रहा है। अधिकारियों के संरक्षण पर फर्जीवाड़ा करने वाले रोजगार सेवक, प्रधान व सचिव फलफूल रहे हैं।

तभी तो ऑनलाइन अपलोड मस्टररोल और कार्य स्थल पर काम कर रहे मजदूरों की उपस्थिति में भिन्नता मिल रही है। वही 28 नवंबर को भी 15 श्रमिकों की उपस्थिति दिखाई गई है लेकिन धरातल पर सिर्फ दस श्रमिक काम करते दिखाई दे रहे हैं।लेकिन प्रतिदिन प्रधान प्रतिनिधि और रोजगार सेवक मेट द्वारा 27 नवंबर को 79 श्रमिक, 28 नवंबर को 15 श्रमिकों की हाजिरी लगाई गई है। जबकि कार्यस्थल स्थल को स्थिति पूर्व की भाति है। एक साइड पर काम चल रहा है दूसरे साइड पर कोई काम दिखाई नहीं पड़ रहा है।मनरेगा के मस्टर रोल में हो रही गड़बड़ी की जानकारी पत्रकारों की मौजूदगी को भनक वहां की हकीकत जानी तो वहां की सच्चाई देखकर दंग रह गए वही अब ऐसे में सवाल उठना लाजिमी है कि अगर मनरेगा श्रमिकों ने कार्यस्थल पर कार्य ही नहीं किया है।तो एनएनएमएस ऐप पर आनलाइन हाजिरी कैसे अपलोड की गई।जांच में सत्यता पाई जाती है तो क्या दोषी के विरुद्ध विभागीय कार्यवाही होगी। प्रधान प्रतिनिधि और रोजगार सेवक मेट द्वारा उक्त कार्यस्थल पर बिना कार्य के कूटरचित तरीके से फर्जी श्रमिकों की हाजिरी सुजित की गई यह यक्ष प्रश्न बना कैसे हुआ है।अभी उतने से मन नहीं भरा तो एक और मस्टररोल जारी कराया गया है।

सूत्रों के अनुसार ग्राम पंचायत में नियुक्त तकनीकी सहायक की मिलीभगत से साइड की अधिकतम लागत दिखा एमबी करा दी जाती है।

बिना कार्य करार कुछ मजदूरी के खाते में पैसे भेज कर निकाल लिया जाता है।और उसके एवज में पांच सौ से सात सौ रुपए उन मजदूरों को दे दिए जाते है। सबसे बड़ी बात है कि मनरेगा योजना से हो रहे कार्यों में कई कार्य स्थली पर कार्य शुरू होने के कई दिनों तक सोआईयो बोर्ड इसलिए नही लगाया जाता की ग्रामीणों को इसकी लागत समेत अन्य जानकारी न होने जाए,वही सीआईबी बोर्ड तब लगाया जाता जब कार्यस्थल का फोटो सेशन कर उस परियोजना का काम करा पेमेंट के लिए ब्लॉक स्तर पर फाइल जाता है। बता दे मनकापुर ब्लॉक अंतर्गत विभित्र ग्राम पंचायतों में क्षेत्र पंचायत व ग्राम पंचायत से मनरेगा का कार्य जोरी पर है।अब देखना यह लाजिमी होगा की मनरेगा योजना हो रहे भ्रष्टाचार पर प्रभावी रोकथाम के लिए संबंधित अधिकारी दोषियों पर विभागीय कार्यवाही करते है या मामले की लीपापोती कर प्रकरण को ठंडे बस्ते में डाल दिया जाएगा। जब इस प्रकरण पर मनकापुर के विकासखंड अधिकारी गौरीशा श्रीवास्तव को फोन लगाकर जानकारी लेनी चाही तो बेल बजती रही किंतु फोन नहीं रिसीव हुआ।

# घर से शहादतगंज जाने को बताकर निकला युवक लापता

**▸ पीड़ित पिता ने थाने में दर्ज कराई गुमशुदगी**

**गोंडा ,समृद्धि न्यूज़।**

जिले के नवाबगंज थाना क्षेत्र के अन्तर्गत एक गांव से शुक्रवार की सुबह शहादत गंज फैजाबाद जाने को बताकर घर से निकला युवक लापता हो गया। युवक की काफी खोजबीन के बाद पता ना चलने से पीड़ित पिता ने थाने में सूचना देकर गुमशुदगी दर्ज कराई है। मिली जानकारी के मुताबिक नवाबगंज थाना क्षेत्र के अन्तर्गत पोस्ट कटरा शिवदयालगंज के ग्राम फतेपुर निवासी बैजनाथ पुत्र गंगा प्रसाद ने दर्ज कराई गुमशुदगी में कहा है कि उनका पुत्र रोहित कुमार उम्र लगभग



28 वर्ष 22 नवम्बर को समय सुबह लगभग 10 बजे शहादत गंज फैजाबाद जाने को बताकर घर से निकला था,जब शाम तक वापस नहीं आया तो उसके मोबाइल नंबर पर काल किया गया तो नंबर बंद मिला। उसके बाद रिश्तेदार व परिचितों के पास जाकर व फोन द्वारा पता किया गया पर कोई पता नहीं चल सका। उसका हुलिया रंग गोरा बाल छोटा मीडियम दाढ़ी, नीला जींस पैंट व काली शर्ट, काले रंग की सदरी पहने हुए था। पीड़ित परिजनों ने काफी खोजबीन किया लेकिन लापता युवक का कहीं पता नहीं चला है।

# महिला से रूपये व गहने लूटकर बदमाश फरार, तलाश में जुटी पुलिस

**गोण्डा ,समृद्धि न्यूज़।**

जिले के बभनान- खोड़ारे मार्ग पर शाहनगर पुलिया के पास मंगलवार रात्रि लगभग साढ़े नौ बजे बाइक सवार बदमाशों ने बैग मे रखे महिला का सोने का चैन,सोने का कान का झाला, सोने का ओम लिखी लाकेट व नगदी सहित लगभग लाखों रूपए का सामान लूटकर फरार हो गए। वारदात के 48 घंटे बाद पुलिस के हाथ खाली है।

वहीं छपिया थाना क्षेत्र के बभनान- खोड़ारे मार्ग के शाहनगर पुलिया के पास मंगलवार रात्रि लगभग साढ़े नौ बजे बाइक पर सवार होकर खोड़ारे के बनकटवा निवासी मुकेश जायसवाल अपने भाभी पिंकी जायसवाल के साथ बभनान से घर जा रहे थी। इसी बीच दो बाइक सवार बदमाश हेलमेट लगाकर पहुंचे और महिला के कंधे पर टंगे बैग को लूटकर फरार हो गये। इस घटना के बाद मुकेश जायसवाल ने डायल 112 पर फोन किया तो पुलिस पहुंची तब तक बदमाश फरार हो चुके थे। पीड़ित मुकेश की माने तो बैग मे एक सोने की चेन,एक सोने का कान का झाला,एक सोने की ओम लाकेट तथा लगभग छः हजार रूपए नगद था। छपिया पुलिस की मानें तो बदमाशों की तलाश मे जुटी हुई है। सीसीटीवी फुटेज सहित तमाम बिन्दुओ पर जांच की जा रही है। वही सीओ मनकापुर राकेश कुमार सिंह ने बताया की घटना की तहरीर मिली है साक्ष्यों के आधार पर पुलिस बदमाशों के तलाश मे जुटी है।

# डीएम के आदेश पर भी भूमि धोखाधड़ी में नहीं हुई कार्रवाई

**कर्नलगंज/गोण्डा ,समृद्धि न्यूज़**

**▸ डीएम का निर्देश कर्नलगंज तहसील के ठंडे बस्ते में रह गया**

स्थानीय तहसील क्षेत्र के एक गांव में एक जड़ बुद्धि मूकबधिर व्यक्ति की भूमि को बिना जिलाधिकारी की अनुमति के फर्जी कूटरचित तरीके से बैनामा करा लिए जाने के गंभीर मामले में हुई शिकायत पर डीएम के द्वारा दिये गये तत्काल जांच के आदेश के बावजूद भूमि धोखाधड़ी से जुड़ा मामला स्थानीय अधिकारियों द्वारा ठंडे बस्ते में डाल दिया गया है और अभी तक कोई कार्रवाई ना होने से जिम्मेदारों की कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। मामला कर्नलगंज तहसील व कोतवाली क्षेत्र के ग्राम कादीपुर का है। जहां एक जड़ बुद्धि व्यक्ति जो मूकबधिर था उसकी संपत्ति जिलाधिकारी के संरक्षण में थी। इस जड़ बुद्धि व्यक्ति के मृत्यु के बाद धरती के सौदागरों की निगाह उस जमीन पर पड़ गई और फिर एक कपटपूर्वक कूटरचित ढंग से गाटा संख्या 337/3.840 भूमि में जड़ बुद्धि व्यक्ति शिवपाल पुत्र गोविन्द प्रसाद की जमीन को गोमती नाम के व्यक्ति ने भावना अग्रवाल, अतुल अग्रवाल आदि के नाम से बैनामा कर दिया। जबकि शासन के आदेशों के अनुसार जड़ बुद्धि के वारिस के नाम तब तक जमीन नहीं हो सकती है जब तक जिलाधिकारी की एनओसी (अनापत्ति प्रमाण पत्र) नहीं लगता है। लेकिन गोमती नाम के व्यक्ति ने धरती के सौदागरों के चक्कर में पड़कर जमीन का बैनामा कर दिया। ऐसे में कहीं ना कहीं बैनामा करने- कराने में रजिस्ट्रार को भी संलिप्त होना पाया जाता है। जो की इस वक्त एसआईटी के चंगुल में फंसकर जेल की रोटी तोड़ रहा है। वही इस प्रकरण में समाजसेवी संतोष शुक्ला ने पूरे प्रकरण की सही जांच कराकर कार्यवाही करने की जिलाधिकारी से अपील की थी। जिससे की धरती के सौदागरों का हौसला बुलंद ना हो सके और फिर भविष्य में इस कृत्य की पुनरावृत्ति ना हो।

इस जालसाजी के पूरे खेल में तत्कालीन हल्का लेखपाल की भी मिलीभगत बताई जाती है। मामले को जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने गंभीरता से संज्ञान में लेते हुए कर्नलगंज के उपजिलाधिकारी को तत्काल जांच करने के निर्देश दिए थे लेकिन जिलाधिकारी का निर्देश कर्नलगंज तहसील के ठंडे बस्ते में दबकर रह गया। ऐसे में गंभीर सवाल यह भी उठता है कि कहीं भावना अग्रवाल और अतुल अग्रवाल के प्रभाव में आकर तो यह भूमि धोखाधड़ी की फाइल नहीं दब गई।

# झूठी खबर चलाने को लेकर पत्रकार पर दर्ज हुई एफआईआर

**▸ दोनों एफआईआर के अलावा उक्त पत्रकार पर एक मजिस्ट्रियल जांच भी चल रही है**

**गोंडा ,समृद्धि न्यूज़।**

उत्तर प्रदेश के गोंडा में रहने वाले पत्रकार अतुल कुमार यादव पर दो मुकदमे दर्ज कराए गए हैं। जिसमें पहला मुकदमा लखनऊ-गोरखपुर इण्टरसिटी एक्सप्रेस में पथराव की झूठी खबर चलाने को लेकर पुलिस द्वारा दर्ज कराया गया है, वहीं दूसरा मुकदमा माइक की लीड चोरी करने को लेकर दर्ज कराया गया है, बताया जा रहा है कि अतुल कुमार यादव गोंडा में जी न्यूज और दैनिक भास्कर डिजिटल दोनों लीड करते हैं, आपको बता दें कि पहला मुकदमा गोंडा के थाना कटरा बाजार में अपराध संख्या- 409/2024 के तहत बीएनएस की धारा 353 (2) का दर्ज कराया गया है, वहीं दूसरा मुकदमा नेटवर्क 10 के रिपोर्टर मनोज पांडेय द्वारा थाना कोतवाली नगर, गोंडा में अपराध संख्या- 893/2024 के तहत 303(2), 352 व 351(3) की धाराओं में दर्ज कराया गया है। वहीं लोगों की माने तो पत्रकार अतुल यादव फर्जी और बेबुनियाद खबर चलाने को लेकर सुर्खियों में रहते हैं। गौरतलब है कि अब जिले में दोनों एफआईआर को लेकर चर्चा का विषय बना हुआ है, यही नहीं विभागीय सूत्रों की माने तो इन दोनों एफआईआर के अलावा उक्त पत्रकार पर एक मजिस्ट्रियल जांच भी चल रही है।

## बलपूर्वक ट्रैक्टर ले जाना पड़ा भारी, मुकदमा दर्ज

**कटरा बाजार/गोंडा ,समृद्धि न्यूज़।** थाना क्षेत्र के एक गांव के रहने वाले पीड़ित व्यक्ति की तहरीर व न्यायालय के आदेश पर स्थानीय पुलिस ने वसूली एजेंटो के विरुद्ध पुलिस ने डकैती का मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। घटना थाना कटरा बाजार अंतर्गत ग्राम पिपरा पदुम से जुड़ी है। यहां के निवासी रामअदालत क़ी तहरीर व न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने कोटक महिंद्रा बैक लिमिटेड कम्पनी के 10 वसूली एजेंटो के विरुद्ध डकैती का मुक़दमा दर्ज किया है। तहरीर में कहा गया है की 13 जनवरी 2021 क़ी सुबह करीब 4 बजे वह मैजापुर चीनी मिल से गन्ना क़ी तौल कराकर अपने ट्रैक्टर-ट्राली से वापस घर आ रहा था। अभी वह करीब एक किलोमीटर आगे आया था। उसी बीच दो चार पहिया गाड़ी से 10 वसूली एजेंट पहुंचे और बलपूर्वक उसका ट्रेक्टर लेकर चले गये। आरोप है की उसने थाने के साथ पुलिस अधीक्षक क़ो भी प्रार्थना पत्र दिया। लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक कटरा बाजार राजेश सिंह ने बताया की मुकदमा पंजीकृत कर कार्रवाई की जा रही है।

# मेडिकल कॉलेज में मुफ्त में हुआ कुल्हे का ऑपरेशन

**▸ हमारा लक्ष्य उच्च स्तरीय चिकित्सा सेवाएं गरीब और जरूरतमंद लोगों तक पहुंचे : डॉ संजय खत्री**

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।**



मेडिकल कॉलेज बहराइच में पहली बार कुल्हे का प्रत्यारोपण ऑपरेशन सफलतापूर्वक किया गया। यह ऑपरेशन डॉ. मिथलेश कुमार और उनकी कुशल टीम द्वारा पूरी तरह से निःशुल्क किया गया। इस ऐतिहासिक उपलब्धि ने क्षेत्र के मरीजों को उन्नत चिकित्सा सेवाओं की नई उम्मीद दी है।कॉलेज के प्राचार्य डॉ. संजय खत्री ने इस सफलता पर अपनी खुशी व्यक्त करते हुए कहा, यह मेडिकल कॉलेज के लिए गर्व का क्षण है। हमारा लक्ष्य यह सुनिश्चित करना है कि उच्च स्तरीय चिकित्सा सेवाएं गरीब और जरूरतमंद लोगों तक पहुंचें। हमारी टीम ने जो समर्पण दिखाया है, वह सराहनीय है। मीडिया प्रभारी डॉ. अरविंद शुक्ला ने ऑपरेशन की जानकारी साझा करते हुए कहा, यह ऑपरेशन प्रोफेसर डॉ. मिथलेश कुमार ने किया गया, जिसमें उनकी टीम में डॉ. अंकित मिश्रा, जूनियर डॉक्टर्स और वरिष्ठ एनेस्थेटिस्ट डॉ. आशीष अग्रवाल शामिल थे। यह 3 घंटे का जटिल ऑपरेशन था, जिसे पूरी सावधानी और कुशलता के साथ संपन्न किया गया। इस तरह के ऑपरेशन से यह साबित होता है कि हमारा मेडिकल कॉलेज अब उन्नत चिकित्सा सेवाएं प्रदान करने में सक्षम है। इस सफलता के साथ मेडिकल कॉलेज बहराइच ने चिकित्सा के क्षेत्र में एक नई पहचान बनाई है। भविष्य में भी ऐसे उन्नत ऑपरेशन जरूरतमंद मरीजों के लिए मुफ्त में उपलब्ध कराए जाने का प्रयास किया जाएगा।

# बीमा कपंनी को देने होंगे पीड़ित को 1.22 लाख रुपए

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।**

**▸ उपभोक्ता आयोग ने सुनाया फैसला**

जिला उपभोक्ता आयोग ने करीब बारह वर्ष पुराने क्लेम के मामले में नेशनल इंश्योरेंस कंपनी को बीमित 180 हार्स पावर के रोटर व स्टार्टर की मरम्मत पर आये खर्च एक लाख बाइस हजार दो सौ अड़तालीस रुपये का भुगतान सात प्रतिशत ब्याज सहित करने के आदेश दिये।

साथ ही मानसिक व शारीरिक क्षति के लिये पांच हजार और वाद व्यय के एक हजार दिये जाने को कहा है।रिसिया की शिव राइस एंड फ्लोर मिल ने वर्ष 2012 में 180 हार्स पावर की मोटर क्रय किया था। मोटर का नेशनल इंश्योरेंस कंपनी से तीन लाख रुपए का बीमा कराया। इस बीच मोटर जल गई तो उसे बुलंदशहर मरम्मत के लिये भेजा गया।

मोटर की मरम्मत व भेजने पर आये खर्च का क्लेम किया तो बीमा कंपनी ने व्यय की रकम नहीं दी। मामला जिला उपभोक्ता आयोग पहुंचा और सुनवाई के उपरांत आयोग अध्यक्ष सुरेन्द्र चंद भारती और सदस्य डा . मोनिका प्रियदर्शिनी ने वाद के आंशिक बिंदुओं को स्वीकार कर आदेश पारित किया।आदेश में मरम्मत पर आये व्यय के करीब 1.22 लाख व छह हजार अन्य क्लेम दिये जाने के आदेश दिये हैं।

# युवक ने की अधेड़ की पीट-पीटकर हत्या



**▸ डंडे से जमकर पीटा, इलाज के दौरान हुई मौत, आरोपी की तलाश में जुटी पुलिस**

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।**

जिले के रानीपुर इलाके में स्थित एक ग्राम में रहने वाले अधेड़ का ग्राम के रहने वाले एक व्यक्ति से किसी बात को लेकर कहा सुनी हो गई। जिसके बाद युवक ने उन पर लाठी डंडों से हमला कर दिया हमले में वह बुरी तरह घायल हो गए परिजनों ने स्थानीय पुलिस को सूचना देते हुए घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया जहां पर गुरुवार की सुबह उनकी मौत हो गई पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज आरोपी की तलाश कर रही है। रानीपुर थाना क्षेत्र में रहने वाले ओमप्रकाश मजदूरी करते हैं। बुधवार की शाम उनका ग्राम के रहने वाले संतोष नाम के युवक से किसी बात को लेकर कहा सुनी हो गई। जिसके बाद उसने ओम प्रकाश पर लाठी डंडों से हमला कर दिया जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गए। परिजनों ने रानीपुर थाने में तहरीर देते हुए घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया था। गुरुवार की सुबह जिला अस्पताल में इलाज के दौरान ओमप्रकाश की मौत हो गई।

जिसके बाद परिजनों में कोहराम मच गया। रानीपुर थाना प्रभारी राजमन यादव ने बताया कि मारपीट में ओमप्रकाश नाम के व्यक्ति की इलाज के दौरान मौत हो गई है। परिजनों की तहरीर पर रात में मारपीट का मामला दर्ज किया गया था। मौत के बाद संबंधित धाराएं बढ़ाई जा रही हैं। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज आरोपी की तलाश की जा रही है।

**महिला आयोग की सदस्य ने जिला कारागार व वृद्धाश्रम का किया निरीक्षण**

# बोली, महिला बन्दियों को उपलब्ध करायी जायें सभी सुविधाएं

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।**



उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य अंजु प्रजापति ने जनपद के 02 दिवसीय भ्रमण कार्यक्रम के अन्तिम दिन जिला कारागार पहुंचकर महिला बैरक का निरीक्षण कर निरूद्ध महिलाओं तथा उनके साथ रह रहे बच्चों का कुशल जाना तथा बच्चों को चाकलेट तथा कपड़े वितरित करते हुए अधीक्षक कारागार राजेश यादव को निर्देश दिया कि महिला बन्दियों को शासन द्वारा अनुमन्य सभी सुविधाए उपलब्ध करायी जायें।

प्रजापति ने कारागार की साफ-सफाई व अन्य व्यवस्थाओं पर संतोष व्यक्त किया। इस अवसर पर जेलर अजय कुमार झा, डिप्टी जेलर माधुरी तिवारी व अनिता सक्सेना मौजूद रहीं। कारागार के निरीक्षण के उपरान्त सदस्य प्रजापति ने सामुदायिक व प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र हुजूरपुर, प्राथमिक विद्यालय चाकूजोत व रानीपुर का निरीक्षण कर विभिन्न व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की। स्वास्थ्य केन्द्रों के निरीक्षण के दौरान श्रीमती प्रजापति ने अधीक्षक कक्ष, पर्चा काउण्टर, ओपीडी इत्यादि का निश्रीक्षण करते हुए संस्थागत प्रसव तथा मरीज़ों की संख्या के बारे में जानकारी प्राप्त करते हुए मौजूद चिकित्सकों व पैरा मेडिकल स्टाफ को शासन की मुशानुरूप आमजन को चिकित्सकीय सेवाएं एवं सुविधाएं प्रदान करने के निर्देश दिये। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधीक्षक एम.एम.एम. त्रिपाठी, फैकल्टी के संकाय सदस्य डॉ. अमरदीप पटेल, डॉ. शिवांगी व अन्य चिकित्सक मौजूद रहे।

महर्षि बालार्क जिला चिकित्सालय के 100 बेडेड एम.सी.एच. विंग के निरीक्षण के उपरान्त महिला आयोग की सदस्य श्रीमती प्रजापति ने थारू महिला विकास समिति गोण्डा द्वारा संचालित वृद्धाश्रम अमीनपुर नगरौर का भ्रमण कर संवासित बुज़ुर्गों का आशीर्वाद प्राप्त किया तथा कुशलक्षेम पूछते हुए वृद्धाश्रम के खान-पान व अन्य व्यवस्थाओं के बारे में फीड बैक प्राप्त किया। वृद्धाश्रम के प्रबन्धक दिलीप कुमार द्विवेदी ने बताया कि वर्तमान समय में वृद्धाश्रम 105 संवासी मौजूद हैं। श्रीमती प्रजापति ने निर्देश दिया कि शासन द्वारा अनुमन्य सभी सुविधाएं संवासित बुज़ुर्गों को उपलब्ध करायी जायें। इसके पश्चात श्रीमती प्रजापति ने गेंद घर परिसर स्थित अनुसूचित जाति/जनजाति की छात्राओं हेतु निर्मित छात्रावास का निरीक्षण कर विभिन्न व्यवस्थाओं का जायज़ा लिया तथा मौके पर मौजूद अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। इस अवसर पर जिला प्रोबेशन अधिकारी विनोद राय, महिला थानाध्यक्ष मंजू यादव व अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

# पुलिस के हत्थे चढ़े दो चोर, असलहे बरामद

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।**

कैसरगंज पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर चोरी की योजना बना रहे दो शातिर चोर को घेराबंदी कर हिरासत में ले लिया। तलाशी में उनके पास से अवैध असलहे के साथ चोरी करने में काम आने वाले उपकरण भी बरामद हुए हैं।



पकड़े गए दोनों युवकों के खिलाफ लखनऊ व बाराबंकी जनपद में चोरी के कई मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस में मामला दर्ज कर दोनों को न्यायालय में पेश किया है जहां से दोनों को पुलिस अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया है। कैसरगंज थाना प्रभारी हरेंद्र कुमार मिश्रा को मुखबिर ने सूचना दी की दो शातिर चोर किसी वारदात को अंजाम देने के लिए इलाके में स्थित चकपिहानी चौराहे से बरखुरद्वारापुर जाने वाले बायपास मार्ग पर खड़े हैं। जानकारी मिलते ही थाना प्रभारी उप निरीक्षक बेचू प्रसाद गोंड आरक्षी अर्चितानंद तिवारी, संदीप पटेल को साथ लेकर मौके पर छापेमारी करते हुए दो लोगों को हिरासत में ले लिया।

तलाशी के दौरान उनके पास से अवैध तमंचा व कारतूस के साथ अन्य औजार बरामद हुए। थाना प्रभारी हरेंद्र मिश्रा ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर दो शातिर चोरों को गिरफ्तार किया गया है इनकी पहचान कल्लू निवासी जरवलरोड व विजय निषाद निवासी हुजूरपुर के रूप में हुई है। इन दोनों के खिलाफ जनपद लखनऊ व बाराबंकी में चोरी समेत अन्य मामलों में 15 से अधिक मामले दर्ज हैं।

# बाइक चोर गिरोह का पर्दाफाश, चार गिरफ्तार

**▸ चोरो के पास से मोबाइल,नेपाली और भारतीय मुद्रा बरामद**

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।**



जनपद के फखरपुर थाने पुलिस ने अंतर्जनपदीय बाइक चोर गैंग का खुलासा किया है। पकड़े गए चोरों के पास से चोरी की पांच बाइक, मोबाइल, नेपाली और भारतीय मुद्रा भी बरामद हुआ है। पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक नगर रामानंद कुशवाहा ने फखरपुर पुलिस को बाइक चोरों के गैंग के सक्रिय होने की सूचना दी। थानाध्यक्ष राजेश कुमार शुक्ला, वरिष्ठ उप निरीक्षक कृष्ण कुमार सिंह, उप निरीक्षक राज नारायण त्रिपाठी, सूर्याकांत चौबे, रवि यादव, अवधेश कुमार वर्मा, शशिकांत गुप्ता समेत अन्य की टीम ने मुखबिर की सूचना पर कोठवल कला गांव में दबिश दी। थानाध्यक्ष ने बताया कि मौके से चोरी की पांच बाइक बरामद की गई। बाइक चोरी के मामले में सीतापुर जिले के रामपुर मथुरा थाना क्षेत्र के ग्राम चिहुडी निवासी शिवम सिंह पुत्र परवेश सिंह, अनुराग सिंह पुत्र राजेश सिंह, गोंडा जिले के कटरा थाना क्षेत्र के कटरा बाजार नाऊ टोला निवासी नसीर अहमद पुत्र जहीर पिपरी मांझा गांव निवासी उमेश कुमार तिवारी पुत्र सुशील कुमार को गिरफ्तार किया गया। सभी के विरुद्ध केस दर्ज कर जेल भेज दिया गया है। बरामद सभी बाइक को सीज कर दिया गया है।

थानाध्यक्ष ने बताया कि छह मोबाइल, 8400 रूपये भारतीय और 75 रुपये नेपाली बरामद हुआ है।

# अच्छे समाज के लिए सत्संग प्रथम साधनः संत पंकज महराज

**▸ सत्संग भ्रमण के 107वें दिन ग्राम-भगड़िया पहुंची जन-जागरण यात्रा**

**मिहींपुरवा,मोतीपुर बहराइच समृद्धि न्यूज़।**



जयगुरुदेव धर्म प्रचारक संस्था मथुरा के मुखिया बाबा पंकज महाराज की 108 दिवसीय शाकाहार सदाचार,आध्यात्मिक वैचारिक जन-जागरण यात्रा मिहींपुरवा नगर से 15 कि.मी. दूर ग्राम-भगड़िया में पहुँची। यात्रा का भव्य स्वागत किया गया। सत्संग भ्रमण के 107वें दिन अपने सत्संग में संस्था प्रमुख ने कहा कि देवी देवता मानव तन पाने के लिए तरसते हैं।

आत्मा का कल्याण मानव शरीर से ही संभव है।यहाँ की भूमि योग भूमि है। योग भूमि को भोग भूमि बनाने की कोशिश सफल नहीं होगी। चरित्र मानव धर्म की सबसे बड़ी पूँजी है। भगवान जीते जी मिलता है। मरने के बाद किसी ने नहीं पाया है। किताबें महात्मा नहीं बना सकती। महात्मा टूटे दिलों को जोड़ते हैं। उन्होंने कहा कि सन्त महात्मा इस धरा धाम पर जीवों के कल्याण के लिए मनुष्य रूप में अवतरित होते हैं।वह भगवान का नाम जगाते और सिद्ध करते हैं। जगा हुआ नाम ही जीवों का कल्याण करता है। कबीर साहब ने 'साहब' नाम जगाया। गुरु नानक ने 'वाहे गुरु' गुरु गोविन्द सिंह ने 'सत श्री अकाल', गोस्वामी जी ने 'राम', मीराबाई ने 'गिरधर', सूरदास ने 'श्याम' नाम जगाया। इसी प्रकार मेरे गुरु महाराज परम सन्त बाबा जयगुरुदेव महाराज ने 'जयगुरुदेव'नाम को जगाया जयगुरुदेव नाम का ऐसा जहाज बना दिया है।जिस पर मानव सृष्टि के सभी जीव चढ़ जॉय, तब भी खाली रहेगा और जहाज सबको भवसागर पार कराएगा।

# बहराइच व मिहींपुरवा में सामूहिक विवाह कार्यक्रम 30 नवम्बर को

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।**

समाज में सर्वधर्म समभाव एवं सामाजिक समरसता को बढ़ावा देने एवं बेटियों के कल्याण के उद्देश्य से प्रदेश सरकार द्वारा संचालित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना अन्तर्गत 30 नवम्बर को राजकीय बालिका इण्टर कालेज के मैदान गेंद घर एवं विकास खण्ड मिहींपुरवा के मण्डी परिसर में वृहद स्तर पर सामूहिक विवाह कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में लगभग 250 जोड़ों का सामूहिक विवाह कार्यक्रम सम्पन्न होगा। यह जानकारी देते हुए जिलाधिकारी मोनिका रानी ने बताया कि सामूहिक विवाह कार्यक्रम को सफलतापूर्वक सम्पन्न कराये जाने के उद्देश्य से कार्यक्रम स्थल गेंद घर के लिए नगर मजिस्ट्रेट व परियोजना निदेशक डीआरडीए तथा कार्यक्रम स्थल मण्डी परिसर मिहींपुरवा के लिए मुख्य राजस्व अधिकारी व जिला विकास अधिकारी को ओवरआल प्रभारी नामित किया गया है। डीएम ने बताया कि सामूहिक विवाह कार्यक्रम की अन्य व्यवस्थाओं के लिए अलग-अलग अधिकारियों को नोडल व सहायक नोडल अधिकारी की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

# तेज रफ्तार डीसीएम ने पिकअप को मारी टक्कर, एक की मौत

▸ हादसे में तीन घायल

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**



गुरुवार सुबह करीब पांच बजे गुरुबक्शगंज थाना क्षेत्र की अटौरा चौकी के रायबरेली-कानपुर राजमार्ग पर स्थित अहमदपुर बैंक के समीप केलौली से टेंट का सामान लादकर रायबरेली की तरफ जा रही पिकअप और सामने से आ रही डीसीएम में टक्कर हो गई। इस घटना में दोनों वाहनों पर सवार चार लोग गम्भीर रूप से घायल हो गये। सभी घायलों को इलाज हेतु जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां इलाज के दौरान एक व्यक्ति की मौत हो गई।

इस घटना में डीसीएम चालक राजेश कुमार (46) पुत्र बृजलाल निवासी कानपुर नगर व पिकअप पर सवार सोनू (30) पुत्र गुरु प्रसाद निवासी चंदौली थाना कोतवाली नगर जनपद रायबरेली, मनोज (18) पुत्र बलई निवासी ग्राम पूरे वंशीवट मजरे रसूलपुर गुंडा थाना गुरुबक्शगंज जनपद रायबरेली, अंकित पुत्र अज्ञात निवासी ग्राम चंदौली थाना कोतवाली नगर जनपद रायबरेली गम्भीर रूप से घायल हो गये।

वहीं नितिन (26) पुत्र विनोद कुमार निवासी ग्राम दरीबा थाना कोतवाली नगर जनपद रायबरेली पिकअप में बुरी तरह फंस गए थे, जिन्हें स्थानीय लोगों ने एनएचएआई टीम की मदद से करीब 2 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद सकुशल बाहर निकाला गया। सभी घायलों को एम्बुलेंस द्वारा उपचार के लिए जिला अस्पताल भिजवाया गया, जहाँ इलाज के दौरान पिकअप सवार मनोज की मौत हो गई, जबकि अन्य घायलों का इलाज चल रहा है। अटौरा चौकी इंचार्ज वागीश मिश्रा ने बताया कि घटना के सम्बन्ध में तहरीर मिलने पर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जायेगी।

## अज्ञात वाहन ने बाइक में मारी टक्कर, दो घायल, एक गंभीर

**बछरावा रायबरेली।** तेज रफ्तार अनियंत्रित कार के द्वारा बाइक में जा रहे दो युवकों को पीछे से टक्कर मार दी गई। हादसे में दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए, जिसमें एक की हालत गंभीर बताई गई है, जिन्हें लखनऊ ट्रामा सेंटर रेफर किया गया है। घटना 27 नवंबर बुधवार रात्रि 11:00 बजे के आसपास की बताई गई है। जब बछरावां कस्बे के बगाही मोड़ के पास बाइक सवार दो युवक विजय प्रताप सिंह उर्फ पंकज भदौरिया उम्र लगभग 45 वर्ष निवासी ओम नगर बछरावां एवं मनीष श्रीवास्तव पुत्र विनोद श्रीवास्तव निवासी राजामऊ लखनऊ प्रयागराज मार्ग पर निकल रहे थे तभी बगाही मोड पर घूमते समय अचानक लखनऊ से रायबरेली की ओर जा रही एक अनियंत्रित कार के द्वारा उन्हे जोरदार टक्कर मार दी गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बाइक के जहाँ परखच्चे उड़े, वही दोनों बाइक पर सवार युवक भी गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को स्थानीय लोगों एवं राहगीरों की सहायता से बछरावां सीएचसी पहुंचाया गया। जहां दोनों का प्राथमिक उपचार किया गया है। परंतु एक युवक विजय प्रताप की हालत को गंभीर देखते हुए डॉक्टर प्रियेसकांत के द्वारा लखनऊ ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया है।

## एथेनॉल से लदे टैंकर में टायर फटने से लगी आग, आग बुझने में जुटी फायर ब्रिगेड की टीम



**रायबरेली।** लखनऊ प्रयागराज मार्ग पर सीतापुर रेडिको कंपनी से इलाहाबाद एसेंशियल 40000 लीटर एथेनॉल लेकर जा रहे ट्रक में टायर फटने की वजह से आग लग गई। मौके पर गई फायर ब्रिगेड की टीम ने आग पर काबू पाया। लखनऊ प्रयागराज मार्ग पर इथेनॉल लेकर जा रहे टैंकर में टायर फटने की वजह से आग लग गई।सूचना पर गई फायर ब्रिगेड की तीन गाड़ियां सात घंटे से आग बुझायी। टैंकर चालक रामनिवास धौलतपुर राजस्थान ने बताया कि सीतापुर रेडिको कंपनी से 40 हजार लीटर इथेनॉल लेकर इलाहाबाद एसोसिएट कंपनी जा रहे थे। सुबह लगभग 4:30 बजे लखनऊ प्रयागराज मार्ग पर टैंकर का टायर फट गया। जिससे टैंक के निचले हिस्से में आग लग गई।चालक ने बताया कि किसी तरह टैंकर से उतरकर अपनी जान बचाई। इसके बाद पुलिस को सूचना दी। मौके पर गई जगतपुर पुलिस ने तत्काल प्रभाव से फायर ब्रिगेड को सूचना दी। इस पर फायर ब्रिगेड की टीम पहुंची और कर्मचारियों ने फाग और पानी से आग पर काबू पाने की कोशिश की लेकिन आग ठंडी नहीं हो सकी है। चालक ने बताया कि 40000 लीटर एथेनॉल टैंकर में भरा हुआ है।

## खबरें एक नजर में

### बच्चों को बांटा गया मिष्ठान



**महराजगंज, रायबरेली।** स्वदेश सरस्वती शिशु मंदिर मे आज वंदना स्थल पर सम्मानित अभिभावक शारदा शरण पांडे तथा प्रांतीय परिषद सदस्य डॉक्टर एमडी पासी का आगमन हुआ। वंदना के पश्चात पांडे ने प्रेरक प्रसंग के माध्यम से बच्चों को शीघ्रता में कार्य करने से होने वाली तत्रुटियों के प्रति आगाह किया। वही डॉक्टर एमडी पासी ने अंगवस्त्र पहनकर प्रधानाचार्य संजय कुमार पाठक का स्वागत किया। इस अवसर पर बच्चों को टॉफी तथा आचार्य को मिष्ठान प्रदान कर सम्मान दिया गया। विद्यालय की ओर से कार्यक्रम में पधारे दोनों बंधुवों का आभार प्रदर्शन वरिष्ठ आचार्य दिनेश कुमार अवस्थी ने किया।

### अनियंत्रित ऑटो ने सफाई कर्मचारियों को मारी टक्कर, दो घायल

**बछरावां, रायबरेली।** सफाई कर्मचारी को सफाई करते समय एक अनियंत्रित ऑटो ने टक्कर मार दी, हादसे में दो कर्मचारी घायल हुए हैं, जिनका इलाज अस्पताल में किया जा रहा है। घटना गुरुवार दोपहर 12:30 बजे की है जब बछरावां कस्बे की चमरहिया गली में ट्रैक्टर में कूड़ा भरने के लिए गए ट्रैक्टर चालक एवं एक सफाई कर्मचारी को रास्ते से गुजर रहे अनियंत्रित ऑटो ने ठक्कर मार दी। हादसे में दोनों घायल हो गए। जिन्हें इलाज के लिए बछरावां सीएचसी पहुंचाया गया। जहां दोनों का इलाज किया जा रहा है। घायल अभिषेक कुमार पुत्र केदारनाथ उम्र 27 वर्ष निवासी खजुरों थाना शिवगढ़ जो ट्रैक्टर चालक का काम करता है। वही साथ में संविदा सफाई कर्मचारी कृपा शंकर पुत्र शिव शंकर उम्र 35 वर्ष निवासी किला मोहल्ला बछरावां कस्बा दोनों सफाई कर्मचारी ट्रैक्टर ले जाकर कूडा उठाने का काम कर रहे थे। इस बीच अनियंत्रित ऑटो के द्वारा उन्हे टक्कर मार दी गई। दोनों घायलों का इलाज सीएचसी में किया जा रहा है।

### बिजली के ट्रांसफार्मर में स्पार्किंग के चलते लगी आग, बाल-बाल बची फुटपाथ पर लगी दुकानें

**बछरावां, रायबरेली।** कस्बे के मुख्य चौराहे पर रखे हुए बिजली के ट्रांसफार्मर में शॉर्ट सर्किट के चलते अचानक आग लग गई। गनीमत यह रही की आसपास लोग मौजूद होने के चलते फुटपाथ पर लगी दुकान बाल बाल–बच गई। घटना 28 नवंबर बृहस्पतिवार सुबह 6:00 बजे के आसपास की है जब लखनऊ प्रयागराज मार्ग पर बछरावां कस्बे के मुख्य चौराहे पर रखे हुए ट्रांसफार्मर में अचानक शार्ट सर्किट के चलते आग लग गई। ट्रांसफार्मर के अगल–बगल फुटपाथ पर कई कपड़े की दुकान व अन्य उत्पाद पर लगी दुकान मौजूद हैं। गनीमत यह रही कि आग सुबह दिन के उजाले में लगी थी ।नहीं तो बड़ी घटना हो सकती थी। आसपास मौजूद लोगों ने कपड़े की दुकानों से आनन फ़ानन मे सारे कपड़े आदि बाहर कर दिए। आसपास के लोगों के द्वारा पावर हाउस में सूचना देकर लाइन को बंद कराया गया और सुरक्षित सामान बाहर निकाला गया। आग पर कड़ी में मशक्कत से काबू पाया गया। बिजली विभाग के कर्मचारियों के द्वारा ट्रांसफार्मर में हुए हादसे के बाद रिपेयरिंग का कार्य जारी कर दिया गया।

### थाना श्रीदत्तगंज पुलिस ने वांछित को किया गिरफ्तार



**उतरौला (बलरामपुर)।** पुलिस अधीक्षक बलरामपुर विकास कुमार के निर्देशन में अपराध और अपराधियों पर नियंत्रण के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना श्रीदत्तगंज पुलिस ने गुरुवार को एक वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया। अपर पुलिस अधीक्षक नम्रिता श्रीवास्तव और क्षेत्राधिकारी उतरौला राघवेंद्र प्रताप सिंह के पर्यवेक्षण में, थानाध्यक्ष श्रीदत्तगंज अनिल कुमार दीक्षित के नेतृत्व में उपनिरीक्षक रमेश यादव और कांस्टेबल अखिलेश यादव ने टीम के साथ कार्रवाई की। पुलिस ने मु.अ.सं. 137/2024 धारा 137(2)/87/65(1) बीएनएस और 3/4 पाक्सो एक्ट के तहत पंजीकृत मामले में आरोपी सोनू जायसवाल पुत्र परिक्रमा प्रसाद, निवासी ग्राम खरदौरी थाना श्रीदत्तगंज को खरदौरी बाईपास मोड़ से गिरफ्तार किया। गिरफ्तार अभियुक्त के खिलाफ विधिक प्रक्रिया पूरी करते हुए उसे न्यायालय भेज दिया गया। इस कार्रवाई से अपराधियों के खिलाफ चल रहे अभियान को और मजबूती मिली है।

### शांतिभंग में दो गिरफ्तार, पुलिस ने की कार्रवाई




**उतरौला (बलरामपुर)।** गुरुवार को थाना रेहराबाजार की पुलिस टीम ने शांति भंग के मामले में दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया। पुलिस द्वारा की गई कार्रवाई में अख्तर अली अंसारी और अबू बकर अंसारी को गिरफ्तार किया गया। ये दोनों आरोपी सकड़रिया गांव, थाना रेहरा बाजार के निवासी हैं। गिरफ्तार अभियुक्तों के खिलाफ धारा–170/126/135 बीएनएसएस के तहत मामला दर्ज कर उन्हें आवश्यक कार्रवाई के बाद न्यायालय उतरौला भेज दिया गया। गिरफ्तारी की कार्रवाई में उपनिरीक्षक उपेन्द्र यादव, हेड कांस्टेबल ओमप्रकाश यादव और कांस्टेबल अंकित मौर्य की टीम शामिल थी।

### पोषण भी, पढ़ाई भी अभियान के तहत तीन दिवसीय आंगनवाड़ी कार्यकर्त्री प्रशिक्षण का हुआ शुभारंभ





**बलरामपुर।** पोषण भी पढ़ाई भी अभियान के तहत आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों की तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ विकास खंड सभागार में किया गया। कार्यकम का शुभारम्भ जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि श्याम मनोहर तिवारी द्वारा किया गया। इस दौरान जिला कार्यक्रम अधिकारी निहारिका विश्वकर्मा, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी शुभम शुक्ल, जिला पंचायत राज अधिकारी श्रेया उपाध्याय उपस्थित रहें। प्रशिक्षण कार्यक्रम में मास्टर ट्रेनर द्वारा आंगनबाड़ी कार्यकत्री को हॉट कुक्ड मील, पीएम मातृत्व वंदन योजना, पोषाहार वितरण आदि के संबंध में गाइडलाइन की जानकारी दी गई, इस दौरान प्रश्नोत्तरी सेशन का भी आयोजन हुआ, जिसमें आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के सभी प्रश्नों का उत्तर दिया गया। जिला कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि विभागीय योजनाओं के और बेहतर क्रियान्वयन एवं आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को और दक्ष बनाने के लिए तीन दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें 1100 आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा।

## मुख्य सचिव ने सिवरेज ट्रीटमेंट प्लांट का किया निरीक्षण

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**



मुख्य सचिव, उत्तर प्रदेश शासन मनोज कुमार सिंह ने अपने एक दिवसीय जनपद भ्रमण कार्यक्रम के दौरान जनपद रायबरेली में अमृत योजनान्तर्गत निर्मित गोडवा गदियानी स्थित सीवरेज ट्रीटमेन्ट प्लान्ट (18 एमएलडी क्षमता, एसबीआर तकनीक आधारित) का निरीक्षण किया गया। मुख्य सचिव ने सीवरेज ट्रीटमेन्ट प्लान्ट पर निर्मित प्रशासनिक भवन के मीटिंग हाल में योजना के मुख्य पहलुओं के बारे में जानकारी प्राप्त की गयी। मुख्य अभियन्ता (ल.क्षे.) उप्र जल निगम (नगरीय) लखनऊ द्वारा 18 एमएलडी क्षमता के एसटीपी का निर्माण मेसर्स घारपुरे इन्जी. एण्ड कान्स्ट्रक्शन प्रालि, पुणे द्वारा वर्ष 2022 में पूर्ण कर दिसम्बर-2023 में नगर पालिका परिषद, रायबरेली को हस्तान्तरित किया गया है तथा सीवरेज ट्रीटमेन्ट प्लान्ट की ब्रान्च सीवर लाइनों के कार्य मेसर्स केके स्पन इण्डिया लि., फरीदाबाद (हरियाणा) द्वारा किये जा रहे है, जिसकी लागत रु. 168.00 करोड़ है, जिसके अंतर्गत 178.00 किमी. सीवर लाइन बिछ्या जाना प्रस्तावित है, जिसके सापेक्ष 110.00 किमी सीवर लाइन के कार्य किये जा चुके है तथा लक्ष्य को पूर्ण करने के सापेक्ष 14.00 किमी. सीवर लाइन बिछाया जाना शेष है, जिसमें 4.00 किमी. सीवर लाइन ट्रेन्चलेस विधि से किया जाना अपरिहार्य है। इसी दौरान विधायक, सदर द्वारा अवगत कराया गया कि विधान सभा क्षेत्र सदर में लगभग 10.00 किमी. सड़क पुर्नस्थापना का कार्य शेष है, जिस पर मुख्य सचिव द्वारा निर्देशित किया गया कि मेसर्स केके स्पन इण्डिया लि., के विरूद्ध अनुबन्ध के आलेख में ब्लैक लिस्टिंग की कार्यवाही कराते हुये अवशेष कार्य हेतु अग्रिम कार्यवाही करायी जाये। अग्रेत्तर मुख्य सचिव द्वारा सीवरेज शोधन संयत्र (एसटीपी) का निरीक्षण किया गया, जिस पर इनलेट बीओडी के बारे में अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (नगरीय) द्वारा अवगत कराया गया कि लगभग 70-100 मिली. बीओडी प्रापत हो रही है। प्लान्ट पूर्णतया क्रियाशील है व प्लान्टस से मानक अनुरूप पैरामीटर प्राप्त हो रहे है तथा आउटलेट पर 10 बीओडी प्राप्त है। मुख्य सचिव द्वारा ओसीएमएस को देखा गया, जो क्रियाशील पाया गया।

## समाजसेवी विकास सिंह ने जरूरतमंदों को बांटें कंबल

**डलमऊ रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**




सियासी मौसम में समाजसेवा को अम्लीयजामा पहनाने वाले अधिकतर समाजसेवी फिलहाल समाज से नदारत नजर आ रहे हैं तो दूसरी ओर सेवा भाव का माद्दा बुलंद रखने वाले युवा चेहरा विकास सिंह मौसम के तीनों पड़ाव में समाज के निचले पायदान तक पहुंचकर कुछ ऐसा कर गुजरते हैं जो समाज में चर्चा का अलग ही मुकाम हासिल होता बीते बृहस्पतिवार को विकासखंड डलमऊ कि छोटी बड़ी कुल मिलाकर 76 ग्राम सभाओ में ठंड के सितम से पूर्व जरूरतमंदों तक मदद पहुंचाने का बीड़ा उठाए विकास सिंह ने क्षेत्र के रामपुर बरार, कूड़ा शगुनपुर, बांसीपरान जैसी ग्राम सभाओ मे गरीब तबके के बीच पहुंचकर करीब ढाई सौ कंबल वितरण किए जो इस बार के ठंड के सीजन में किसी समाजसेवी द्वारा पहली मदद उभर कर गरीबों के लिए सामने आई जिसका बखान स्वयं कंबल पाने वाले 60 वर्षी राम औतार , जागेश्वर, शीतल दीन, फूल दुलारी, रामकली, जैसे दर्जनों बुजुर्गो का हमारे डलमऊ संवाददाता से जिक्र किया कि चुनावी मौसम में अधिकतर कंबल बांटने वाले कई नामचीन हस्तियां जहां इस वक्त समाज सेवा का बीड़ा उठाने में अभी किसी सियासी मौसम के इंतजार में है या फिर गलन भरी ठंड के इंतजार में जब गरीब अपना जिस्म ढकने के लिए व्यवस्थाएं हासिल कर लेता है। तब सियासी समाजसेवियों को गरीबों कि चिंता सताती रहती है तो वहीं विकास सिंह ने ऐसे समय में हमारी मदद की जिस समय गरीब ठंड से निपटने के लिए नित नए आयाम तलाशता है कंबल पाके खिल उठे गरीबों के चेहरे बयां कर रहे थे कि आर्थिक चोट की मार झेलने से पूर्व मिली मदद समाज से भी विकास सिंह को मददगारों की फेहरिस्त में अव्वल पायदान तक ले जाती है। वहीं इस मौके पर प्रधान संघ अध्यक्ष पुष्पेंद्र सिंह, जिला पंचायत सदस्य अशोक यादव, ग्राम प्रधान दीपू सिंह, ग्राम प्रधान दिलीप यादव, राजकरन यादव, श्रीपाल यादव, राम वाली सिंह, राजेंद्र सिंह आदि लोग उपस्थित रहे।

## चौकी इंचार्ज की विदाई में नवागत का स्वागत




**सूची सलोन, रायबरेली।** चौकी इंचार्ज का स्थानांतरण होने पर विदाई समारोह का आयोजन किया गया। उन्हें फूल माला अंग वस्त्र देकर कर विदाई किया गया। वहीं नवागत चौकी प्रभारी स्वदेश कुमार के आगमन पर जमकर स्वागत किया गया। सलोन कोतवाली क्षेत्र के पुलिस चौकी सूची इंचार्ज रहे प्रिंस सोनकर का स्थानांतरण नसीराबाद थाना क्षेत्र के परैया नमकसार हो गया। जिसके बाद क्षेत्रीय गणमान्य स्टाफ ने फूल माला व अंग वस्त्र भेंटकर मुंह मीठा कराया। इसके बाद विदाई की गई। वहीं उपनिरीक्षक प्रिंस अपनी निष्पक्ष कार्यशैली व मिलनसार व्यक्तित्व उदारता के कारण लोगों के बीच काफी लोगप्रिय हो गए थे। इस दौरान उन्होंने कहा पांच महीने के कार्यकाल में क्षेत्रीय लोगों का जो प्यार स्नेह और सहयोग मिला है वह हमेशा याद रहेगा।

## खेलकूद प्रतियोगिता में दिव्यांग बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

**सलोन रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**



दिव्यांग बच्चों की तहसील स्तरीय खेलकूद व सांस्कृतिक प्रतियोगिता का आयोजन प्राथमिक विद्यालय सलोन में आयोजित किया गया। जिसमें डीह छतोह व सलोन के दिव्यांग बच्चों ने अपनी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

सांस्कृतिक कार्यक्रम में दृष्टिहीन छात्रा सोनम ने मेरी किस्मत के द्वार खुद खुल जायेंगे जब हम पढ़ेंगे गीत प्रस्तुत कर सभी अतिथियों को मंत्रमुग्ध कर दिया। रस्साकसी में सलोन प्रथम व डीह छतोह उपविजेता रहे कुर्सी दौड़ में अर्पिता सलोन, मुकेश छतोह व साहिल डीह क्रमशः प्रथम द्वितीय व तृतीय रहे दृष्टिहीन बच्चों द्वारा छूकर पहचान करने में सत्यम सलोन प्रथम व पुष्पा डीह द्वितीय रहीं।

अस्थि दिव्यांग बच्चों की 100 मीटर दौड़ में अहम छतोह प्रथम आदिल सलोन द्वितीय व साहिल डीह तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रधानाध्यापक सुरेंद्र मौर्या ने कहा दिव्यांगता अभिशाप नहीं बल्कि एक चुनौती है, इसलिए आप सभी अभिभावक अपने बच्चों को खेल शिक्षा आदि में समान अवसर प्रदान करें।खंड शिक्षा अधिकारी सुधा वर्मा ने सब्जी बच्चों को पुरस्कृत किया।

## दबंगों ने प्रधानपति को घर में घुसकर मारी गोली, गंभीर

**रायबरेली।** जिलाधिकारी से सरकारी जमीन पर कब्जे की शिकायत करना प्रधान पति को भारी पड़ गया। गुरुवार की भोर बेखौफ दबंगों ने घर में घुसकर प्रधान पति को गोली मार दी। पुलिस ने मौके पर पहुँचकर पड़ताल शुरू कर दी है। मामला भदोखर थाना क्षेत्र रंजीतपुर लोनारी गांव है, जहां स्वाती कुमारी पत्नी दिनेश कुमार ग्राम प्रधान है। वर्तमान में दिनेश सुल्तानपुर में चकबंदी लेखपाल पद पर कार्यरत हैं। गांव में होलिका दहन के लिए



सुरक्षित सरकारी जमीन पर गांव के ही कुछ दबंगों ने कब्जा कर लिया है, जिसको लेकर प्रधान पति दिनेश कुमार ने कई बार डलमऊ तहसील से जिलाधिकारी कार्यालय तक कई बार शिकायती पत्र दिए लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। जिससे दबंग मनबढ़ हो गए। दबंगों के हौसले इतने बुलंद हो गए कि गुरुवार की भोर लगभग तीन बजे घर में घुस कर प्रधानपति पर गोलियों की बौछार कर दी। गोली लगते ही प्रधानपति जमीन पर गिर पड़े, फिर परिजनों ने आनन-फानन में जिला अस्पताल पहुँचाया जहां इलाज चल रहा है। जिला अस्पताल के ईएमओ डॉ एसके सिंह ने बताया कि गन शॉट इंजरी है और कुछ छर्रे निकाले गए है और इलाज किया जा रहा है। थानाध्यक्ष दयानंद तिवारी ने बताया तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

## एमजे एक्टिविटी स्कूल में इंटर हाउस क्रिकेट चैंपियनशिप का आयोजन

▸ ह्यूमैनिटी और सिंसेरिटी हाउस ने फाइनल में बनाई जगह

**उतरौला (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज़।**



उतरौला के एमजे एक्टिविटी स्कूल में आयोजित वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता के तहत इंटर हाउस क्रिकेट चैंपियनशिप के पहले दिन दो रोमांचक सेमीफाइनल मैच खेले गए। पहला सेमीफाइनल मैच इक्वलिटी हाउस और सिंसेरिटी हाउस के बीच हुआ। इस मैच में सिंसेरिटी हाउस ने इक्वलिटी हाउस को आसानी से पराजित कर फाइनल में जगह बनाई। टॉस का आयोजन स्कूल के डायरेक्टर समीर रिजवी और प्रधानाचार्य हिमांशुधर द्विवेदी द्वारा किया गया। इक्वलिटी हाउस ने टॉस जीतकर सिंसेरिटी हाउस को बल्लेबाजी करने का निमंत्रण दिया। बल्लेबाजी करते हुए सिंसेरिटी हाउस ने 7 ओवर में 37 रन बनाकर सभी विकेट गंवा दिए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी इक्वलिटी हाउस की टीम 6 ओवर में केवल 19 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। इस प्रकार सिंसेरिटी हाउस ने एक आसान जीत दर्ज करते हुए फाइनल में जगह बनाई। दूसरा सेमीफाइनल मैच ह्यूमैनिटी हाउस और लिबर्टी हाउस के बीच हुआ। इस मैच में ह्यूमैनिटी हाउस ने लिबर्टी हाउस को 5 रनों से हराया। लिबर्टी हाउस ने टॉस जीतकर ह्यूमैनिटी हाउस को पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया। ह्यूमैनिटी हाउस की टीम 8 ओवर में 8 विकेट खोकर केवल 35 रन बना सकी। लक्ष्य का पीछा करते हुए लिबर्टी हाउस ने 7 ओवर और 2 गेंदों में 30 रन बनाकर पूरी टीम ऑल आउट हो गई। इस प्रकार ह्यूमैनिटी हाउस ने 5 रनों से जीत हासिल की और फाइनल में जगह बनाई। प्रधानाचार्य हिमांशुधर द्विवेदी ने जानकारी देते हुए बताया कि शुक्रवार को फाइनल मुकाबला ह्यूमैनिटी हाउस और सिंसेरिटी हाउस के बीच खेला जाएगा।

## सीएमओ ने किया आयुष्मान आरोग्य मंदिर का निरीक्षण, कई कर्मी मिले अनुपस्थित

**उतरौला (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज़।**



गुरुवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) बलरामपुर, डॉ. मुकेश कुमार रस्तोगी ने आयुष्मान आरोग्य मंदिर गुमड़ी और महदेइया का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान आयुष्मान आरोग्य मंदिर गुमड़ी बंद पाया गया, जिससे सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी प्रशांत सिंह को अनुपस्थित पाया गया और उनका वेतन रोकने का आदेश सीएमओ ने दिया। इसी तरह, आयुष्मान आरोग्य मंदिर महदेइया में भी तीन कर्मचारी अनुपस्थित पाए गए, जिनमें चिकित्सा अधिकारी डॉ. मंजू गुप्ता, पीएमडब्लू राजेश कुमार और विश्वनाथ जायसवाल शामिल थे। इन सभी का भी वेतन रोकने का आदेश दिया गया। सीएमओ ने प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. मनीष कुमार को निर्देशित किया कि भविष्य में कोई भी मरीज बाहर की दवाएं और जांच न लिखे जाएं, सभी आवश्यक दवाएं और जांच सीएचसी और पीएचसी पर ही मरीजों को उपलब्ध कराई जाए। निरीक्षण के दौरान जिला स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी अरविंद मिश्रा और आयुष्मान आरोग्य मंदिर महदेइया के स्टाफ भी उपस्थित रहे।

### महाविद्यालयों संस्थाओं को उपलब्ध कराया गया स्मार्टफोन, टैबलेट

**बलरामपुर।** जिलाधिकारी पवन अग्रवाल के निर्देशन में आज स्वामी विवेकानंद युवा तकनीकी सशक्तीकरण योजनान्तर्गत जनपद बलरामपुर में महाविद्यालयों/संस्थाओं को स्मार्टफोन टैबलेट उपलब्ध कराया गया। जनपद स्तर पर डीएम द्वारा उक्त योजना के सफल क्रियान्वयन हेतु अपर जिलाधिकारी, बलरामपुर को इस योजना का नोडल अधिकारी नामित किया गया है। जिसके क्रम में उपायुक्त उद्योग राजेश कुमार पाण्डेय व सहायक प्रबन्धक उद्योग अखिलेश कुमार सिंह द्वारा 400 स्मार्टफोन व 80 टैबलेट कोषागार कार्यालय बलरामपुर से प्राप्त कर सम्बंधित महाविद्यालय को उपलब्ध कराया गया। शेष महाविद्यालय/ संस्थानों से डिजिशक्ति पोर्टल पर डिवाइस की मांग प्रेषित करने हेतु निर्देशित किया गया है।

## हार्ड एरिया ब्लॉक में खेत तालाब योजना

## व्यापक प्रचार-प्रसार करते हुए अधिक से अधिक किसानों को योजना का दिया जाए लाभः जिलाधिकारी

**बलरामपुर, समृद्धि न्यूज़।**



मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश शासन द्वारा जनपद के भ्रमण के दौरान दिए गए निर्देशों के क्रम में डीएम श्री पवन अग्रवाल की अध्यक्षता में फसल बुवाई के दौरान विशेषकर जनपद के हार्ड एरिया ब्लॉक हरैया सतघरवा, तुलसीपुर, गैसड़ी, पचपेड़वा में खेतों तक पानी पहुंचाएं जाना सुनिश्चित किए जाने को सिंचाई विभाग एवं सिंचाई से संबंधित विभागों की बैठक संपन्न हुई।

डीएम ने कहा कि जनपद के चार विकासखंड हरैया सतघरवा, तुलसीपुर, गैसड़ी, पचपेड़वा ब्लॉक में बोरिंग सफल न होने से फसलों की सिंचाई हेतु कृषकों को परेशानी का सामना न करना पड़े इसके लिए सिंचाई विभाग द्वारा लहरों में पूरी क्षमता के साथ खेतों तक पानी पहुंचाया जाए, उन्होंने कहा कि गूल के माध्यम से नहरों से तालाबों तक पानी पहुंचाया जाए। डीएम ने निर्देश दिए की खेत तालाब योजना का व्यापक प्रचार प्रसार करते हुए अधिक से अधिक के इच्छुक के किसानों को योजना का लाभ दिया जाए। हार्ड एरिया ब्लॉक में खेतों तक पानी पहुंचने को डीएम की नवीन पहल पर खेत तालाब को ड्रिप इरीगेशन के साथ जोड़ा जाएगा , जिससे किसानों को फसलों के लिए पानी की कमी नहीं होगी। उन्होंने चित्तौड़गढ़ जलाशय से निकलने वाले माइनर से भरे जाने तालाबों की संख्या बढ़ाए जाने का निर्देश दिया, जिससे कि ज्यादा से ज्यादा तालाबों का प्रयोग सिंचाई के लिए किया जा सकें। इस दौरान सीडीओ हिमांशु गुप्त, उपनिदेशक कृषि, नहर विभाग के समस्त अधिशासी अभियंता व अन्य संबंधित अधिकारी/ कर्मचारीगण उपस्थित रहें।


**उत्तर रेलवे**

**ई–निविदा सूचना**

मुख्य कारखाना प्रबंधक, सवारी डिब्बा कारखाना, आलमबाग, लखनऊ निम्न कार्य के लिए ई–निविदा आमंत्रित करते हैं।

| | | |
|---|---|---|
| 01 | कार्य का नाम | प्रोविजन ऑफ मॉड्यूलर टॉयलेट इन आई.सी.एफ. डिजाइन कोचेस ड्यूरिंग एम.एल.आर. एन्ड पी.ओ.एच. इन कैरिज वर्कशॉप, आलमबाग, लखनऊ। |
| 02 | कार्यस्थल | सवारी डिब्बा कारखाना, आलमबाग, लखनऊ |
| 03 | अनुमानित लागत | रु. 11,76,41,796.00 मात्र। |
| 04 | निविदा प्रपत्र का मूल्य | शून्य |
| 05 | बिड सिक्युरिटी | रु. 7,38,200/– मात्र। |
| 06 | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 01 वर्ष। |
| 07 | निविदा जमा करने की तिथि एवं समय | दिनांक–09.12.2024 से 23.12.2024 समय 15:00 बजे तक |
| 08 | प्रमाणपत्र | फर्म के सभी Members द्वारा ANNEXURE-A (यदि Company/ Proprietorship फर्म है) के साथ Annexure-A (a) (यदि Partnership/ HUF/JV/LLP फर्म है) के अनुरूप प्रमाणपत्र अवश्य अपलोड किया जाना चाहिए। |
| 09 | खुलने का समय | निविदा फॉर्म जमा होने के पश्चात निविदा को किसी भी समय खोला जायेगा। निविदाकर्ताओं को निविदा खुलने के दौरान उपस्थित रहने की आवश्यकता नहीं है। |
| 10 | कार्यालय जहां से निविदा प्रपत्र क्रय किया जा सकता है | निविदा सूचना एवं प्रपत्र का पूर्ण विवरण नियम व शर्तों सहित वेबसाइट– www.ireps.gov.in से डाउनलोड किया जा सकता है। |
| 11 | वेबसाइट विवरण जहां निविदा का पूरा विवरण आदि देखा जा सकता है | |

निविदा सूचना सं.: 2024–ए.एम.वी–सी एंड डब्लू–ईनिविदा–36, दिनांक 26.11.2024
3637/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# कट्टरता का बांग्लादेश

बांग्लादेश में हसीना सरकार के पतन और उनके भारत में शरण लेने के बाद अल्पसंख्यकों, खासकर हिंदुओं पर जिस तरह लगातार हमले हो रहे हैं, इस्कॉन से जुड़े धर्मगुरु चिन्मय कृष्ण दास की गिरफ्तारी उसकी अगली कड़ी है। दास की जमानत याचिका खारिज होने के बाद उनके वकील की निर्मम हत्या असहिष्णुता की पराकाष्ठा को ही दर्शाती है। इससे अंदाज लगाया जा सकता है कि वहां अल्पसंख्यक किन भयावह स्थितियों का सामना कर रहे हैं। इतना ही नहीं धर्मगुरु चिन्मय कृष्ण दास की गिरफ्तारी का विरोध कर रहे लोगों पर हमले तक किए गए। बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों के अधिकारों के पैरोकार दास को कथित रूप से बांग्लादेशी झंडे का अपमान करने तथा राजद्रोह के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। उनकी गिरफ्तारी और जमानत न दिए जाने के कारण बांग्लादेश और सीमा पार भारत में व्यापक विरोध प्रदर्शन हुए हैं। दरअसल, इस अशांति का संदर्भ लगातार अल्पसंख्यक उत्पीड़न के पैटर्न में निहित हैं। बांग्लादेश के संवैधानिक आश्वासन के बावजूद वहां के हिंदू, जो कि आबादी का लगभग नौ फीसदी हैं, लगातार हिंसा, बर्बरता और सामाजिक उत्पीड़न का शिकार हो रहे हैं। वहां हिंदुओं के घरों व मंदिरों पर भीड़ पर हमलों की खबरें चिंता बढ़ाने वाली हैं। जिसमें हसीना सरकार के पतन के बाद खासी तेजी आई है। आधिकारिक रूप से इस्लामिक धर्म वाले इस देश में यह स्थिति अल्पसंख्यकों की व्यापक असुरक्षा को दर्शाती है। अल्पसंख्यक संगठनों द्वारा सुरक्षा की गुहार लगाये जाने के बाद विश्वास बहाली की जिम्मेदारी कार्यवाहक सरकार पर है। जिसका दायित्व बनता है कि उत्पीड़न के शिकार लोगों को न्याय दिलाने के लिये विशेष न्यायाधिकरण के जरिये यथाशीघ्र कार्रवाई करे। यदि समय रहते ऐसा नहीं होता तो अशांति के बढ़ने का खतरा बना रहेगा। मौजूदा घटनाचक्र से बांग्लादेश की प्रगतिशील लोकतंत्र की छवि कमजोर हुई है। निस्संदेह, वहां सभी अल्पसंख्यकों के लिये शांति और सुरक्षा एक जीवंत वास्तविकता होनी चाहिए। ढाका सरकार को छात्र आंदोलन के जरिये हुए राजनीतिक परिवर्तन के बाद पनप रही कट्टरता पर अंकुश लगाना चाहिए। बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों के लगातार उत्पीड़न के विरोध में अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर तीखी प्रतिक्रियाएं गाहे-बगाहे आती रही हैं। पिछले दिनों अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव के दौरान राष्ट्रपति पद के प्रत्याशी डोनाल्ड ट्रंप ने बांग्लादेश में हिंदू अल्पसंख्यकों के खिलाफहिंसा पर गंभीर चिंता जतायी थी। यहां तक कि ट्रांसपेरंसी इंटरनेशनल ने भी अपनी हालिया रिपोर्ट में बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के दौरान अल्पसंख्यकों पर बढ़े हमलों को लेकर गहरी चिंता व्यक्त की है। रिपोर्ट में हसीना सरकार के पतन के बाद के एक पखवाड़े में अल्पसंख्यकों के खिलाफहिंसा के दो हजार से अधिक मामलों का जिक्र किया गया है। रिपोर्ट इस बात पर भी चिंता जताती है कि ऐसे मामलों में अपराधियों की पहचान होने के बावजूद उन्हें दंडित नहीं किया गया। बल्कि इसके बहाने राजनीतिक विरोधियों को ही निशाना बनाया गया। ऐसी हिंसा के खिलाफसंयुक्त राष्ट्र की तरफसे भी तल्ख प्रतिक्रिया दर्ज की गई है। यह विडंबना ही है कि जिस बांग्लादेश की स्थापना भारत के त्याग व बलिदान के चलते एक धर्मनिरपेक्ष राष्ट्र के रूप में हुई थी, आज वहां यूनस सरकार उन मूल्यों को ताक पर रख रही है। भारत सरकार के विरोध के बावजूद यूनस सरकार किसी भी तरह से अल्पसंख्यकों की सुरक्षा की गारंटी देने को तैयार नहीं है। बांग्लादेश का इतिहास बताता है कि जब-जब सेना के हाथ में सत्ता की बागडोर आई है, तो कट्टरपंथियों को संरक्षण मिला है। ऐसे में फौज द्वारा गठित अंतरिम सरकार से इस दिशा में किसी बड़ी पहल की उम्मीद करना बेमाने ही होगा। भारत सरकार को राजनीतिक व कूटनीतिक प्रयासों से अंतरिम सरकार पर दबाव बनाना होगा ताकि वह अल्पसंख्यकों की सुरक्षा का आश्वासन दे। तभी कट्टरपंथियों की निरंतर जारी हिंसा पर अंकुश लगाने की उम्मीद की जा सकती है। इसके साथ ही पाक समर्थित कट्टरपंथी संगठनों पर भी नियंत्रण करने के लिये दबाव बनाने की जरूरत है। वैसे अंतरिम सरकार के अड़ियल रवैये को देखते हुए बहुत ज्यादा उम्मीद इस दिशा में नजर नहीं आ रही है। अंतर्राष्ट्रीय संगठनों का दबाव इस दिशा में एक उपाय हो सकता है।

# लोकतंत्र और इस्लामी मूल्यों के खिलाफ है वैश्विक खिलाफत की अवधारणा

**गौतम चौधरी**



हिज्ब-उत-तहरीर की गतिविधियां इस्लामिक शिक्षाओं का भी खंडन करती है। इस्लामिक चिंतकों के अनुसार, इस्लाम एक आस्था के तौर पर अराजकता से बचने को महत्व देता है। इस्लामिक राजनीतिक विचार में एक प्रमुख सिद्धांत यह है कि किसी भी वैध इस्लामिक शासन को एक वैध प्रक्रिया के माध्यम से बदला जा सकता है, विशेष रूप से व्यापक सामुदायिक समर्थन वाले मुस्लिम शासक के नेतृत्व में ही यह संभव है। अराजकता के माध्यम से शासन बदला जाना इस्लामिक राजनीतिक सिद्धांत के खिलाफ है। इस्लाम के पवित्र ग्रंथ में इसके बारे में साफ चेतावनी दी गयी है। साफ तौर पर कहा गया है कि इस्लामी राज्य के लिए अनाधिकृत आह्वान के जरिए फूट को बढ़ावा देने के बजाए स्थापित प्राधिकरण के जरिए एकता और न्याय को बनाए रखना ही बेहतर है।

वि वैश्विक खिलाफत की काल्पनिक अवधारणा उसी प्रकार गैर वाजिब है, जैसे पुरातनपंथी हिन्दू राष्ट्र की अवधारणा। यह दोनों अवधारणा काल्पनिक है और आधुनिक लोकतांत्रिक विश्व में इसका कोई स्थान नहीं है। दरअसल, आज इस बात की चर्चा इसलिए जरूरी है कि दुनिया के कुछ इस्लामिक चरमपंथियों ने एक बार फिर वैश्विक खिलाफत की बात प्रारंभ की है। विगत कुछ वर्षों में भारत सहित दक्षिण एशिया के कई देशों में इस विचार से प्रेरित युवकों को असामाजिक व गैर राष्ट्रवादी गतिविधियों में संलिप्त देखा गया। हाल के वर्षों में हिज्ब उत-तहरीर की गतिविधियों को लेकर भारत में चिंता बढ़ी है।

पहले तो हमें हिज्ब उत-तहरीर को समझना होगा। यह एक अंतरराष्ट्रीय इस्लामिक संगठन है, जिसका उद्देश्य इस्लामी खिलाफत को पुनर्स्थापित करना है। इसका नाम अरबी में ''हिज्ब-उत-तहरीर'' है, जिसका अर्थ है- ''मुक्ति की पार्टी।'' वर्ष 1953 में एक फिलिस्तीनी इस्लामिक चरमपंथी उकीउद्दीन नबहानी ने जेरूसलम में इसकी स्थापना की थी। हिज्ब-उत-तहरीर का दावा है कि वह राजनीतिक, बौद्धिक और वैचारिक तरीकों से काम करता है और हिंसा में कोई विश्वास नहीं करता लेकिन इसके कार्यकर्ता दुनिया के लगभग 50 देशों में हिंसक गतिविधियों में संलिप्त पाए गए हैं। यहां तक कि कई इस्लामिक देशों में भी यह संगठन वहां की सत्ता के लिए चुनौती बना हुआ है। संगठन का मानना है कि मुसलमानों को एक खलीफा के नेतृत्व में एकजुट होना चाहिए, जो शरियत कानून के अनुसार शासन करे। इसका मुख्य उद्देश्य एक वैश्विक इस्लामी खिलाफत की स्थापना है, जो मुसलमानों की राजनीतिक, सांस्कृतिक और आर्थिक जीवन को इस्लामी सिद्धांतों के अनुसार नियंत्रित करे।

वस्तुतः इस संगठन का दावा और हकीकत दोनों एक-दूसरे के विपरीत हैं। यूरोपियन काउंसिल ऑन फॉरेन रिलेशंस के मुताबिक, ये संगठन गैर-सैन्य तरीकों से खिलाफत की पुनर्स्थापना पर काम करता है। इसलिए कई देश, इस संगठन पर प्रतिबंध लगा चुके हैं। हिज्ब-उत-तहरीर पर प्रतिबंध लगाने वाले देशों में बांग्लादेश और चीन के अलावा जर्मनी, रूस, इंडोनेशिया, लेबनान, यमन, तुर्की और संयुक्त अरब अमीरात शामिल हैं। दुनिया के अन्य कई देश इस संगठन की निगरानी कर रहे हैं क्योंकि वहां की राजनीतिक व्यवस्था के लिए भी यह चुनौती पैदा करने लगा है। इसके बावजूद, यह संगठन दुनिया के 50 से अधिक देशों में सक्रिय है। 10 लाख से अधिक इसके सक्रिय सदस्यों की संख्या बतायी जाती है। हिज्ब-उत-तहरीर का भारत में बहुत व्यापक आधार नहीं है लेकिन हाल के वर्षों में इसके प्रभाव और गतिविधियों पर ध्यान दिया गया है। हिज्ब-उत-तहरीर का मुख्य उद्देश्य इस्लामिक खिलाफत स्थापित करना है, जो भारत के संविधान और धर्मनिरपेक्षता के मूल सिद्धांतों के विपरीत है। हिज्ब-उत-तहरीर ने भारत में बहुत अधिक खुले तौर पर गतिविधियां नहीं की हैं, लेकिन कुछ मीडिया रिपोर्ट और सुरक्षा एजेंसियों के अनुसार, यह गुप्त रूप से भारत में सक्रिय है। संगठन के सदस्यों पर भारत के विभिन्न हिस्सों में युवाओं को कट्टरपंथी बनाने और खिलाफत की विचारधारा का आरोप लगा है। भारत में सुरक्षा एजेंसियां इस संगठन पर नजर रखी है और इसके संभावित नेटवर्क को रोकने के प्रयास करती है। इस क्रम में भारत सरकार ने हाल ही में इस कट्टरपंथी समूह को प्रतिबंधित संगठन घोषित किया है। इसपर प्रतिबंध के मामले में केंद्रीय गृह मंत्रालय ने कहा है कि हिज्ब-उत-तहरीर का लक्ष्य लोकतांत्रिक सरकार को जिहाद के माध्यम से हटाकर भारत सहित विश्व स्तर पर इस्लामिक देश और खिलाफत स्थापित करना है। मंत्रालय ने अपने आदेश में कहा है कि हिज्ब-उत-तहरीर भारत की लोकतांत्रिक व्यवस्था और आंतरिक सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा है।

सरकार द्वारा आधिकारिक तौर पर हिज्ब-उत-तहरीर को आतंकवादी संगठन के रूप में सूचीबद्ध करने के साथ, यह समझना महत्वपूर्ण है कि न केवल इसकी गतिविधियां भारतीय कानून के तहत अवैध हैं, बल्कि यह मूल इस्लामिक सिद्धांतों के खिलाफ भी है। इससे भारतीय मुस्लिम समुदाय के लिए दोहरी दुविधा पैदा होती है। भारत का संविधान धर्म और राज्य के मामलों के बीच स्पष्ट अंतर बनाए रखते हुए धार्मिक स्वतंत्रता के अधिकार को सुनिश्चित करता है। यह अपने सभी नागरिकों के लिए लोकतंत्र, मतदान और मौलिक अधिकारों को सुनिश्चित करता है। हिज्ब-उत-तहरीर के सदस्यों की हरकतें, जिनमें लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं में भागीदारी के खिलाफ प्रचार करना, संविधान को चुनौती देना और शरिया कानून द्वारा शासित वैकल्पिक राज्यों को बढ़ावा देना शामिल है, जो अंततोगत्वा देश के धर्मनिरपेक्ष ताने-बाने को खतरे में डालेगा। लोकतंत्र के प्रति हिज्ब-उत-तहरीर का वैचारिक विरोध खुद को उन मूल सिद्धांतों के खिलाफ खड़ा करता है, जिन्होंने मुसलमानों सहित विभिन्न समुदायों को भारत में शांतिपूर्वक सहअस्तित्व की अनुमति दी है। संविधान विरोधी गतिविधियों को बढ़ावा देकर संगठन न केवल मुसलमानों और बहुसंख्यक समाज के बीच दरार पैदा करता है, बल्कि अलगाववादी रवैये को भी बढ़ावा देता है, जो इस्लाम के सामाजिक सामंजस्य सिद्धांत के खिलाफ है।

हिज्ब-उत-तहरीर की गतिविधियां इस्लामिक शिक्षाओं का भी खंडन करती है। इस्लामिक चिंतकों के अनुसार, इस्लाम एक आस्था के तौर पर अराजकता से बचने को महत्व देता है। इस्लामिक राजनीतिक विचार में एक प्रमुख सिद्धांत यह है कि किसी भी वैध इस्लामिक शासन को एक वैध प्रक्रिया के माध्यम से बदला जा सकता है, विशेष रूप से व्यापक सामुदायिक समर्थन वाले मुस्लिम शासक के नेतृत्व में ही यह संभव है। अराजकता के माध्यम से शासन बदला जाना इस्लामिक राजनीतिक सिद्धांत के खिलाफ है। इस्लाम के पवित्र ग्रंथ में इसके बारे में साफ चेतावनी दी गयी है। साफ तौर पर कहा गया है कि इस्लामी राज्य के लिए अनाधिकृत आह्वान के जरिए फूट को बढ़ावा देने के बजाए स्थापित प्राधिकरण के जरिए एकता और न्याय को बनाए रखना ही बेहतर है।

वास्तव में दुनियाभर के इस्लामी विद्वानों ने नेतृत्वहीन आन्दोलन के खिलाफ चेतावनी दी है जो अशांति भड़का कर व्यवस्था बदलने की कोशिश करते हैं। हिज्ब-उत-तहरीर की तरह ये आन्दोलन न केवल समुदाय के हितों को नुकसान पहुंचाते हैं बल्कि सामाजिक शांति और सद्भाव प्राप्त करने के व्यापक इस्लामिक उद्देश्य के भी विपरीत हैं। हिज्ब-उत-तहरीर की वकालत के सबसे चिंताजनक पहलुओं में से एक मुस्लिम युवाओं पर इसका प्रभाव है, जो अक्सर अपने कार्यों के परिणामों को पूरी तरह से समझे बिना काल्पनिक इस्लामिक राज्य के वादे से बहक जाते हैं। हिज्ब-उत-तहरीर की विचारधारा से प्रभावित कई युवा मुस्लिम ऐसी गतिविधियों में शामिल हो जाते हैं, जो भारतीय कानून के तहत अवैध हैं, जिसके कारण उन्हें गिरफ्तार किया जाता है और लंबे समय तक जेलों में रहना पड़ता है। ये युवा, समाज के योगदानकर्ता सदस्य बनने के बजाय घोषित अपराधी बन जाते हैं। इस्लामी शासन के तहत बेहतर जीवन के हिज्ब-उत-तहरीर के वादे खोखले हैं, क्योंकि वे युवाओं को ऐसे रास्तों पर धकेलते हैं, जो उन्हें अपराधी बना देता है।

मुस्लिम युवाओं को एहसास कराने की जरूरत है कि इस्लाम सामाजिक शांति को बाधित करने वाले कार्यों की वकालत नहीं करता है और हिंसक विरोध या संवैधानिक व्यवस्था को उखाड़ फेंकने का आह्वान उन्हें गुमराह कर रहा है। मौजूदा लोकतांत्रिक ढांचे के भीतर सामाजिक आर्थिक विकास, शिक्षा और राजनीतिक भागीदारी की ज्यादा जरूरत है, बजाए इसके कि एक अप्राप्य और विभाजनकारी लक्ष्य के लिए फालतू का प्रयास किया जाएं, जो भारतीय कानून और इस्लामी सिद्धांतों दोनों के विपरीत हैं। इस मामले में यह जरूरी है कि मुस्लिम विद्वान, नेता और सामुदायिक संगठन हिज्ब-उत-तहरीर जैसे संगठनों द्वारा बताए गए आख्यानों का खंडन करे, जो न केवल अवैध हैं बल्कि धार्मिक रूप से भी गलत हैं। इस्लामिक शिक्षाएं मुसलमानों को अपने समाज में न्यायपूर्ण और सक्रिय भागीदार बनने, कानून के दायरे में अच्छाई को बढ़ावा देने और नुकसान को रोकने के लिए प्रोत्साहित करती हैं।

विभाजनकारी विचारधाराओं का शिकार होने के बजाए मुस्लिम समुदाय को भारत की लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं के साथ रचनात्मक जुड़ाव पर ध्यान केन्द्रित करना चाहिए। इसमें मतदान, राजनीतिक भागीदारी और समान अधिकारों की वकालत शामिल है। विद्रोह या कट्टरपंथ के विनाशकारी परिणामों के बिना समुदाय का उत्थान हो सकता है। मुस्लिम युवाओं को यह समझना चाहिए कि सच्चा इस्लामी शासन न्याय, व्यवस्था और शांति पर आरूढ़ होता है। ये ऐसे मूल्य हैं जिन्हें भारत के धर्मनिरपेक्ष लोकतंत्र के भीतर बरकरार रखा गया है। उथल-पुथल के इस दौर में कट्टरपंथी आह्वानों को अस्वीकार कर मुसलमान एक ऐसे भविष्य की दिशा में काम कर सकते हैं, जहां वे अपने विश्वास या अपनी स्वतंत्रता से समझौता किए बिना समाज में सकारात्मक योगदान दे सकें।

**(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

विचार

# परेशान किसान, असुरक्षित फसलें : जीएम मक्का का भयावह सच

***डॉ. ममतामयी प्रियदर्शिनी***

आज भारत अपनी कृषि नीति के एक ऐसे महत्वपूर्ण मोड़ पर खड़ा है, जहां हमारे नीति-निर्माताओं पर जीएम मक्का के पैरोकारों द्वारा अलग अलग प्लेटफार्म के जरिये जीएम (जेनेटिकली मॉडिफाइड) मक्का को अपनाने का निरंतर दबाव डाला जा रहा है। जीएम मक्का के पैरोकारों के अनुसार, जेनेटिकली मॉडिफाइड फसलें अपने देश की खाद्य सुरक्षा और कृषि चुनौतियों को बेहतर तरीके से हल कर सकती हैं। सतही तौर पर यह आकर्षक लग सकता है लेकिन गहराई से आकलन किया जाए तो ये तस्वीर उतनी लुभावनी नहीं है जैसी दिख रही है। पूरे विश्व में वैज्ञानिकों, पर्यावरणविदों और स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने जीएम मक्के के दीर्घकालीन दुष्प्रभावों पर गंभीर चिंता व्यक्त की है।

कल, मुझे चौंकाने वाली खबर पढ़ने को मिली, जिसमें बताया गया था कि जीएम फ्री इंडिया नामक संस्था के पर्यावरण कार्यकर्ताओं ने तमिलनाडु में जीएम मक्का की अवैध खेती और देशभर में प्रोसेस्ड और अनप्रोसेस्ड मक्का उत्पादों में इसकी मौजूदगी को लेकर चिंता जताई है। उनका यह दावा नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फूड्स टेक्नोलॉजी, एंटरप्रेन्योरशिप एंड मैनेजमेंट (NIFTEM) द्वारा की गई रिसर्च पर आधारित है। साइंस डायरेक्ट नामक प्रतिष्ठित पत्रिका में प्रकाशित इस शोध में ATR-FTIR और PCR-आधारित विधियों का उपयोग कर मक्के में जीएम मक्का के अंश का पता लगाया गया। शोध में यह पाया गया कि उनके द्वारा परीक्षण किए गए 15% से अधिक नमूनों में PCR (Polymerase Chain Reaction) तकनीकों के माध्यम से जीएम लक्षण पाए गए। और तो और, उनमें से लगभग 20% नमूनों में जीएम मक्का के समान कार्यात्मक विशेषताएं मौजूद थीं। भारत में जीएम फसलों पर सख्त नियामक प्रतिबंधों के बावजूद, ऐसी खबरें ये दर्शाती हैं कि भारत में भी चोरी-छिपे जीएम फसलों का धड़ल्ले से प्रवेश हो रहा है। अब इसका कारण चाहे अवैध रूप से जीएम मक्के का आयात हो या प्रयोगात्मक परीक्षणों में लीक हो, दोनों सूरतों में जीएम मक्के का भारत के बाजार में ऐसे प्रवेश एक जबरदस्त खतरे की घंटी है। कई पर्यावरण कार्यकर्ताओं और जीएम फ्री इंडिया जैसे संगठनों ने इस विषय पर गंभीर चिंता व्यक्त की है तथा इसे हमारे देश के लिए एक गंभीर नियामक चूक बताया है। हमें ये समझना पड़ेगा कि यह सिर्फ नियम तोड़ने का ही मामला नहीं है; बल्कि यह हमारे नागरिकों के स्वास्थ्य, किसानों के भविष्य, और हमारी पारिस्थितिकी और भूमि की उर्वरता के लिए एक खिलवाड़ जैसा है जिसका खामियाजा हमारी कई पीढ़ियों को भुगतना पड़ सकता है। इसके अलावा, जीएम मक्का की शुरुआत भारत की विविध स्वदेशी मक्का किस्मों के लिए खतरे का कारण बनती है, जिससे परागण और आनुवंशिक संदूषण का जोखिम उत्पन्न होता है। इससे आनुवंशिक विविधता में कमी आएगी, जिससे फसलें जलवायु परिवर्तन और बीमारियों के प्रति कम लचीली होंगी। इस घटनाक्रम में सबके लिए एक सीख है और अब ये जरूरत है कि भारत की कृषि विरासत और खाद्य प्रणालियों की रक्षा के लिए जीएम मक्का के खिलाफ विज्ञान-आधारित नीतियों को और प्रभावी बनाये जिससे भविष्य में इस तरह की स्थिति ना पैदा हो। भारत कृषि प्रधान देश है जहाँ कृषि अधिकांशतः छोटे और सीमांत किसानों पर निर्भर है। हमारे देश में मक्के की ऐसी कई देशज किस्में उपजाई जाती हैं, जिसके लिए परंपरागत तरीके का उपयोग करते हैं और उन्हें बहुराष्ट्रीय कंपनियों पर निर्भर नहीं रहना होता। कई पर्यावरणविद् ऐसी आशंका जता रहे हैं कि जीएम मक्के के आने यह संतुलन बिगड़ जाएगा, क्योंकि जीएम फसलें विदेशी कंपनियों द्वारा पेटेंट की गए बीजों पर निर्भर हैं। अगर किसान जीएम मक्का उपजाने लगे तो उन्हें को हर साल इन्हीं गिनी चुनी कंपनियों से महंगे बीज खरीदने के मजबूर होना पड़ेगा जिससे उनकी कृषि लागत बढ़ने के साथ-साथ उनकी इन कंपनियों पर निर्भरता भी बढ़ेगी। जो किसान मक्का की उपज को अपनी आर्थिक उन्नति का जरिया समझ रहें हैं वो बेचारे ऐसी स्थिति में कहाँ जायेंगे, ये सोचनीय विषय है।

जीएम मक्का के गुणों की बात की जाए तो इसे जेनेटिक रूप से ऐसे संशोधित किया जाता है जो इन्हें कीटनाशकों और हर्बिसाइड्स, जैसे ग्लाइफोसेट, के प्रति सहिष्णु बनाता है। हालांकि इन तकनीकों से कीट और खरपतवार नियंत्रण का दावा तो किया जाता है, लेकिन इससे स्वास्थ्य सम्बन्धी रोगों और पर्यावरणीय जोखिम की संभावना बढ़ जाती है। कई अध्ययनों ने जीएम फसलों को एलर्जी, पर्यावरणीय असंतुलन और कैंसर जैसी बीमारियों से जोड़ा है। ग्लाइफोसेट का उपयोग माइक्रोबियल प्रतिरोध और विषाक्तता को बढ़ा सकता है। अतः हानिकारक कीटों के साथ साथ इससे मधुमक्खियों जैसे लाभकारी कीट भी प्रभावित होते हैं, जिससे पारिस्थितिकी और जैव विविधता में असंतुलन पैदा हो सकता है। भारत में बीटी कपास के उत्पादन के कड़वे अनुभव से ये साबित हो गया है कि ये फसलें अक्सर अपने अनुमान के मुताबिक पैदावार नहीं बढ़ा पातीं और किसानों को आर्थिक परेशानियों में डाल देती हैं। आज के समय में वैश्विक स्तर पर, खासकर यूरोप और एशिया के कुछ हिस्सों में उपभोक्ताओं द्वारा जीएम-मुक्त खाद्य पदार्थों की मांग बढ़ रही है। कई देश पुख्ता सबूतों के साथ ऐसा दावा करते हैं कि गैर-जीएम कृषि को प्राथमिकता देना न केवल व्यावहारिक कदम है, बल्कि यह कदम देश की खाद्य सुरक्षा, जैव विविधता और आर्थिक उत्थान के लिए भी फायदेमंद है। उदाहरण के तौर पर यूरोपीय संघ (E) में, कुल मक्का उत्पादन का 99 प्रतिशत से अधिक हिस्सा जीएम-मुक्त मक्के का है। ये जीएम फसलों को अपने देश में सख्त नियामक प्रणाली से नियंत्रित करते हैं। एक डाटा के अनुसार सन 2023 में यूरोपीय संघ में लगभग 61.4 मिलियन टन जीएम-रहित मक्का उत्पादन हुआ। इसी तरह, ब्राजील ने जीएम-रहित मक्का और सोयाबीन के निर्यात-बाजार में अपनी स्थिति मजबूत की है। अगर इन देशों ने बिना जीएम बीजों को अपनाये हुए मक्के की उपज बढ़ा सकते हैं तो भारत क्यों नहीं। जीएम मक्का को अपनाना इन उपभोक्ताओं को निराश और मक्के के उपयोग से दूर कर सकता है, जो भारत की सतत कृषि की छवि को नुकसान पहुंचा सकता है। कई पर्यावरणविदों और कृषि विशेषज्ञों का मानना है कि भारत को खाद्य सुरक्षा के लिए जीएम मक्का की आवश्यकता कतई नहीं है। आधुनिक प्रजनन तकनीकें मक्के के सुरक्षित और प्रभावी विकल्प प्रदान करती हैं। बिना किसी खतरे के उच्च उत्पादन, कीट प्रतिरोधी और सूखा-सहिष्णु मक्के की फसलें विकसित करने के लिए लम्बे समय से इन विधियों का उपयोग किया जाता रहा है। सार्वजनिक क्षेत्र के अनुसंधान संस्थानों को ऐसी टिकाऊ फसलें विकसित करने पर ध्यान देना चाहिए, जो भारत की कृषि स्थितियों के लिए उपयुक्त हों। इसके साथ ही, जीएम फसलों की अवैध खेती और आयात को रोकने के लिए मजबूत निगरानी तंत्र की आवश्यकता है। नियमित परीक्षण, सख्त जैव-सुरक्षा प्रवर्तन और नियम तोड़ने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जानी चाहिए, जिससे इस तरह की स्थिति पुनः पैदा ना हो। तमिलनाडु में जीएम मक्का की अवैध खेती, हमारी सरकार, हमारे किसान और उपभोक्ताओं के लिए गंभीर चेतावनी है। अतः भारत को अपनी कृषि नीति में सतत और पर्यावरण-अनुकूल विकल्प अपनाने चाहिए।

**(लेखिका, पर्यावरणविद् व सामाजिक कार्यकर्ता हैं)**

साहित्य

## कितना स्वांग रचाती दुनिया



**उज्जवल कुमार**

कितना स्वांग रचाती दुनिया,
पग-पग मुझको छलती है
फिर भी मुझको सबसे प्यारी,
तनिक भी ना खलती है
दिखती है ये सीधी-साधी
अंदर से बिल्कुल टेढ़ी है
ना ही दुनिया तेरी और
नाहीं ये दुनिया मेरी है
फूल जो लगते इसको प्यारे,
उनको तोड़ लिया करती
लोग करे जो प्रेम इसे,
छोड़ उन्हें दिया करती
है बड़ी अजीब ये दुनिया,
किस को समझ ये आनी है
मैं तो खुश हूँ चंद बर्षों की
बस मेरी यहाँ कहानी है





# राशिफल

**मेषः-** योजनाओं के फलीभूत होने से मन प्रसन्न होगा। मस्त-मौला मन व्यर्थ के कार्य में समय जाया कर महत्वपूर्ण कार्य के प्रति लापरवाह होगा।

**वृषभः-** नई घरेलू जिम्मेदारियों के पैदा होने से व्यय संभव। प्रयासरत कोई महत्वपूर्ण कार्य हल होने से मन प्रसन्न होगा। जरूरी कार्य की समय से पूर्ति करें।

**मिथुनः-** नये क्षेत्रों मे प्रयास से लाभ संभव। समस्याओं के समाधान से उत्साह में वृद्धि होगी। नये संबंधों के सहयोग से आर्थिक कठिनाइयां दूर होंगी। जीवन साथी के स्वास्थ्य के प्रति सतर्कता बरतें।

**कर्कः-** सुख-साधनों की लालसा बढ़ेगी। महत्वपूर्ण कार्य की पूर्ति में असमर्थता जैसी स्थिति मन में निराशा पैदा करेगी। पुरानी घटनाओं के स्मरण से मन को कष्ट संभव। रोजगार में क्षमता का पूर्ण लाभ मिलेगा।

**सिंहः-** कोई महत्वपूर्ण निर्णय लेने में मन दुविधाग्रस्त होगा। मित्रवत संबंधों का लाभ प्राप्त होगा। आवेश में लिये गये निर्णय से पश्चाताप संभव। घर में किसी मेहमान के आगमन से व्यय संभव।

**कन्याः-** मन को सकारात्मक दिशा की ओर केंद्रित करें। भाग्य से प्राप्त अच्छी बुरी सभी स्थितियों के साथ समझौतावादी बने। अपने सुख-दुख छोड़ परिजनों के सुख के बारे में सोचें। आलस्य कतई न करें।

**तुलाः-** पुरानी गलतियों से सीख लेते हुए वर्तमान को सुधारें। अच्छे कार्य से परिजनों के दिल में जगह बनायें। विद्यार्थी शिक्षा में लापरवाही न बरतें।

**वृश्चिकः-** भौतिक सुख-साधनों की लालसा बढ़ेगी। महत्वपूर्ण कार्य की पूर्ति में असमर्थता जैसी स्थिति मन को निराश करेगी। किसी नयी दिशा में सकारात्मक सोच अवश्य रंग लायेगी।

**धनुः-** मूल्यवान समय को व्यर्थ के कार्य में न जाया करें। व्यावसायिक यात्रा द्वारा लाभ संभव। संवेदनशील शरीर ग्रहों की प्रतिकूलता से बीमार पड़ सकते हैं। जरूरी कार्य की पूर्ति समय से करें।

मकरः- सब कुछ सामान्य होते हुए भी मन अरुचि का शिकार होगा। रोजगार में लाभ के नये अवसर मिलेंगे। पिता के स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। किसी मेहमान के आगमन से घर में खुशहाल वातावरण रहेगा।

**कुंभः-** किसी की अस्वस्थता से परिवार में कष्टप्रद माहौल होगा। महत्वपूर्ण कार्यवश घर से दूर जाना पड़ सकता है। रोजगार में आ रही समस्याओं से निराश न हों।

**मीनः-** प्रतिभाओं के बावजूद हीन भाव प्रतिभाओं के लाभ से वंचित करेगा। कल्पनाओं में जीना छोड़ भौतिक जगत के अनुकूल चलने का प्रयत्न करें। जीवन साथी के स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

# शब्द ब्रह्म हैं

**हृदयनारायण दीक्षित**

शब्द सामाजिक संपदा हैं। हरेक भाषा में शब्द हैं। प्राचीन काल में शब्द बोले जाते थे। सुने जाते थे। तब लिपि की खोज नहीं हुई थी। बोले और सुने गए शब्द विशेष प्रकार की ध्वनि थे। शब्द किसी न किसी रूप के प्रतिनिधि होते हैं। शब्द शक्तिशाली होते हैं। प्रत्येक शब्द अर्थ धारण करता है। अर्थ की अभिव्यक्ति भी शब्दों से होती है। मनुष्य शब्दों का प्रयोग करते हैं। प्रयुक्त न होने वाले शब्द चलन से बाहर भी हो सकते हैं। ज्यादा प्रयुक्त होने वाले शब्द लम्बी यात्रा करते हैं। देश काल के प्रभाव में अर्थ भी बदल सकते हैं। कविता और अन्य सृजन शब्दों में होते हैं। शब्द बोले जाते थे, सुने जाते थे। फिर लिपि बनी उनका रूप बना। उनकी छपाई का ज्ञान विकसित हुआ। शब्द संचय पुस्तक बने। भाव संवेदन, विषाद प्रसाद और हर्ष उल्लास की अभिव्यक्ति बने शब्द। शब्द ज्ञान विज्ञान के साथ अपनी देशज सभ्यता संस्कृति भी लाते हैं।

कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय ने अंग्रेजी के शब्द मैनिफेस्ट को 'वर्ड ऑफ द ईयर' घोषित किया है। बताया गया है कि इस शब्द को कैम्ब्रिज डिक्शनरी में 1 लाख 30 हजार बार खोजा गया। भारत में ऐसे अनेक शब्द हैं जिनका प्रयोग बहुतायत से होता है। हिन्दी सिनेमा के संसार में 'साजन' और 'सावन' शब्दों का प्रयोग लाखों बार हुआ है। भोजपुरी में एक शब्द है 'करेजहू'। पिया शब्द भी पति या प्रेमी के लिए होता है। ऋग्वेद में सविता की स्तुति वाला गायत्री मंत्र है। लाखों बार पढ़ा गया है। अंग्रेजी का एक शब्द है फैंटसी। इसका मूल अर्थ है कई ध्वनियों का मिलना। यही जब सुन्दर का अनुभव देता है तब फैंटास्टिक। अर्थ बदलते हैं। इसका उदाहरण अथर्ववेद के भूमिसूक्त में है। वैदिक काल में विभिन्न उत्सवों के समय ग्राम मिलन होता था। भूमिसूक्त में इसके लिए संग्राम शब्द का प्रयोग होता था। अब संग्राम का अर्थ युद्ध हो गया है। कुछ शब्द लम्बी दूरी की यात्रा में थक जाते हैं।

विश्व शब्द आपूरित हैं। प्राचीन सभ्यताओं में शब्द भी प्राचीन होते हैं। दशो दिशाओं से गतिशील हैं शब्द। पूरब से आते शब्द पश्चिम से आते शब्दों से टकराते हैं, मिलते हैं। इसी तरह उत्तर दक्षिण सहित सभी दिशाओं से भी। भारतीय चिन्तन में आकाश का गुण शब्द कहा गया है। ऋग्वेद की अनुभूति में जीवन्त कविताएं परम व्योम में रहती हैं और जागृत चित्त में उतरने की कामना करती हैं। शब्द ध्वनि ऊर्जा हैं। पहले अरूप थे। सिर्फ बोले सुने जाते थे। वे संवेदन प्रकट करने का माध्यम थे। फिर हर्ष विषाद, क्रोध और बोध प्रकट करने का माध्यम बने। विश्व शब्द भंडार लगातार बढ़ रहा है। मुझे लगता है कि यह संसार शब्दों का ही मेला है। तत्सम्, तद्भव यहां मिलते हैं, छोटाई बड़ाई त्याग कर हरेक रूप के लिए शब्द। जितने रूप उतने शब्द। उससे भी ज्यादा शब्द।

शब्द ब्रह्म हैं। शब्दों से निर्मित वाक्यों से पुस्तकें बनती हैं। पुस्तकों को प्रणाम करना हमारी स्वाभाविकता है। यह प्रणाम प्रत्यक्ष रूप में शब्दों के प्रति है। अप्रत्यक्ष रूप में जीवन्त संवाद, रस प्रवाह के प्रति है और शब्द ब्रह्म के प्रति भी है। मेरा मन तार्किक है। संशयी भी है। पुस्तकें संशय और तर्क को और स्वस्थ करती हैं, बहुधा तर्क के परे भी ले जाती हैं। कुछ शब्दों के कई अर्थ होते हैं। शब्द का गर्भ बड़ा न्यारा है। वह अपने भीतर अर्थ पालता है। शब्द का अर्थ जड़ नहीं होता। उसका मूल है भाव। इसलिए शब्द का भावार्थ भी होता है। शब्द अपने अन्तस् में भावार्थ लेकर चलता है। अर्थहीन शब्दों का कोई उपयोग नहीं। वे निरर्थक हैं। पुस्तकें बड़ा काम करती हैं। शब्द उनके मन प्राण है, भाव उनकी आत्मा है और ज्ञान उनकी बुद्धि। वे प्राणवान हैं। जीवमान हैं। पतंजलि ने महाभाष्य में लिखा है कि, 卐एक ही शब्द, प्रयोग के अनुसार भिन्न-भिन्न अर्थ देता है।卐 उन्होंने शब्द प्रयोग में सावधान रहने का निर्देश दिया है। भारतीय संस्कृति दर्शन में ओउम की महत्ता है। ओउम शब्द नहीं है। पतंजलि ने इसे अस्तित्व का नाम बताया है-तस्य वाचक प्रणवः कहा है। भिन्न भिन्न मतभिन्नता के बावजूद दर्शन में ओउम की महत्ता है।

शब्द उगते हैं मनोभूमि पर। सुकुमार और काम्य कोमल पुष्प जैसे आकर्षक। मधुगंध उड़ेलते हैं और हृदय में पैठ जाते हैं। उन्होंने विचार धारण किया है। शब्द ब्रह्म कहे गये हैं। शब्द इस ब्रह्म को धारण करते हैं। ब्रह्म सदा रहता है, शब्द भी सदा रहते हैं। सृजन में ही मनुष्य का अमरत्व है। सतत् अध्ययन भी सृजन कर्म है। अध्ययन स्वयं के पुनर्सृजन की कार्रवाई है। शब्दों से बनी पुस्तकें हमारे पुनर्सृजन और पुनर्नवा गतिशीलता का उपकरण है। पढ़ना, सुनना, जानना, जाने हुए को बताना उपनिषद ऋषियों का आदेश है। नवसृजन के अवसर और इस अनुष्ठान का मंगल उपकरण हैं शब्द। मनुष्य शब्दों का उपयोग आजीवन करते हैं। यहाँ वस्तुओं से ज्यादा भावनाओं के लिए शब्द हैं। प्रेम भाव का शब्द प्रसार और प्रसाद अधिकाँश विश्व में है। मजेदार बात है कि भारत में क्रोध व्यक्त करने के लिए ठोस शब्द हैं। गाली भी शब्द सामर्थ्य के बिना असंभव। ज्यादातर गालियां बहिन बेटी व माता को चोट पहुंचाती हैं। यह उचित नहीं है। लड़ाई पुरुषों में और अपशब्द स्त्रियों के लिए कहना पाप है। शब्द प्रयोग में सतर्कता जरूरी है। शब्द जीवमान, मार्गदर्शक, पालक व पोषक हैं। पुस्तक का पाठ पर्याप्त नहीं। शब्द रस प्रवाह में बहने और आनंदित होने के लिए पुनर्पाठ जरूरी है। विश्व की सभी सभ्यताओं में पुस्तकों के आदर की परंपरा है। वेद, उपनिषद, रामायण और गीता आदि का आदर पुराना है। शब्द सबके हैं। वे सार्वजनिक संपदा हैं। लेकिन अर्थ अपने-अपने। शब्द की सामर्थ्य बड़ी है। प्रयोगकर्ता की सामर्थ्य शब्द का अर्थ खोलती है। साहित्यकार अनुभूति का मधुरस जोड़ते हैं। नया संसार गढ़ते हैं। पुस्तक रचनाकार के शब्द कौशल का परिणाम है। कागज का पुलिंदा नहीं। कालिदास, तुलसी, निराला, पीबी शैली आदि के शब्द ऐसे ही हैं। सम्यक शब्द प्रयोग के प्रभाव सारी दुनिया में देखे जाते हैं।

गांधी की 'हिन्द स्वराज' (1909) के शब्द हमारे हृदय में पैठे थे। 'हिन्द स्वराज' गांधी की शब्द काया हैं। शब्द काया पुस्तक के कारण अमर है और शरीर नश्वर।

गांधी की देह नहीं रही, अक्षर देह अक्षर-अविनाशी है। मनुष्य मत्र्य है लेकिन मनुष्य सृजित शब्द संसार अमत्र्य है। क्षरणशील है और मृत्युबंधु। मनुष्य मरता ही है। लेकिन उसका सृजन अक्षर-अविनाशी है। मनुष्य का अनाशवान भाग अक्षर है, शेष देह क्षरणशील और नाशवान। अमरत्व प्राचीन प्यास है मनुष्य की। मनुष्य जानता है कि उसे मरना है, मृत्यु अवश्यंभावी है तो भी अमर होना चाहता है। अमर होने की लालसा कहां से आई? मृत्यु की ध्रुव सत्यता के बावजूद ऐसी इच्छा का कारण एक ही जान पड़ता है कि मनुष्य के भीतर क्षर के साथ अक्षर तत्व भी है। क्षर जाता ही है और अक्षर तो अक्षर-अविनाशी है ही। शब्द अक्षरों का ही प्रेमपूर्ण संयोजन हैं।

**(लेखक, उत्तर प्रदेश विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष हैं।)**

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी*) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। मो. नं. 7985738649, आरएनआई न . UPHIN/2013/55887

# प्रभारी मंत्री ने शिवहार ग्राम समूह पेयजल योजना का किया निरीक्षण

▸ मंत्री ने निरीक्षण के दौरान शिवहार बांध से आने वाले पानी एवं 24 एमएलडी डब्ल्यूटीपी संयंत्र के अनुरक्षण एवं रख-रखाव से सम्बंधित जानकारियों को देखा एवं परखा



**महोबा, समृद्धि न्यूज़।**

प्रभारी मंत्री राकेश कुमार राठौर गुरू द्वारा जल जीवन मिशन योजना अन्तर्गत जल निगम द्वारा निर्मित शिवहार ग्राम समूह पेयजल योजना का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने शिवहार बांध से आने वाले पानी एवं 24 एम.एल.डी. डब्ल्यू.टी.पी. संयंत्र के अनुरक्षण एवं रख-रखाव से सम्बंधित जानकारियों को देखा एवं परखा।

इस अवसर पर अधिशासी अभियन्ता, जल निगम द्वारा बताया गया कि शिवहार में बने हुये इन्टेकवेल से आने वाले जल के लिये सोधन संयंत्र लगाया गया है एवं योजना में सम्मिलित सभी 63 ग्राम में जलापूर्ति की जा रही है। योजना के निर्माण के दौरान कार्यों को मानक के अनुरूप एवं गुणवत्तापरक सम्पन्न कराने के लिये टी.पी. आई., सेन्सिस, लिमटेड के द्वारा समय-समय पर निरीक्षण किया गया। इस योजना के समस्त कार्य पूर्ण किये जा चुके एवं अनुरक्षण एवं रख-रखाव चरण हेतु आवश्यक कार्यवाही प्रक्रियाधीन है। मैसर्स एल.एण्ड.टी. के प्रोजेक्ट मैनेजर द्वारा बताया गया कि योजना से लगभग 21000 परिवारों को जलापूर्ति प्रतिदिन की जाती है एवं गुणवत्ता नियंत्रण हेतु प्रयोगशाला में प्रतिदिन जल की जांच की जाती है जिसका निरीक्षण समय-समय पर जल निगम के अभियन्ताओं द्वारा किया जाता है।

मंत्री जी द्वारा डब्ल्यू.टी.पी. की प्रत्येक संरचना का गहनता के साथ निरीक्षण किया गया एवं क्लोरीनेटिग आदि के बारे में विस्तृत जानकारी ली गयी। प्लांट में उन्होंने फिल्टर क्लोरीफ्लोकलेटर, क्लोरीन रूम, स्काडा रूम एवं जल परीक्षणीय प्रयोगशाला का निरीक्षण किया तथा सभी घटकों के बारे में उपस्थित स्टाफ से जानकारी ली गयी। इस अवसर पर जिलाधिकारी मृदुल चौधरी, अपर जिलाधिकारी (वि./रा.) राम प्रकाश, अपर जिलाधिकारी (नमामि गंगे) मोईनुल इस्लाम, जिला पंचायत राज अधिकारी, खण्ड विकास अधिकारी, जल निगम, टी.पी.आई. व मैसर्स एल.एण्ड.टी. के स्टाफ उपस्थित रहे।

### शारीरिक शोषण के बाद शादी से इनकार, थाने पहुंची युवती

राठ ( हमीरपुर)। चिकासी थाना क्षेत्र की एक गांव निवासी युवती ने युवक पर शादी का झांसा दे शारीरिक संबंध बनाने के बाद भी विवाह के लिए मुकर जाने पर आज राठ कोतवाली पहुंच पुलिस पर अपने प्रेमी के साथ शादी कराने का दवाब बनाया। लेकिन उसके द्वारा घटना की लिखित शिकायत न किए जाने पर पुलिस कार्यवाही करने में असमर्थ दिखी और उसे बैरंग ही लौटना पड़ा। चिकासी थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती ने बताया कि राठ कोतवाली क्षेत्र के बड़ा गांव निवासी उसके सजातीय युवक की उससे विगत 3 साल से बात हो रही है। इस दौरान उक्त युवक उसे शादी का झांसा देकर कई बार बाहर ले जाकर उसके साथ शारीरिक संबंध बन चुका है। लेकिन अब वह शादी करने से मुकर गया। जिस पर युवती ने कोतवाली पहुंच पुलिस से अपनी आपबीती बताते हुए अपने प्रेमी के साथ विवाह करवाने का दबाव बनाया। लेकिन वह अपने प्रेमी के खिलाफ घटना की लिखित शिकायत करने की बात को नजरअंदाज करती रही। घटना के संबंध में राठ कोतवाली प्रभारी निरीक्षक रामआसरे सरोज ने बताया कि पीड़िता द्वारा घटना की शिकायत नहीं की गई है।

# अधीक्षण अभियंता विद्युत के आदेश को ताक पर रखकर काम कर रहे हैं एक्शियन मीटर

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**

▸ एसई के आदेश के चार माह बाद भी दो कर्मियों को एक्शियन मीटर ने नहीं किया रिलीव, एसई ने विभाग के चेयरमैन व एमडी को दी लिखित जानकारी

बिजली विभाग के एक्शियन मीटर हर समय अधीक्षण अभियंता के आदेश को ताक में रखकर काम करते है, चार माह पहले दो टीजी टू कर्मियों का तबादला हो गया था मगर एक्शियन मीटर ने उनको रिलीव नहीं किया है, बल्कि नियम विरुद्ध दोनों कर्मियों का वेतन भी निकल रहा है नाराज एसई ने इस मामले का पत्र विभागीय एमडी व चेयरमैन को लिखा है।

विद्युत विभाग में इस वक्त एक्शियन मीटर राकेश कुमार की मनमानी चर्चा में है। उन्होंने अपने चहेते दो कर्मचारियों रामविलास टीजी टू विद्युत खंड राठ और इसी पद पर हमीरपुर में तैनात उपेंद्रनाथ को जुलाई माह में हुए स्थानांतरण के बावजूद अभी तक रिलीव नहीं करने का आरोप है। रामविलास को विद्युत वितरण खंड हमीरपुर और उपेंद्रनाथ को हमीरपुर से राठ स्थानांतरित किया गया था। जबकि विभाग में इस अवधि में वितरण और मीटर सेक्शन के आठ कर्मचारियों को इधर से उधर किया गया था। जिनमें से इन्हीं दोनों को छोड़कर अन्य सभी ने नवीन तैनाती पर कार्यभार ग्रहण कर लिया है। ये तबादले स्थानांतरण नीति के तहत किये गये थे।

अधीक्षण अभियंता जीसी यादव ने स्थानांतरित कर्मचारियों का वेतन नवीन तैनाती स्थल से निकाले जाने के आदेश दिए थे लेकिन मीटर एक्सईएन दोनों कर्मचारियों का धड़ाधड़ वेतन निकाल रहे हैं। उनके इस रवैए से दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के एमडी और चेयरमैन के आदेशों का भी उल्लंघन हो रहा है।

इस संबंध में अधीक्षण अभियंता जीसी यादव का कहना है कि इस प्रकरण में वह लगातार पत्राचार कर रहे हैं। जबकि उक्त कर्मचारी नवीन तैनाती स्थल पर कार्यभार ग्रहण करने के बाद भी वेतन के हकदार थे। कहना है कि दोनों कर्मियों को हर हाल में हटाया जायेगा। जबकि अधिशाषी अभियंता मीटर राकेश कुमार का कहना है कि दस फीसदी ट्रांसफर का आदेश है लेकिन उनके सेक्शन में पचास फीसदी ट्रांसफर हुए हैं। मैनपावर कम होने की वजह से उन्होंने कर्मचारियों को रिलीव नहीं किया है। रिलीव करते तो कार्य प्रभावित होता। स्थानांतरित कर्मचारी एक्शियन मीटर के क्षेत्र के रहने वाले हैं इसी के चलते उन पर कृपा बरस रही है।

## खबरें एक नजर में

### अश्लील मैसेज व बातें करने पर छात्राओं तथा अभिभावकों ने शिक्षक को पीटा

**राठ ( हमीरपुर)।** जरिया थाना क्षेत्र के ग्राम बौखर में स्थित राजकीय हाई स्कूल कॉलेज मेंआज सुबह विद्यालय की छात्राओं ने अपने अभिभावकों के साथ पहुंचकर अपने ही शिक्षक पर अश्लील मैसेज व बातें करने का आरोप लगाते हुए लात-जूतों से पिटाई कर दी। घटना के बाद अभिभावकों ने छात्राओं के साथ जरिया थाना पहुंच घटना की लिखित शिकायत की है। आज सुबह जरिया थाना क्षेत्र के ग्राम बौखर में स्थित राजकीय हाई स्कूल विद्यालय में उस समय हड़कम्प मच गया जब दो-तीन छात्राओं ने अपने अभिभावकों के साथ वहाँ पहुंचकर एक शिक्षक पर मोबाइल से अश्लील बातें व अश्लील मैसेज करने का आरोप लगाते हुए उनके साथ लातजूतों से मारपीट कर दी। जिसका वीडियो भी सोशल मीडिया में वायरल हो गया। घटना के संबंध में जरिया थानाध्यक्ष मयंक चंदेल ने बताया कि पीड़ित छात्राओं के अभिभावकों द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर आरोपी शिक्षक के ऊपर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

### नेत्र शिविर में देखे गए एक सैकड़ा मरीज, 74 में मोतियाबिंद

**राठ (हमीरपुर)।** आज चिकासी में स्थित वृंदावन लोधी इंटर कॉलेज में विशाल निशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें एक सैकड़ा मरीज के नेत्र का परीक्षण किया गया। विद्यालय के प्रबंधक व शिविर संयोजक इं. विजय राजपूत ने बताया कि नेत्र संबंधी बीमारी से जूझ रहे क्षेत्र के गरीब मजदूरों को निःशुल्क इलाज कराने के लिए उनके द्वारा लगवाए गए शिविर में सद्गुरु नेत्र चिकित्सालय जानकी कुंड चित्रकूट से आए चिकित्सकों की टीम ने लगभग एक सैकड़ा मरीज की आंखों का परीक्षण किया। जिनमें से उन्होंने 74 मरीजों में मोतियाबिंद के लक्षण पाये। इस दौरान 70 मरीज का परीक्षण कर उनकी आंखों का ऑपरेशन हेतु उन्हें अस्पताल भेजा गया है।

### किशोर व किशोरी से पूछताछ पर किशोरी के स्वजनों ने दरोगा से की हाथापाई

**राठ।** किशोरी को भगा ले जाने के मामले में कोतवाली बंद किशोर व किशोरी से पूछताछ करने पर किशोरी के स्वजनों ने एक दरोगा के साथ हाथापाई कर दी। पुलिस ने दरोगा का मेडिकल परीक्षण कराया है। कस्बे के एक मोहल्ले की किशोरी दो दिन पहले घर से भाग गई थी। स्वजनों ने कोतवाली के एक गांव के नाबालिग पर पुत्री का अपरहण करने का आरोप लगाते हुए कोतवाली में तहरीर दी थी। पुलिस किशोर को पकड़ कर कोतवाली ले आई। बुधवार की शाम कोतवाली के के एक दरोगा कोतवाली में किशोर से पूछताछ कर रहे थे। तभी किशोरी के स्वजन दरोगा से उलझ गए और हाथापाई कर दी। वहां मौजूद पुलिस कर्मियों ने दरोगा को छुड़वाया। इस संबंध में कोतवाल राम आसरे सरोज ने बताया कि दरोगा कुछ लोगों को पकड़ने के लिए गए थे। जहां उनके साथ अभद्रता की गई। बताया कि मुकदमा दर्ज कराया जा रहा है।

### पुराने विवाद को लेकर युवक पर हमला, लहूलुहान

**राठ।** पुराने विवाद को लेकर आधा दर्जन लोगों ने युवक को रास्ते में रोककर लाठी डंडा व कुल्हाड़ी से हमला कर लहुलुहान कर दिया है। पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर दी है। कोतवाली के बरौली गांव निवासी दीपेंद्र पुत्र चंद्रभान पाल ने बताया कि 12 नवंबर की शाम छह बजे पहाड़ी गढ़ी गांव से ग्यास का मेला देखकर अपने घर जा रहे थे। जैसे ही वह सदर रोड पर पहुंचा तो पुराने विवाद को लेकर गांव के आधा दर्जन लोगों ने उसे रास्ते में रोक लिया और गाली गलौज करने लगे। विरोध करने पर उक्त लोगों ने लाठी डंडे व कुल्हाड़ी की वट से हमला कर मारपीट शुरू कर दी। कहने लगे कि जान से मार दो। बताया कि उसने गन्ने के खेत में छिपकर अपनी जान बचाई। मारपीट से उसके सिर पर गंभीर चोट आईं थीं। चिकित्सक ने उसे मेडिकल कालेज उरई रेफर कर दिया था। आरोप लगाया कि उसने कोतवाली में तहरीर दी थी। लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की है।

### संघन चेकिंग अभियान में 18 बकाएदारों के काटे कनेक्शन

**चरखारी( महोबा)।** एसडीओ विधुत के नैतृत्व में कस्बा के छोटारमना, वी पार्क में वसूली अभियान चलाया गया जिसमें विभाग द्वारा 180000 रुपया की वसूली की गयी साथ ही बकाएदारों द्वारा बकाया राशि जमा न करने पर 18कनेक्शन धारकों के कनेक्शन भी टीम द्वारा काटे गए। उपखण्ड अधिकारी इंजी. भोलानाथ, अवर अभियन्ता राजू मौर्या टीजी, मुहम्मद अहमद खां, धीरज, सतीश सेन सहित टीम के सदस्यों ने घर घर जाकर बिलों की चेकिंग की गयी। मुहल्ला सदर बाजार बस स्टैंड आदि में वसूली अभियान चलाते हुए 180000 रूपया का राजस्व जमा किया गया। एसडीओ भोले नाथ ने बताया कि 18बकाएदारों कनेक्शनों के काटे गये मौके पर 180000 रूपया बकाया जमा उपभोक्ताओं से किया गया। उन्होंने उपभोक्ताओं से अपील करते हुए कहा कि जिन उपभोक्ताओं के बिजली के बिल जमा नहीं हैं वह तत्काल प्रभाव से बकाया रूपया जमा कर दें तथा डिस्कनेक्शन जैसी असुविधा से बचें राष्ट्रीय हित में बिजली बचाएं।

### बेकाबू कार ने बाइकसवार को मारी टक्कर, एक की मौत

**महोबा।** चरखारी कोतवाली क्षेत्र के सूपा रेलवे क्रॉसिंग के समीप तेज रफ्तार बेकाबू चार पहिया कार ने बाइक सवार दो मजदूरों को जोरदार टक्कर मार दी । इस भीषण सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल मजदूरों को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहाँ उपचार के दौरान एक मजदूर की मौत हो गई है । जबकि दूसरे मजदूर की हालत नाजुक बनी हुई है। महोबा के कुलपहाड़ कोतवाली क्षेत्र के सतारी गांव में रहने वाले 45 बर्षीय मुरलीधर अपने साथी अमित के साथ बाइक पर सवार होकर मजदूरी के लिए जा रहे थे। तभी सूपा रेलवे क्रासिंग के पास दोनों को जोरदार टक्कर मार दी है। इस सड़क हादसे में मुरलीधर की मौत हो गई। जबकि अमित की हालत नाजुक बनी हुई है। मुरलीधर की मौत के मामले को लेकर मोके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य ने की जनसुनवाई

**महोबा।** उत्तर प्रदेश महिला आयोग की सदस्य अर्चना पटेल आज महोबा पहुंची महोबा पहुंचने पर उन्होंने पीडब्लूडी सर्किट हाउस में अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की एवं जनसुनवाई की जनसुनवाई में कम लोग आने पर उन्होंने नाराजगी जाहिर की है ।महोबा पीडी सर्किट हाउस में पहुंची राज्य महिला आयोग की सदस्य अर्चना पटेल ने कहा कि सूचना अधिकारी ने जनसुनवाई के लिए लोगों को सूचना नहीं दी है । नतीजतन यहां लोग कम आए हैं।महज 6 शिकायतें प्राप्त हुई है । दो घरेलू हिंसा,3 आवास,की शिकायतें मिली है।

### दबंगों ने ऑटो चालक को बेरहमी से पीटा

**महोबा।** ऑटो चालक का सवारी से भाड़ा माँगना महंगा पड़ गया। ऑटो में बैठी सवारी से भाड़ा मांगने पर उसने ऑटो चालक की जमकर पिटाई कर दी। पीड़ित आटो चालक ने थाने में शिकायत की लेकिन थाने में शिकायत की सुनवाई न होने पर ऑटो चालक ने एसपी के चौखट पर पहुंचकर न्याय की गुहार लगाई है। मामला महोबा थाने के कबरई थाना क्षेत्र स्थित बाँदा तिराहे की है। जहां पर ऑटो चला रहे प्रभु दयाल ने ऑटो में सवार सवारी लक्ष्मी शुक्ला से 60 रुपए किराए के मांग की तो वह आग बबूला हो गया और उसने ऑटो चालक को गंदी-गंदी गालियां देते हुए जमकर पिटाई कर दी। पीड़ित ने स्थानीय थाने में शिकायत की।

## स्पात फैक्ट्रियों में जीएसटी के छापे से मचा हड़कंप

**सुमेरपुर, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**



गुरुवार की सुबह लखनऊ जीएसटी की डीजीजीआई टीम ने कस्बे में स्थित रिमझिम इस्पात लिमिटेड और जूही एलायज लिमिटेड पर छापा मारा। करीब 40 अधिकारियों और कर्मचारियों की टीम ने दस गाड़ियों के साथ फैक्ट्रियों को घेर लिया। रात की शिफ्ट में काम जारी रहा, लेकिन सुबह की शिफ्ट के वर्करों को फैक्ट्री में प्रवेश नहीं दिया गया, जिससे उत्पादन पूरी तरह ठप हो गया। राज्य कर विभाग ने पान मसाला उद्योगों में जीएसटी चोरी रोकने के लिए पहले से निगरानी बढ़ाई थी, जिससे टैक्स वसूली में बढ़ोतरी हुई। अब इसी तर्ज पर आयरन और स्टील फैक्ट्रियों की गतिविधियों पर भी 24 घंटे नजर रखने के आदेश दिए गए हैं। छापेमारी के दौरान फैक्ट्री के गेट बंद कर दिए गए, और बाहर पुलिस तैनात कर दी गई। अधिकारी कच्चे माल के दस्तावेज, ई-वे बिल और अन्य रिकॉर्ड खंगाल रहे हैं। छापे के चलते बाहर खड़े कच्चे माल से भरे ट्रकों के चालक-परिचालक भी परेशान हैं। टीम फैक्ट्री के प्रबंधन से अलग-अलग पूछताछ कर रही है। हालांकि, जांच पूरी होने के बाद ही विस्तृत जानकारी सामने आ पाएगी।

## मेगा कैंप में 2.25 लाख की वसूली, 110 के कनेक्शन काटे

**पनवाड़ी, महोबा, समृद्धि न्यूज़।**





पनवाड़ी विकासखंड क्षेत्र विद्युत उप केंद्र रिछा के पंचायत सचिवालय में गुरुवार को मेगा कैंप का आयोजन किया गया जिसमें 2 लाख 25 हजार की वसूली की गई। साथ ही बकाया के चलते 110 उपभोक्ताओं की बिजली काट दी गई। कैंप के दौरान अधिशासी अभियंता द्वितीय महोबा अनिल कुमार ने निरीक्षण कर विभागीय कर्मचारियों से पूछताछ की तथा अधिक से अधिक वसूली का निर्देश दिया उप खंड अधिकारी प्रदीप कुमार व अवर अभियंता अशोक कुमार वर्मा ईश्वर यादव पनवाड़ी अनीश अली महोबकंठ ने भरवारा गांव मे घूमकर जहां उपभोक्ताओं को बिजली बिल जमा करने का निर्देश दिया। वहीं 110 बकाएदारों की लाइन काटी। 13 घरेलू कनेक्शन से कॉमर्शियल किए गए तीन उपभोक्ताओं के खराब मीटर बदले गए। कुछ उपभोक्ताओं ने मौके पर ही बकाया बिल जमा किया तो कुछ ने मेगा कैंप में जमा किया अधिशासी अभियंता अनिल कुमार अनुसार लगभग 2 लाख 25 हजार की वसूली की गई। जिन उपभोक्ताओं के बिल बकाया है वें जमा कर दें, अन्यथा उनके विरुद्ध करवाई होना तय है। बिना कनेक्शन बिजली जलाने वालों पर मुकदमा भी दर्ज होगा। इस दौरान कार्यकारी सहायक बाबू शिवम् मिश्रा राजबहादुर प्रशांत सविता मंचल शर्मा रामजीवन धनीराम अवधेश कुमार विजय राजपूत संतोष अशोक कुमार प्रताप आदि लाइनमैन मौजूद रहे।

## ट्रैक्टर की टक्कर से ई रिक्शा पलटा, छह से ज्यादा सवारियां घायल

▸ मूसानगर रोड पर ब्लॉक मुख्यालय के पास की है घटना, तीन की हालत नाज़ुक होने से जिला अस्पताल कानपुर रेफर









**घाटमपुर, समृद्धि न्यूज़।**

गुरुवार दोपहर मूसानगर रोड पर ट्रैक्टर की टक्कर में आधा दर्जन से अधिक सवारियां घायल हो गई, घायल सवारियों को इलाज के लिए घाटमपुर सीएससी में भर्ती कराया गया है जहां तीन की हालत गंभीर होने के कारण डॉक्टरों ने जिला अस्पताल कानपुर रिफर कर दिया है। थाना सजेती क्षेत्र के गांव नीमदास सवारियां बैठक एक ई रिक्शा घाटमपुर की ओर आ रहा था और जैसे ही ब्लॉक मुख्यालय के पास पहुंचा कि तभी सामने से आ रहे ईंटों लगा ट्रैक्टर की टक्कर से खड्ड में जाकर पलट गया। ई रिक्शा पलटने से उसमें बैठी आधार दर्जन से अधिक सवारियां घायल हो गई जिन्हें स्वास्थ्य विभाग की एंबुलेंस से घाटमपुर सीएससी भेजा गया। घायलों में तीन की हालत गंभीर होने के कारण डॉक्टर ने उर्सला अस्पताल कानपुर रेफर कर दिया तथा घायलों में चार को मरियम पट्टी के बाद घर जाने के लिए कहा गया। चौकी प्रभारी जाजपुर ने बताया की तहरीर मिलने पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी उधर बुधवार की शाम ग्राम बंदा के निकट ट्रक की टक्कर से एक व्यक्ति की मौत हो गई मृतक की पहचान थाना सजेती क्षेत्र के पाराचांद गांव निवासी के रूप में हुई है।

## सड़क हादसे में घायल मुर्गा व्यापारी की मौत

**सुमेरपुर, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**

रविवार शाम दुकान बंद कर घर लौट रहे मुर्गा व्यापारी को नरायनपुर गांव के पास अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। गंभीर रूप से घायल व्यापारी का इलाज कानपुर में चल रहा था, जहां बुधवार तड़के उसकी मौत हो गई।

कस्बा निवासी 40 वर्षीय बिंदा प्रसाद रानी लक्ष्मीबाई तिराहे पर मुर्गा बेचने की दुकान चलाता था। रविवार रात करीब 8 बजे वह बाइक से घर लौट रहा था, तभी नरायनपुर के पास हाईवे पर तेज रफ्तार वाहन ने उसे टक्कर मार दी और मौके से फरार हो गया। गंभीर हालत में उसे सदर अस्पताल ले जाया गया, जहां से कानपुर रेफर कर दिया गया। बुधवार सुबह इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पोस्टमार्टम के बाद बुधवार देर रात शव घर पहुंचा, तो परिवार में कोहराम मच गया। मृतक अपने पीछे पत्नी मीरा, चार बच्चों को रोता बिलखता छोड़ गया है।

### पोस्टमार्टम से भी नहीं पता चला मौत का कारण

**सुमेरपुर।** चार माह दस दिन बाद लापता किसान के अस्थि पंजर कुएं से बरामद होने के बाद कराए गए पोस्टमार्टम में हत्या का कारण स्पष्ट नहीं हुआ है। पुलिस शव की पुख्ता शिनाख्त के लिए मृतक किसान के पुत्रों के खून के नमूने लेकर डीएनए टेस्ट कराएगी। इसके लिए शुक्रवार को अग्रिम कार्रवाई के लिए मृतक किसान के पुत्रों को थाने बुलाया गया है। वहीं मृत किसान के अस्थि पंजरो को पोस्टमार्टम के बाद घर लाया गया और उसके निजी खेतों में विधि विधान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। इस मौके पर नाते रिश्तेदारों के साथ ग्रामीण मौजूद रहे।

थानाक्षेत्र के टेढ़ा गांव निवासी शीलू सिंह उर्फ जितेंद्र सिंह 45 वर्ष का शव टेढ़ा देवगांव पंधरी मौजा की सीमा पर बने काशी कुआं में उतरता हुआ मिला था। परिजनों ने लोअर टीशर्ट से शिनाख्त करके शव शीलू सिंह का होने का दावा किया था। पुलिस ने फायर ब्रिगेड की मदद से शव को कुएं से बाहर निकलवा कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा था। थानाध्यक्ष अनूप कुमार सिंह ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत का कारण पता नहीं चल सका है। बरामद अस्थि पंजर शीलू सिंह के हैं अथवा नहीं इसके लिए डीएनए टेस्ट करने की तैयारी की जा रही है। शुक्रवार को अग्रिम कार्रवाई के लिए शीलू सिंह के दोनों पुत्रों हर्ष सिंह व हर्षित सिंह को अन्य परिजनों के साथ थाने बुलाया गया है।

### अवैध तमंचा व कारतूस के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

**महोबा।** पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद महोबा में आगामी त्यौहारों के दृष्टिगत अपराध की रोकथाम हेतु अवैध शस्त्र धारक अभियुक्तों की चेकिंग एवं उनकी गिरफ्तारी/बरामदगी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में आज अपर पुलिस अधीक्षक वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी चरखारी रविकान्त गोंड के निकट पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष चरखारी प्रवीण कुमार सिंह द्वारा गठित की गई उप निरीक्षक रामकृष्ण तिवारी मय हमराह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने चेकिंग संदिग्ध वाहन/व्यक्ति/वस्तु के दौरान अवैध शराब के साथ एक नफर अभियुक्त जगत सिंह पुत्र विश्वनाथ राजपूत उम्र करीब 40 वर्ष निवासी ग्राम अकठौहां थाना चरखारी जनपद महोबा को थानाक्षेत्र अन्तर्गत पर कस्बा चरखारी से 1 देशी तमन्चा 32 बोर व 2 कारतूस 32 बोर नाजायज के साथ गिरफ्तार किया गया।

## नशीले पदार्थों का विक्रय रोके जाने के संबंध में सहायक आयुक्त ने मेडिकल स्टोर की जांच की

**महोबा, समृद्धि न्यूज़।**



जिलाधिकारी मृदुल चौधरी के निर्देश पर वीरेन्द्र कुमार सहायक आयुक्त (औषधि) चित्रकुट धाम मण्डल बॉदा के साथ औषधि निरीक्षक महोबा द्वारा डाक्टर पर्चा पर दवाओं की बित्री निर्धारण कराने टिन्चर एवं नशीले पदार्थों का विकय रोके जाने के सम्बन्ध मे निम्न मेडिकल स्टोर की जाँच की गयी। जिनमें मनोज कुमार रूसिया, मे. रूसिया मेडिकल स्टोर, बजरंग नगर महोबा। सन्तोष कुमार सेठ, मे. सेठ मेडिकल, स्टोर ऊदल चौक महोबा। दिनेश कुमार मिश्रा, मे. दिनेश मेडिकल स्टोर, बार्ड नं. 4 किदवई नगर कबरई। मो. इसरार, मे. मो. इसरार मेडिकल स्टोर, विवेक नगर कबरई। उक्त प्रतिष्ठानों में जॉच के दौरान टिन्चर एवं नशीले पदार्थों का विक्रय करते नही पाये गये तथा डाक्टर पर्चा के विकय बीजक उपलब्ध कराने एवं दो-दो संदिग्ध औषधियों का नमूना जॉच एवं विश्लेषण हेतु लेकर राजकीय विश्लेषक, लखनऊ उप्र को प्रेषित किया गया। उक्त कार्रवाई से 6 दिवसो के अन्दर डॉ. प्रेसकिप्सन पर विकय की गयी औषधियो के विक्रय बीजक डॉ. नाम सहित सत्यापित कराने हेतु निर्देश दिये गये अन्यथा की स्थिति में औषधि एवं प्रसाधन अधिनियम 1940 के नियम 65 की शर्तो का उल्लंघन मानते हुये लाइसेंसो के विरुद्ध कार्रवाई प्रारम्भ कर दी जायेगी जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी उक्त मेडिकल स्टोर संचालकों की होगी। उक्त कार्यवाही के दौरान महोबा एवं कबरई के कई मेडिकल स्टोर संचालक सटर बन्द कर दिये। एक युद्ध नशे के विरुद्ध अभियान चलाने के दौरान निम्न मेडिकल प्रतिष्ठान संचालक उपस्थित रहे। यश मेडिकल स्टोर हास्पिटल रोड कबरई, रामा मेडिकल स्टोर छंगा चौराहा कबरई। कबरई मेडिकल स्टोर छंगा चौराहा कबरई आदि।

### बूगी वूगी डांस प्रतियोगिता में बच्चों ने अपनी प्रतिभा का मनवाया लोहा

**चरखारी (महोबा)।** मेला सहस्त्र स्वामी गोवर्धन्नाथ जू महाराज मेला मंच पर 12 वर्ष तक के बच्चों के बीच बूगी बूगी डांस प्रतियोगिता का आयोजन हुआ जिसमें स्थानीय बच्चों ने नृत्यकला का अदभुत प्रदर्शन किया 22 नवम्बर को आयोजित होने वाले सेमीफाइनल मुकाबले में कुल 20 बच्चों का सिलेक्शन कमेटी द्वारा किया गया था जिन्होने आज एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियाँ दी जिसमें दीपांशी दीक्षित 48 अंक अर्जित करके प्रथम, चाँदनी ने 44 अंक प्राप्त करके द्वितीय एवं उन्नति 42 अंको के साथ तृतीय स्थान पर रहीं। फाइनल प्रतियोगिता का शुभारम्भ भाजपा जिला अध्यक्ष अवधेश गुप्ता, उपाध्यक्ष योगेश मिश्रा, महामंत्री अमित शर्मा एवं पालिका अध्यक्ष मंजू कुशवाहा' प्रतिनिधि रामपाल कुशवाहा ने मां सरस्वी की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं द्वीप प्रज्वलन करते हुए किया जिसके उपरान्त देर रात तक छोटे छोटे बच्चों ने फिल्मी गीतों पर एक से बढ़कर एक डांस प्रस्तुत किए गए कार्यक्रम के संयोजक सामंत राजपूत एवं हनीफ उर्फ बाबा रहे। बीती रात मेला प्रांगण में आयोजित की गई। बूगी बूगी फाइनल प्रतियोगिता जिसमें दीपांशी, चाँदनी, उन्नति, निशा, सिमरन, मानसी, शालू, सुहाना एवं रश्मि मे प्रतिभाग किया गया सभी प्रतिभागियों ने निर्णायक मण्डल के सामने कड़ी चुनौती प्रस्तुत की एवं दर्शकों का मन मोह लिया परन्तु कार्यक्रम के संयोजक मुहम्मद हनीफ एवं सामंत राजपूत एवं निर्णायक मण्डल के दिए गये अंको के आधार पर प्रतिभागियों के स्थान चुने गये कार्यक्रम के दौरान नगर अध्यक्ष भाजपा रजनीश गुप्ता, चैयरमैन प्रतिनिधि रामपाल कुशवाहा, फूला देवी, नीरज गुप्ता, वरिष्ठ लिपिक अय्यूब खाँ , लिपिक संजीत, अनिल सोनी सभासद अरूण कुमारसुरेन्द्र प्रताप सिंह सहित सैकड़ों की संख्या में महिला-पुरुष व बच्चे मौजूद रहे।

## शादी का झांसा देकर युवती का उत्पीड़न करने वाला वांछित अभियुक्त गिरफ्तार



**महोबा।** पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद महोबा में अपराध की रोकथाम एवं अपराधिक घटनाओं को कारित करने वाले वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान के अनुपालन में आज अपर पुलिस अधीक्षक वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी नगर दीपक दुबे के निकट पर्यवेक्षण में थाना कोतवाली महोबा प्रभारी निरीक्षक अर्जुन सिंह द्वारा गठित की गई निरीक्षक सत्यपाल सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने थाना कोतवाली नगर महोबा में पंजीकृत मुअसं 615/24 धारा 69/115(2)/89/352 बीएनएस व 3(1)द,ध 3(2)5 क ,3(2)5 एससी/एसटी एक्ट से सम्बन्धित एक वांछित अभियुक्त शिवम उर्फ प्रशान्त परासर पुत्र राजकिशोर उम्र करीब 24 वर्ष निवासी ग्राम बरी थाना कोतवाली नगर जनपद महोबा हाल पता मुहल्ला राजमंदिर छैलबिहारी कस्बा व थाना चरखारी जनपद महोबा को थानाक्षेत्र के बिलवई चुंगी के पास से नियमानुसार गिरफ्तार किया है, नियमानुसार आवश्यक विधिक कार्यवाही के उपरान्त अभियुक्त को न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया।

### विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के अन्तर्गत-

# दस दिवस से चल रहे प्रशिक्षण का हुआ समापन

**महोबा, समृद्धि न्यूज़।**





उद्योग एवं उद्यम प्रोत्साहन निदेशालय उत्तर प्रदेश द्वारा प्रायोजित उद्यमिता विकास संस्थान लखनऊ द्वारा आयोजित विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के अन्तर्गत 10 दिवसीय उद्यमिता विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम ट्रेड - दर्जी का शुभारंभ 19 नवंबर को शालीमार पैलेस छतरपुर रोड महोबा में प्रारम्भ किया गया था।

इस 10 दिवसीय प्रशिक्षण में विभिन्न विभागों के प्रवक्ताओं द्वारा जानकारी दी गई तथा कुशल मास्टर ट्रेनरों द्वारा गुणवत्ता युक्त प्रशिक्षण दिया गया। जिसका का शुभारंभ उद्योग एवं उद्यम प्रोत्साहन केन्द्र के उपायुक्त महेशचन्द्र सरोज द्वारा किया गया था एवम प्रशिक्षार्थियों को स्वावलम्बी बनाने हेतु टिप्स दिए गए।

आपको बता दें कि 10 दिवसीय प्रशिक्षण का आज समापन उद्योग एवं उद्यम प्रोत्साहन केन्द्र के उपायुक्त महेशचन्द्र सरोज द्वारा किया गया जिसमें वरिष्ठ सहायक केशव, कार्यक्रम कॉर्डिनेटर शफीक खान, मास्टर ट्रेनर साधना, अरपीन खान, पुस्पेंद्र कुमार सहित सभी मास्टर ट्रेनर उपस्थित रहे।

प्रशिक्षार्थियों द्वारा बनाये गये विभिन्न उत्पादों का भी प्रदर्शन किया गया विश्व कर्मा श्रम सम्मान योजना के दर्जी ट्रेड में 200 प्रशिक्षार्थियों को प्रशिक्षण दिया गया है।

# पेयजल आपूर्ति पर प्रधानों का प्रशिक्षण सम्पन्न

## इंजीनियर पवन कुमार ने परियोजना में तकनीकी रूप से प्रबंध करने का दिया प्रशिक्षण

हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।



पेयजल आपूर्ति योजना के तहत विकासखंड सभागार में गत मंगलवार से चल रहे ग्राम प्रधान पंचायत सहायक एवं समूह के सक्रिय सदस्यों के प्रशिक्षण का आज समापन हो गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतिम सत्र में मौजूद प्रधानों, पंचायत सहायको एवं सक्रिय सदस्यों को जल जीवन मिशन के अंतर्गत ग्राम पंचायत स्तर पर पहले से स्थापित एवं वर्तमान में निर्मित होने वाली परियोजनाओं के नियमानुसार हैंडओवर एवं टेकओवर करने, सुचारू रूप से संचालन किये जाने के साथ साथ ग्रामीणों को नियमित रूप से शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने की जानकारी मास्टर ट्रेनर द्वारा दी गई। प्रशिक्षण सत्र में कंसलटिंग इंजीनियर पवन कुमार द्वारा प्रतिभागियों को परियोजना में तकनीकी रूप से कैसे प्रबंध करना है इसके बारे में विस्तृत प्रशिक्षण दिया गया। इसी क्रम में सहायक विकास अधिकारी पंचायत कौशल कुमार ने प्रतिभागियों को वर्तमान में गिरते जल स्तर को गिरने से रोकने शुद्ध पेयजल स्रोतों की निरंतर कमी के चलते उसकी उपलब्धता सुनिश्चित किए जाने के उपाय बताएं। इस अवसर पर सभी को जल संरक्षण का संकल्प भी दिलाया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंत में न्यायालय द्वारा 23 अक्टूबर के आदेश का अनुपालन करते हुए महिला ग्राम प्रधानों को उनके अधिकार और कर्तव्य के प्रति जागरूक किया गया । जिससे प्रधान पद की अवधारणा को समाप्त किया जा सके। प्रशिक्षण सत्र में ग्राम प्रधान संतोष शुक्ला, कुलदीप सिंह, नीलम सिंह, राम निहोर, दुर्गेश कुमार, राजेश कुमारी, हरिशंकर सुशील कुमार एवं सीता रानी तथा ग्राम सचिवों में अखिलेश कुमार दुबे एवं पवन कुमार उपस्थित रहे।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से वृद्ध की मौत

**मसौली, बाराबंकी।** बाराबंकी- गोंडा बहराइच राष्ट्रीय राजमार्ग पर अत्यधिक वाहनो की रफ्तार लोगो के लिए काल साबित हो रहे है हाइवे पर सावधानी हटी कि दुर्घटना घटी की कहावत सच साबित हो रही है। बुधवार को अज्ञात वाहन की चपेट मे आये एक वृद्ध की जिला अस्पताल मे इलाज के दौरान मृत्यु हो गयी। बताते चले कि राजधानी लखनऊ से गोंडा बहराइच, श्रावस्ती, बलरामपुर सहित पड़ोसी देश नेपाल को जोड़ने वाले इस राष्ट्रीय राजमार्ग पर अत्यधिक वाहनो का आवागमन रहता है जरा सी लापरवाही जान पर आ जाती है जिससे हर रोज कोई न कोई दुर्घटना होती रहती है जिसमे लोगो की जाने चली जाती है बुधवार की देर शाम नयागाँव निवासी 65 वर्षीय नारायन पुत्र बेचु लाल सड़क पार कर रहे थे कि अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी परिजनों ने घायल वृद्ध को जिला अस्पताल मे भर्ती कराया जिनकी इलाज के दौरान मृत्यु हो गयी।

# स्टाफ नर्स से दरिंदगी मामले की पुलिस कर रही तहकीकात

उरई,जालौन समृद्धि न्यूज़।

- जबरन खींचकर झाड़ियों में ले गये थे बाइक सवार लोग

स्टाफ नर्स के साथ दरिंदगी का मामला सामने आया है। ड्यूटी पर जा रही स्टाफ नर्स को बाइक सवार लोगों ने रोक लिया। जिसके बाद उसे खींचकर झाड़ियो में ले गए। जहां उसके साथ मारपीट करते हुए गैंगरेप किया। इतना ही नही दरिंदों ने जुल्मो की इंतिहा पर करते हुए महिला के गुप्तांगो में मिर्ची भर दी।

जिसके बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। पीड़िता को गम्भीर हालत में मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया जहां उसका इलाज जारी है। वहीं पुलिस मामले को अवैध संबंधों से जोड़कर मामले की तहकीकात में जुटी हुई है। मामला जालौन के चुर्खी थाना क्षेत्र का है। जहां के पीएचसी बाबई में तैनात स्टाफ नर्स गुरुवार की सुबह स्कूटी से ड्यूटी जा रही थी। सुबह वह जैसे ही चुर्खी थाना क्षेत्र के सोकरखेड़ा के पास पहुंची तभी 4 बाइको से आये लोगों ने उसे स्कूटी से गिरा दिया। जिसके बाद उसके साथ गैंगरेप की वारदात को अंजाम दिया। इतना ही नहीं बदमाशो ने महिला के साथ दरिंदगी करते हुए उसके गुप्तांगो में मिर्ची भर दी। महिला को गम्भीर हालत में इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां से उसे मेडिकल कालेज रेफर कर दिया।

### रंगदारी न देने पर मारपीट कर दी जानमाल की धमकी, पीड़ित पहुंचा कोतवाली

**जालौन,उरई समृद्धि न्यूज़।** रास्ते में रोककर रंगदारी मांगने और न देने पर मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने की शिकायत पीड़ित ने कोतवाली में की। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की।

कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला खंडेराव निवासी पवन कुमार ने पुलिस को बताया कि किसी काम के चलते उरई रोड पर जा रहा था। जब वह बंबा के पास पहुंचा तभी वहां पहले से बैठे आशीष निवासी घुआताल, सोहित निवासी खंडेराव, सुमित व हरिओम निवासीगण कछौरन ने जबरन उसे रोक लिया और उससे रंगदारी की मांग करने लगे। जब उसने कहा कि वह किस बात की रंगदारी मांग रहे हैं। उसका उन लोगों से कुछ लेना देना नहीं है।

# राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जारमऊ में कैरियर मेला आयोजित

हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।




विकास खंड हैदरगढ़ क्षेत्र के अंतर्गत राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जार मऊ में प्रधानाचार्य मधु यादव की अध्यक्षता व नोडल ज्योति ओझा के नेतृत्व में कैरियर मेले का आयोजन किया कार्यक्रम का शुभारंभ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सक डॉक्टर संजय रावत तथा आईटीआई के प्रबंधक रणवीर प्रताप सिंह ने सरस्वती मां की प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित करते हुए किया। तत्पश्चात कार्यक्रम के प्रभारी नोडल श्रीमती ज्योति ओझा ने विस्तार पूर्वक कार्यक्रम रूप रेखा को छात्र-छात्राओं को बताया इसके बाद अतिथियों ने कैरियर के क्षेत्र में बच्चों को विस्तृत जानकारी दी और बच्चों द्वारा पूछे गए प्रश्नों का उत्तर दिया गया रिशुदमन सिंह , पंख नोडल विनोद कुमार सिंह , जितेंद्र वर्मा द्वारा शिक्षा, चिकित्सा आईटीआई आदि क्षेत्र में कैरियर के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। श्रीमती सुषमा देवी श्रीमती कहकशा तथा श्रीमती ज्योति वर्मा ने कार्यक्रम में अपनी सहभागिता निभाई कार्यक्रम के आखिर में विद्यालय की प्रधानाचार्य ने अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए बच्चों से दूर दृष्टि पक्का इरादा अपने लक्ष्य को ध्यान में रखना जैसे गंभीर मुद्दों को बताते हुए कार्यक्रम का समापन कर दिया गया।

# खुली बैठक कर गठित की गई विद्यालय समिति

सिरौलीगौसपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।

क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय लोधपुरवा में खंड शिक्षा अधिकारी सजंय कुमार व खंड विकास अधिकारी अदिति श्रीवास्तव के निर्देश पर विद्यालय समिति गठन के लिए खुली बैठक विद्यालय परिसर आयोजित की गई। बैठक में छात्र-छात्राओं के अभिभावक एवं गांव के वरिष्ठ नागरिक शामिल रहे।

इस बैठक में विद्यालय के प्रधानाध्यापक मोहम्मद आरिफ सहित विद्यालय के समस्त शिक्षक व छात्र-छात्राओं के अभिभावक मौजूद रहे जिसमें शासनादेश को पढ़कर सुनाया गया। उसके बाद विद्यालय समिति का गठन किया गया जिसमे अध्यक्ष राम मनोरथ गौतम , उपाध्यक्ष रीता यादव, सचिव मोहम्मद आरिफ व अन्य सदस्य नामित किया गए। नई विद्यालय समिति दिसंबर माह से काम करना शुरू करेगी। यह समिति विकास शिक्षा की गुणवत्ता आदि की देखरेख करेगी। इस संबंध में प्रधानाध्यापक मोहम्मद आरिफ ने बताया कि विद्यालय समिति का गठन इस उद्देश्य से किया गया है कि विद्यालय विकास में अभिभावकों की सक्रिय भागीदारी रहे और समाज में शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़े। प्रारंभिक शिक्षा के सार्वजनिक लक्ष्य को प्राप्त करने में प्रबंध समिति की अहम भूमिका होती है। क्योंकि जब तक अभिभावक और समाज की सजक नहीं होता तब तक किसी भी योजना को लक्ष्य को प्राप्त नहीं किया जा सकता है। इस बैठक में विद्यालय समिति के गठन के लिए छात्र-छात्राओं के अभिभावक मौजूद रहे।

# सड़क हादसे में जान गंवाने वाले नाना की सदमे में मौत

- पैतृक बाग में किया गया दुर्घटना में मृतक विनय रावत का अंतिम संस्कार

हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।

लखनऊ सुल्तानपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर बुधवार की सुबह हुई सड़क दुर्घटना में जान गवाने वाले हरिओम श्रीवास्तव के नाना की गुरुवार की सुबह सदमे में जान चली गई। बाद में नाना और नवासे का एक साथ अंतिम संस्कार कर दिया गया।

उल्लेखनीय है कि पिता संतोष कुमार श्रीवास्तव के निधन के बाद मृतक हरिओम श्रीवास्तव अपनी मां सावित्री एवं बड़े भाई मोहित के साथ शिवराजपुर गांव निवासी नाना भगवती प्रसाद श्रीवास्तव के यहां रहकर पढ़ाई करता था । बताते हैं कि हरि ओम श्रीवास्तव मंगलवार को पहली बार कैटर्स के लिए काम करने गांव के ही विनय कुमार रावत एवं श्याम नारायण रावत के साथ मोटरसाइकिल से गोसाईगंज लखनऊ गया हुआ था। जहां से बुधवार की अल सुबह वापस लौटते समय लगभग 3 बजे थाना लोनी कटरा अंतर्गत छंदरौली मोड़ के निकट पहुंचने पर अचानक ईट भट्ठे की ओर मुड़े ट्रक से उनकी मोटरसाइकिल टकरा गई थी। जिसमें तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए थे सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने तीनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोसाईगंज भेजा था जहां पर हरि ओम श्रीवास्तव एवं विनय कुमार रावत को डॉक्टर द्वारा मृत घोषित कर दिया गया था। पोस्टमार्टम के बाद बुधवार की शाम शवों के गांव पहुंचते ही परिजनों के बीच कोहराम मच गया था। परिजनों का रो रो कर बुरा हाल था, वही हरिओम की मौत से मां सावित्री के अलावा उसके नाना 85 वर्षीय भगवती प्रसाद श्रीवास्तव बदहवास हो गए थे। दोनों का रो रो कर बुरा हाल था।नवासे की मौत के गम से गमजदा नाना का भी गुरुवार सुबह लगभग 9 बजे निधन हो गया। गांव से एक साथ तीन-तीन शव यात्रा निकालने से पूरे गांव का माहौल गमगीन हो गया। सूचना पाकर पहुंचे क्षेत्रीय विधायक दिनेश रावत, प्रधान प्रतिनिधि विजय सिंह सहित तमाम लोगों ने दुखी परिजनों को ढाँढस बंधाया। दुर्घटना में मृतक विनय रावत का अंतिम संस्कार जहां पैतृक बाग में किया गया वहीं नाना और नवासे का अंतिम संस्कार भी पैतृक बाग में कर दिया गया गांव में तीन-तीन शवों को एक साथ जलते देख मौजूद हर व्यक्ति की आंखें नम हो गई।



## खबरें एक नजर में

### फार्मर रजिस्ट्री कराएं तभी मिलेगी सम्मान निधि

**बाराबंकी।** उपकृषि निदेशक सरवन कुमार ने बताया है कि शासनादेश संख्या 1337/12-5-2024/1803641/12-5/39/2023/कृषि अनुभाग-5/ दिनांक 18-11-2024 के क्रम में एग्रीस्टैक (डिजिटल पब्लिक इन्फ्रास्ट्रक्चर फॉर एग्रीकल्चर) के अन्तर्गत फार्मर रजिस्ट्री तैयार करने के सम्बन्ध में दिनांक 18-11-2024 से दिनांक 31-12-2024 तक विषेश अभियान संचालित किया जा रहा है, जिसमें प्रत्येक राजस्व ग्राम के लेखपाल एवं कृषि विभाग के कर्मचारी/पंचायत सहायक/रोजगार सेवक उपस्थित रहेगें। कैम्प का आयोजन प्रत्येक सप्ताह के सोमवार से शनिवार तक किया जायेगा। अतः जनपद के समस्त सम्मानित कृषकों से अनुरोध है कि वह अपने नजदीकी जनसेवा केन्द्र अथवा दिनांक 30-11-2024 से 31-12-2024 तक आयोजित होने वाले फार्मर रजिस्ट्री अभियान कैम्प में वांछित अभिलेखों सहित (आधार, आधार बेस मोबाइल नम्बर, खतौनी एवं यदि कृषक अनुसूचित जाति का है तो जाति प्रमाण पत्र की छायाप्रति) उपस्थित होकर फार्मर रजिस्ट्री कराना सुनिश्चित करें। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजनान्तर्गत आगामी किस्तों का लाभ फार्मर रजिस्ट्री होने के उपरान्त ही प्राप्त होगी।

### 29 नवम्बर से होगा महादेवा महोत्सव का भव्य आगाज

**बाराबंकी।** सुप्रसिद्ध पौराणिक महादेवा महोत्सव का शुक्रवार 29 नवम्बर 2024 से आगाज हो रहा है। महादेव महोत्सव को भव्य एवं दिव्य बनाने के लिये महादेवा परिसर में प्रशासन की सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गयी है। इस बार महादेवा महोत्सव में आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे। इसके साथ ही महोत्सव में प्रतिदिन अलग-अलग कार्यक्रम लोगों को अपनी तरफ आकर्षित करेंगे। जिलाधिकारी श्री सत्येंद्र कुमार द्वारा महादेवा महोत्सव का शुभारंभ किया जाएगा। बाराबंकी जिले के रामनगर तहसील क्षेत्र में स्थित पौराणिक लोधेश्वर महादेव मंदिर परिसर में शुक्रवार 29 नवम्बर 2024 से पारंपरिक रूप से लगने वाला अगहनी मेंला जिसे महादेवा महोत्सव के नाम से जाना जाता है उसकी भव्य एवं दिव्य से शुरुआत होगी। इस बार महादेवा महोत्सव में होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रम आकर्षण का केंद्र रहेंगे। इसके साथ ही महादेवा महोत्सव में पशु बाजार, खेल प्रतियोगिताएं व अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया जा रहा है।

### जालौन से ग्वालियर रोडवेज बस संचालित कराने की मांग

**जालौन,उरई।** स्वास्थ्य सेवाओं के लिए नगर व आसपास की जनता ग्वालियर जाती है। प्रतिदिन बड़ी संख्या में लोग मध्य प्रदेश के शहर जाते हैं। लेकिन नगर से होकर परिवहन निगम की एक भी बस का संचालन ग्वालियर के लिए नहीं हो रहा है। नगर से मध्य प्रदेश के ग्वालियर तक बस सेवा शुरू कराने की मांग नगर के लोगों ने परिवहन विभाग के अधिकारियों से की है। नगर से होकर मध्य प्रदेश के ग्वालियर तक अभी परिवहन निगम की कोई बस सेवा उपलब्ध नही है। जबकि नगर से प्रतिदिन काफी संख्या में मध्य प्रदेश तक यात्रियों का आना जाना होता है। सीधी बस सेवा न होने से लोगों को अधिक किराया व खर्च करके ग्वालियर जाना पड़ता है। नगर के प्रतीकांत चंसौलिया, अशफाक राईन, अफजाल अहमद, रहीस खान, अरविंद, अखिलेश लाक्षाकार आदि बताते हैं कि नगर व क्षेत्र से काफी लोग मध्य प्रदेश के ग्वालियर, भिंड आदि शहरों में आते जाते हैं। ग्वालियर न्यूरो सर्जरी के लिए भी विख्यात है। इसके अलावा भी अन्य बीमारियों का अच्छा इलाज मिलता है। ऐसे में मरीजों और उनके तीमारदारों का भी आना जाना होता है। परिवहन निगम की बस सेवा न होने से उन्हें प्राइवेट बसों से यात्रा करनी पड़ती है। जिसमें उनका समय और अधिक धन खर्च होता है। समय बचाने के चक्कर में कभी कभी तो प्राइवेट कार तक किराए पर ले जानी पड़ती है। आने जाने में ही हजारों रुपये खर्च हो जाते हैं। यदि नगर से होकर परिवहन विभाग की बस का संचालन होता है तो नगर व क्षेत्र के लोगों को काफी सहूलियत होगी।

### मोबाइल पर अश्लील वीडियो देखने से मना करने पर युवकों ने पीटा

**जालौन (उरई)।** मोबाइल पर अश्लील वीडियो देखने से मना करने पर गांव के युवकों ने मारपीट कर दी। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस मामले की जांच कर रही है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मांडरी निवासी ब्रह्मजीत ने पुलिस को बताया कि उनके गांव के ही दो युवक उसके दरवाजे के बाहर खड़े थे। दरवाजे के बाहर खड़े होकर दोनों युवक मोबाइल पर अश्लील वीडियो देख रहे थे। जिसकी आवाज अंदर तक आ रही थी। आवाज सुनकर वह बाहर आया और दोनों युवकों के घर के दरवाजे पर अश्लील वीडियो देखने से मना किया। इस बात से नाराज होकर उन दोनों ने गाली, गलौज करते हुए उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। उसे बचाने आई मां के साथ भी मारपीट की। इतना ही नहीं आइंदा रोकने पर जान से मारने की धमकी भी दे डाली।

# मानक विहीन पक्की सड़कों की पटरियों पर हो रहे हादसे

- बाइक सवार पटरी के कारण हुआ दुर्घटना ग्रस्त, महिला की मौत
- इलाज के दौरान संघर्ष करते हुए घर लौटने के कुछ समय बाद हो गई जाहिदा की मौत

मसौली बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।

### परिवार पर टूटा दुखों का पहाड़

जाहिदा की मौत से उनके परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। घर की बड़ी बहू होने के कारण पूरे परिवार और गांव में शोक की लहर दौड़ गई। जाहिदा का 6 माह का बेटा शाहनवाज अपनी मां के लिए रो रहा है। बता दें कि जाहिदा की शादी एक साल पहले 18 फरवरी 2023 को अछेछा गांव में हुई थी। उनका परिवार उन्हें एक खुशहाल जीवन देने की उम्मीद कर रहा था, लेकिन इस हादसे ने सारी खुशियां छीन लीं।

विभागीय लापरवाही एव अनदेखी के चलते मानकविहीन पक्की सड़को की पटरियो पर आये दिन होने वाली दुर्घटनाओं के कारण लोग काल के गाल मे समाते जा रहे है ताजा उदाहरण थाना क्षेत्र के ग्राम त्रिलोकपुर के निकट आस्तित्वविहीन पटरी के चलते हुए दुर्घटना मे एक महिला की मौत हो गयी। थाना क्षेत्र के कस्बा त्रिलोकपुर निवासी मो0 अलीम उर्फ रवि एक सप्ताह पूर्व अपनी पत्नी जाहिदा के साथ बाईक से फतेहपुर थाना क्षेत्र के ग्राम सिहाली से घर वापस लौट रही थी कि मां दुर्गा मैरिज लॉन के निकट बाईक असुंतलित होकर आस्तित्वविहीन पटरी के कारण गहरी खाई मे चली गयी जिससे बाईक सवार दम्पति गंभीर रूप से घायल हो गये जिन्हे जिला अस्पताल मे भर्ती कराया गया प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें बेहतर इलाज के लिए मेयो अस्पताल रेफर किया गया।



डॉक्टरों ने जाहिदा की हालत को गंभीर बताते हुए कई दिनों तक इलाज किया, लेकिन स्थिति बिगड़ने के कारण उन्होंने जवाब दे दिया। इलाज के दौरान संघर्ष करते हुए घर लौटने के कुछ ही समय बाद जाहिदा की मौत हो गई।

# व्यवसायिक इमारत निर्माण में बाधक बने अवैध कब्जे को जेसीबी ने हटाया

कालपी,जालौन समृद्धि न्यूज।

व्यवसायिक इमारत के निर्माण में बाधा बने दो कब्जेधारकों को पालिका ने गुरुवार हटा दिया।

उन्हें कुछ माह पहले नोटिस दिया गया था जिस पर उन्होंने अदालत का सहारा लिया था। विदित हो कि टरननगंज बाजार स्थित एक जीर्णशीर्ण इमारत को जमीन का कारोबार करने वालो ने खरीदा था जिसमें उन्होंने व्यवसायिक इमारत बनाना शुरू किया था लेकिन उक्त इमारत में पहले से ही दुकानों पर कब्जा जमाए दुकानदार निर्माण में बाधा बन गए थे लेकिन कारोबारियों ने ज्यादातर को आश्वासन देकर बेदखल कर दिया था लेकिन दो दुकानदारों ने अपना कब्जा नहीं हटाया था जिस पर पालिका परिषद ने उन्हें नोटिस जारी किया था लेकिन वह अदालत चले गए थे और तभी से यह कब्जेदार इमारत निर्माण में बाधा बने थे जिसके चलते गुरुवार को नायब तहसीलदार चन्द्रमोहन शुक्ला व ईओ नगर पालिका परिषद अवनीश शुक्ला तथा पालिका परिषद की टीम ने जेसीबी चलाकर अस्थाई निर्माण ध्वस्त कर दिया है। दुकानदार ब्रजेश द्विवेदी व गंगा त्रिपाठी के अनुसार वह वर्षो पुराने किराएदार है जहां पर वह रोजी रोटी करते थे लेकिन गत दिनों पालिका परिषद ने उन्हें हटने के लिए नोटिस दिया था जिसके कारण उन्होने यह मामला अदालत में दाखिल कर दिया था जो विचाराधीन है।

# एक मुश्त समाधान योजना के लिए होगी टास्क फोर्स गठित



अयोध्या, समृद्धि न्यूज।

वाहन स्वामियों को बकाए कर पर लगने वाले जुर्माने में सौ प्रतिशत छूट देने हेतु शासन द्वारा बीती 06 नवंबर से आगामी 05 फरवरी तक एक मुश्त समाधान योजना लागू की गई है। इसे लेकर आरटीओ (प्रशासन) सुश्री ऋतु सिंह द्वारा प्रतिदिन मण्डल की समीक्षा की आ रही है।बुधवार को मंडलायुक्त दयाल द्वारा इस योजना के अंतर्गत प्रभावी कार्रवाई किए जाने के निर्देश दिए गए तथा आरटीओ प्रशासन सुश्री सिंह के कार्यों की सराहना की गई।

आरटीओ प्रशासन सुश्री सिंह ने बताया कि अभी तक अयोध्या जनपद में 109 वाहनों से 42.8 लाख रूपया,अमेठी जनपद में 61 वाहनों से 20.68 लाख रुपया,अम्बेडकरनगर जनपद मे 51 वाहनों से 23.62 लाख रुपया,सुल्तानपुर जनपद में 42 वाहनों से 11.4 लाख रूपया तथा बाराबंकी जनपद में 60 वाहनों से 12.57 लाख रूपया इस योजना के अंतर्गत आवेदन करने पर वाहन स्वामियों द्वारा जमा कराया जा चुका है। बुधवार को आयोजित मण्डलीय राजस्व समीक्षा बैठक में आरटीओ प्रशासन सुश्री सिंह द्वारा अपर आयुक्त (प्रशासन) अजयकांत सैनी की उपस्थिति में मण्डल के पांचों जनपदों के अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व तथा अन्य विभागों के मण्डलीय अधिकारियों को इस योजना से सम्बन्धित पेम्पलेट भेट किए गए तथा जानकारी दी। साथ ही मौजूद अधिकारियों से अनुरोध किया गया कि अमीनो के साथ बैठक कर वाहन स्वामियों को योजना का लाभ दिलवाएं। बकाया की शत-प्रतिशत वसूली हेतु आरटीओ सुश्री सिंह ने कड़े निर्देश दिए।

# आठ बिधाओं की ग्रामीण खेल प्रतियोगिता आयोजन पर हुआ मंथन




उरई,जालौन समृद्धि न्यूज।

डीएम राजेश कुमार पाण्डेय की अध्यक्षता में विकास भवन के रानी लक्ष्मीबाई सभागार में उत्तर प्रदेश ग्रामीण खेल लीग के अंतर्गत आयोजित होने वाली ग्रामीण खेल प्रतियोगिता के आयोजन के सम्बंध में जिला कार्यकारी समिति की बैठक कर निर्देश दिए। उन्होंने निर्देशित किया कि उत्तर प्रदेश ग्रामीण खेल लीग 2024-25 के अंतर्गत ग्रामीण खेल प्रतियोगिता का आयोजन 01 से 10 दिसम्बर तक के मध्य जनपद के समस्त विकासखण्डों एवं जनपद स्तर पर इन्दिरा स्टेडियम उरई में किया जायेगा। यह खेल प्रतियोगिता सब-जूनियर, जूनियर एवं सीनियर वर्ग में बालक एवं बालिकाओं की 8 विधाओं जैसे- ऐथलेटिक्स, कुश्ती, कबड्डी, वॉलीबॉल, फुटबॉल, भारोत्तोलन, जूडो एवं बैडमिण्टन में प्रतिभागियों की उपलब्धता के आधार पर विभिन्न आयुवर्ग, वजन कैटेगरी में करायी जायेगी।

### किसान से सोलर पंप लगवाने के नाम पर 12 हजार की ठगी, दी तहरीर

**जालौन (उरई)।** सोलर पंप लगवाने के नाम पर खाते में लगभग साढ़े 12 हजार रुपये डलवा लिए। अब और रुपयों की मांग की जा रही है। पीड़ित ने मामले की तहरीर कोतवाली में दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम कैंथ निवासी धीरेंद्र कुमार ने पुलिस को बताया कि लगभग एक सप्ताह पूर्व उसके पास एक व्यक्ति का फोन आया। कॉलर ने स्वयं को हरीराम बताते हुए कहा कि किसानों के लिए सोलर पंप लगाने की योजना चल रही है। जिसमें सरकार अनुदान देगी। उसे सिर्फ फायल चार्ज और अन्य ऊपरी खर्च देना होगा। जब वह उपरोक्त व्यक्ति के विश्वास में आ गया तो उसने तीन बार में मोबाइल पर 12530 रुपये ट्रांसफर करा लिए। अब वह और रुपयों की मांग कर रहा है। जब उसने और रुपये देने से इंकार किया तो वह डराने और धमकाने लगा। तब कहीं उसे अपने साथ ठगी का अहसास हुआ।

# यामिनी राज चौधरी ने मिसेज इंडिया लिगेसी 2024 में बिखेरी चमक

इटावा, समृद्धि न्यूज।




शहर की बेटी की उपलब्धि पर शहर के होटल लीला पैलेस में हुआ शानदार स्वागत कार्यक्रम दिल्ली के ताल कटोरा स्टेडियम में आयोजित प्रतिष्ठित मिसेज इंडिया लिगेसी प्रतियोगिता में यामिनी राज चौधरी ने अपनी अद्वितीय शैली और आकर्षक व्यक्तित्व से सभी को मोहित कर रनर-अप का ताज अपने नाम किया। उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन को सराहते हुए उन्हें स्टाइल आइकन अवार्ड से भी सम्मानित किया गया, जिसने उन्हें सौंदर्य और गरिमा का प्रतीक बना दिया। पूर्व अतिरिक्त महाधिवक्ता राज बहादुर सिंह यादव की बेटी यामिनी का जन्म और पालन-पोषण इटावा में हुआ। यह अद्भुत उपलब्धि यामिनी के उस बचपन के सपने को साकार करती है, जिसमें वह अंतरराष्ट्रीय मंच पर भारत की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर और जीवंतता को प्रस्तुत करना चाहती थीं। वह विलिस वाई यामिनी की संस्थापक हैं, जो भारत की हस्तनिर्मित कला और परंपराओं को पुनर्जीवित करने के लिए समर्पित एक ब्रांड है।गर्व के साथ इटावा की विरासत को आगे बढ़ाते हुए, यामिनी राज चौधरी एक प्रेरणादायक व्यक्तित्व हैं–एक समर्पित मां और एक प्रतिष्ठित सेना अधिकारी की पत्नी–जो हर मंच पर अपनी चमक बिखेर रही हैं। उलब्धि हासिल करने पर स्वतन्त्रता सेनानी परिवार के प्रदेश महासचिव आकाशदीप जैन, पूर्व सभासद सचिन वर्मा, प्रीति गुप्ता, अंजली श्रीवास्तव, हिमांशू वर्मा, नलनी चोधरी ने पटका माला पहनाकर ढोल नगाड़ो के साथ स्वागत सम्मान कर केक काटा गया।

# लाखों की लागत से निर्मित हाजीपुर सचिवालय बना सफेद हाथी

कुठौंद,जालौन समृद्धि न्यूज।

विकासखंड कुठौंद के अंतर्गत ग्राम पंचायत हाजीपुर की प्रधान श्रीमती देवकन्या द्वारा ग्राम पंचायत अधिकारी जयसिंह यादव की गतिविधियों के बारे में खंड विकास अधिकारी गजेंद्र प्रताप सिंह को प्रधान प्रतिनिधि दीपक सिंह ने ग्राम विकास अधिकारी की गतिविधियों के संबंध में प्रार्थना पत्र देकर अवगत कराया की सचिवालय में सचिव द्वारा ग्राम निधि तथा गौशाला संबंधी कागजात आज तक सचिवालय में नहीं रखे गए। सचिव अपनी मनमर्जी से व्यक्तिगत लोगों के यहां ग्राम पंचायत के कागजातों का रख रखाव किए हुए हैं। इस संबंध में ग्राम प्रधान ने कई बार ग्राम विकास अधिकारी से कागजात उपलब्ध कराए जाने के लिए कहा लेकिन ग्राम विकास अधिकारी के कानों पर जू तक नहीं रेंगा। प्रधान प्रतिनिधि द्वारा खंड विकास अधिकारी से प्रार्थना पत्र देकर मांग की है ग्राम निधि तथा गौशाला के कागजात 2 दिन के अंदर उपलब्ध कराए जाएं।

दिए गए प्रार्थना पत्र के अनुसार खंड विकास अधिकारी ने सहायक विकास अधिकारी पंचायत को इस संबंध में संज्ञान लेने के लिए आदेशित किया है।

# लोक अदालत की तैयारी पर बैंक अधिकारियों संग हुई बैठक



अयोध्या, समृद्धि न्यूज।

- बैंक से सम्बन्धित वादों के निस्तारण के लिए किया गया निर्देशित

उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के अनुपालन तथा जनपद न्यायाधीश व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष के निर्देशन में गुरुवार को अपर जनपद न्यायाधीश व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव अनिल कुमार वर्मा के विश्राम कक्ष में जनपद के बैंक अधिकारियों के साथ बैठक आहूत की गई।

इस बैठक में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव वर्मा ने बैंक अधिकारियों को आगामी 14 दिसंबर को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत में बैंक से सम्बन्धित अधिक से अधिक वादों के निस्तारण हेतु निर्देशित किया गया। बैठक में गणेश यादव (एल.डी.एम.),प्रकाश सोनी (आई.डी.एफ.सी.फर्स्ट बैंक), नितीश कुमार (एक्सिस बैंक), निशांत कुमार (बैंक आफ महाराष्ट्र),मनोज कुमार (पंजाब नेशनल बैंक),अनुभव पाण्डेय (आई.डी.बी.आई. बैंक),संत तिवारी (यूनियन बैंक आफ इंडिया), बरकत रजा (केनरा बैंक), मोहम्मद आलम अंसारी (बैंक आफ बड़ौदा) अपूर्व कुमार (स्टेट बैंक आफ इंडिया) आदि बैंक अधिकारी उपस्थित रहे।

# डीएम ने इत्र पार्क का निरीक्षण कर दिए निर्देश

## निरीक्षण में फेज-1 का सिविल कार्य कम्पलीट तथा फेज-2 पर कार्य चलता हुआ पाया गया

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

ठठिया स्थित इत्र पार्क का जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल ने निरीक्षण के दौरान निर्देश दिए कि जिन उद्यमियों द्वारा प्लाट को क्रय किया गया है।

वह अपना उद्योग स्थापना हेतु कार्य प्रारम्भ करें। कहा कि कार्य प्रारम्भ में अगर किसी प्रकार की समस्या आती है। तो हर संभव मद्द की जायेगी। निरीक्षण में फेज-1 का सिविल कार्य कम्पलीट तथा फेज-2 पर कार्य चलता हुआ पाया गया। निर्देश दिए कि पार्क में वाटर प्वाइंट एवं शौचालय की व्यवस्था की जाए। कहा कि परियोजना में 24×7 विद्युत आपूर्ति चौडी सडके, अन्डर ग्राउण्ड विद्युत लाइने, जलापूर्ति हेतु ओवरहेड टैंक एवं स्वागत द्वार की सुविधा उपलब्ध करायी गयी है। परियोजना को चारो तरफ से बाउण्ड्रीवाल से कवर किया गया है। जिलाधिकारी ने कहा कि 05 चरणों में 33 उद्यमियों को भूमि आवंटित किया जा चुका है। इत्र एवं इत्र आधारित उद्योग की स्थापना हेतु 500 से लेकर 3000 वर्गमीटर तक के भूखण्ड 5530 प्रति वर्गमीटर पर आवंटन हेतु उपलब्ध कराया जायेगा। निवेश मित्र पोर्टल पर 25 औद्योगिक भूखण्डों के आवंटन हेतु विज्ञप्ति प्रकाशित की गई। कहा कि 01 दिसम्बर 2024 को इत्र व्यवसाय से जुड़े इच्छुक उद्यमी भूखण्ड आवंटन हेतु साइट विजिट व परिचर्चा कर सकते है। इसके साथ ही जिन उद्यमी द्वारा प्लाट क्रय किया गया है वह भी उद्योग की स्थापना हेतु परिचर्चा में शामिल हो। इस दौरान ललित यादव, डीजीएम, वीवी सिंह मैनेजर सिविल, उपायुक्त उद्योग धन्नजय सिंह सहित आदि लोग रहे।


इत्र पार्क का निरीक्षण करते जिलाधिकारी

### वर पक्ष ने मांगी कार न देने पर किया शादी से इंकार

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** वर पक्ष ने दहेज में कार की मांग की। मांग पूरी करने से मना कर देने पर वधु पक्ष ने शादी से इंकार कर दिया और पांच लाख रूपये भी वापस नहीं दिए। पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज कराई है। फर्रूखाबाद के थाना मोहम्मदाबाद खिमसेपुर ग्राम दाऊदपुर निवासी मनोज कुमार पुत्र स्वर्गीय मान सिंह ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि उसने अपनी बहन सुधा की शादी गुगरापुर के ग्राम तारापुर निवासी विपिन कुमार सें 11 लाख रूपये में तय की थी। इसके बाद 10 मई 2023 को हुई रूकाई में उसने 01 लाख रूपये दिए थे। जबकि इसके बाद 02 लाख रूपये स्वदेश पाल व रामगोपाल के सामने लड़के के पिता जयसिंह को दिए। 10 दिसंबर 2023 को वर पक्ष के लोग गोद भराई के लिए उसके यहां आए। जहां उसने 01 लाख 51 हजार रूपये व लड़के को सोने की चेन व अंगूठी दी थी।

# विजय सिंह सर्व सम्मत से बने प्रबंधक


चुनाव के बाद प्रबंधक व अध्यक्ष के साथ मौजूद मनोनीत पदाधिकारी।

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

सरदार पटेल इण्टर कालेज कचाटीपुर की प्रबंध समिति के चुनाव में विनीत अग्निहोत्री अध्यक्ष व विजय सिंह कनौजिया को सर्वसम्मत से प्रबंधक चुना गया। इसके साथ ही जिला विद्यालय निरीक्षक ने कॉलेज के प्रबंधक विजय सिंह के नमूने के हस्ताक्षर प्रमाणित किए हैं। निर्वाचन पर्यवेक्षण अधिकारी शिव मोहन सिंह कुशवाहा की देखरेख मे सरदार पटेल इण्टर कालेज कचाटीपुर में प्रबंध समिति का चुनाव संपन्न हुआ। जिसमें नव निर्वाचित प्रबन्धक विजय सिंह कनौजिया व अध्यक्ष विनीत अग्निहोत्री को सर्व सम्मत से चुना गया। जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. पूनम सिंह ने प्रबंधक विजय सिंह कनौजिया के हस्ताक्षर प्रमाणित किये। जबकि संजय कटियार को उपाध्यक्ष, प्रमोद कुमार सहायक प्रबंधक, जगदीश चंद्र कोषाध्यक्ष, ज्ञानेंद्र गंगवार सदस्य, शैलेंद्र कनौजिया, धर्मेंद्र सिंह कटियार, ज्ञानेंद्र, रामशरण वर्मा, गणेश शंकर, अशोक कटियार को प्रबंध समिति में सदस्य पद पर मनोनीत किया गया।

# रेलवे परिसर में मिला वृद्ध का शव


घटना स्थल पर मौजूद कोतवाली पुलिस।

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

नगर के रेलवे स्टेशन परिसर में अज्ञात वृद्ध का शव मिलने की खबर से लोगों की भीड़ लग गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव की शिनाख्त कर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा है। गुरूवार की दोपहर नगर के रेलवे स्टेशन परिसर में स्थित रेलवे क्वाटर के निकट लगभग 70 वर्षीय अज्ञात वृद्ध का शव संदिग्ध परिस्थितियों में मिला। इसकी खबर लगने पर यात्रियों व स्थानीय लोगों की मौके पर भीड़ एकत्र हो गई। स्थानीय लोगों ने शव की शिनाख्त करने का प्रयास किया। सूचना पर पहुंचे कस्बा प्रभारी ज्ञानेन्द्र सिंह ने शव के मिले थैले से डायरी में मिले नंबरों से शिनाख्त करने का प्रयास किया। लेकिन शिनाख्त नहीं हो सकी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# समाजसेवा के लिए डॉ. सुमित दुबे को मिला कर्मवीर चक्र

- कांग्रेस पूर्व जिलाध्यक्ष व चिकित्सक के पुत्र हैं डॉ. सुमित
- हसना फाउंडेशन में सक्रिय सहयोगी के रूप में कर रहे कार्य

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

सम्मान प्राप्त करने वाले चिकित्सक पिछले 13 वर्षो से दिल्ली, नोएडा, गुड़गांव, गाजियाबाद, उत्तराखंड, कश्मीर, गुजरात, तेलंगाना, पूर्वी भारत, हरियाणा, बिहार आदि ग्रामीणांचलों में लगातार कैंप लगा रहे है। वह हसना फाउंडेशन में मार्गदर्शक और सक्रिय सहयोगी के रूप में कार्य कर रहे है। जरूरतमंदों तक स्वास्थ्य, शिक्षा और मदद पहुंचा रहे है। दंत चिकित्सा शिविरों का आयोजन कर फ्री डेंटल चेकअप, फ्री ओरल कैंसर लेक्चर, फ्री गुटखा तंबाखू सेवन से रोकने के लिए कैंप लगा रहे है। नगर के सर्विस रोड निवासी वयोवृद्ध चिकित्सक डॉ. सुभाष चन्द्र दुबे व कांग्रेस पूर्व जिलाध्यक्ष ऊषा दुबे के पुत्र डॉ. सुमित दुबे ने अपने सराहनीय कार्यो के चलते कर्मवीर च्रक सम्मान प्राप्त किया। इससे परिजनों सहित नगर के लोगों में हर्ष व्याप्त है। बताया कि सामाजिक योगदान को देखते हुए उन्हे रेक्स कर्मवीर ग्लोबल फ्लोशिप व रैक्स कर्मवीर चक्र ब्रांज मेडल से सम्मानित किया गया है। बताया कि इस पुरस्कार का उद्देश्य समाजसेवा, नेतृत्व और मानवता के प्रति प्रतिबद्धता को प्रोत्साहित करना है। डॉ. सुमित दुबे ने बताया कि उन्होने रूरल डेंटल क्लिनिक की स्थापना वर्ष 2015 में गुरसहायगंज में की थी। जबकि वस्त्र वितरण, मासिक धर्म स्वच्छता के बारे में जागरूक करना, महिलाओं को मुफ्त सैनिटरी नैपकिन देने जैसे कार्यो को किया जा रहा है।


डॉ. सुमित दुबे

### मां-बेटी से मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** परिवार के लोगों ने बकरी बांधने के विवाद में गाली गलौज की और मां बेटी को लाठी डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़िता ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज कराई है। कस्बा समधन के मोहल्ला किदबई नगर निवासी नुसरत पुत्री अब्दुल सत्तार ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि है कि परिवार के मुस्ताक, फैजान, महसर, रोशन ने 27 नवंबर की शाम उसके दरवाजे पर आकर बकरी बांधने के विवाद में गाली गलौज की। मना करने पर उसे व बीच बचाव में आई उसकी मां नसरीन बेगम को लाठी डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया और जान से मारने की धमकी दी। कोतवाली पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# कोर्ट के आदेश पर एक करोड़ 95 लाख में नीलाम हुई पांच बीघा जमीन

**तिर्वा, समृद्धि न्यूज।**

कुटुम्ब न्यायालय फर्रूखाबाद के आदेश पर तहसील प्रशासन ने गुरूवार की दोपहर तिर्वा के मुडरवागंज में स्थित कीमती पांच बीघा जमीन की सार्वजनिक बोली लगाकर नीलामी की। यह जमीन संगम प्रोपाइटर के मालिक कृष्ण कुमार ने एक करोड़ 95 लाख की बोली लगाकर नीलामी अपने पक्ष में की। तिर्वा कस्बे के इन्द्रानगर मोहल्ला निवासी शान्तनु तिवारी पुत्र रमेश चन्द्र तिवारी का विवाह करीब 17 बर्ष पहले फर्रूखाबाद निवासी अर्चना तिवारी के साथ हुआ था। कुछ समय साथ रहने के बाद दोनो में पटरी नहीं खाई। अर्चना अपने पति से अलग मायके में रहने लगी। उसने गुजारा भत्ता का एक मुकदमा कुटुम्ब न्यायालय फर्रूखाबाद में अपने पति के खिलाफ दायर किया। न्यायालय ने बर्ष 2022 में उसके पति शान्तनु को अपनी पत्नी अर्चना को 16 हजार रूपए प्रति माह गुजारा भत्ता देने का आदेश किया। कोर्ट के आदेश के बावजूद भी शान्तनु ने कोई गुजारा भत्ता नहीं दिया। अन्य किसी न्यायालय में आदेश के खिलाफ अपील भी नहीं की। इसपर कुटुम्ब न्यायालय ने शान्तनु तिवारी की जमीन को नीलाम कर उसकी पत्नी को गुजारा भत्ता दिए जाने का निर्देश दिया। न्यायालय के मुताबिक करीब 13 लाख 12 हजार रूपया गुजारे भत्ते का बकाया था।

इसपर एसडीएम ने उसकी मुडरवागंज स्थित गाटा संख्या 30 की 0.4504 हेक्टेयर जमीन को कुर्क कर लिया। गुरूवार को तहसील परिसर में ही उसकी नीलामी की गई। तहसीलदार ने बताया कि इस नीलामी में 20 लोगों ने बोली लगाई। सबसे अधिक बोली कृष्ण कुमार की रही। इसपर उक्त जमीन को उनके पक्ष में नीलाम कर दिया गया।

## खबरें एक नजर में

### पत्नी को मायके जाकर पीटा, दी धमकी

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** पति ने पत्नी से मारपीट कर दहेज का सामान तोड़कर क्षतिग्रस्त कर दिया। इसके बाद पत्नी को घर से निकाल दिया और मायके जाकर पत्नी से फिर मारपीट की। पीड़िता ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। ग्राम तेरारागी निवासी आरती पुत्री बाबूराम ने कोतवाली पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि उसका पति आये दिन उसके साथ मारपीट करता है और घर में रखा उसका दहेज का सामान भी तोड़ कर क्षतिग्रस्त कर दिया। जबकि उसे घर से निकाल दिया। इसके बाद वह कस्बा समधन के मोहल्ला नेहरु नगर स्थित अपने मायके चली आई। जहां बुधवार की रात लगभग 09 बजे उसके पति ने आकर मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। कोतवाली पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

### युवक पर लगा दुष्कर्म कर गर्भपात कराने का आरोप

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** पड़ोसी गांव के युवक ने विधवा महिला को शादी का प्रलोभन देकर अपने प्रेमजाल में फंसा लिया और उसके साथ तीन वर्ष तक दुष्कर्म करता रहा। इस दौरान उसका दो बार गर्भपात भी कराया गया। दबाब बनाने पर युवक ने शादी से मना कर दिया। पीड़िता ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। चौकी सराय प्रयाग के ग्राम निवासी विधवा महिला ने कोतवाली पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि पड़ोसी गांव के युवक ने उसके अकेलेपन का फायदा उठाकर शादी का प्रलोभन दिया और अपने प्रेमजाल में फंसा कर तीन वर्ष तक दुष्कर्म करता रहा। इसी बीच युवक ने दो बार उसका गर्भपात भी कराया। जब महिला ने शादी करने का दबाब बनाया तो युवक ने अपने परिवार वालों के कहने पर उससे शादी करने से मना कर दिया। महिला ने युवक सहित उसके बहन, भाई व मां पर धमकी देने का भी आरोप लगाया है। कोतवाली पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### अंतर्राष्ट्रीय हिन्दू सेना गौ रक्षा प्रकल्प ने किया सम्मानित



**छिबरामऊ, कन्नौज।** अंतर्राष्ट्रीय हिन्दू सेना गौ रक्षा प्रकल्प के प्रदेश संयोजक रंजीत पांडेय ने अपनी टीम के साथ पूर्व राज्यमंत्री एवं विधानसभा 196 छिबरामऊ से विधायक अर्चना पांडेय के आवास पर जाकर स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर अंतर्राष्ट्रीय हिंदू सेना गौ रक्षा प्रकल्प के प्रदेश संयोजक रंजीत पांडेय ने कहा कि विधायक अर्चना पांडेय ने हमेशा हिंदू समुदाय एवं गायों के हितों की रक्षा की है और उनके कार्यों कि सराहना करना हमारा कर्तव्य है। पूर्व राज्य मंत्री विधायक अर्चना पांडेय ने अंतर्राष्ट्रीय हिन्दू सेना गौ रक्षा प्रकल्प के प्रदेश संयोजक रंजीत पांडेय एवं उनकी टीम का आभार व्यक्त किया और कहा,''मैं हमेशा हिंदू समुदाय एवं गौरक्षा करने के लिए तत्पर रहूंगी।इस अवसर पर रोहित त्रिपाठी,हर्षित त्रिपाठी,अमन तिवारी,अभय तिवारी,कृष्णा पांडेय,वरुण चतुर्वेदी,नीलू कुमार, आदि लोग मौजूद रहे।

### प्राथमिक विद्यालय में एसएमसी का हुआ पुनर्गठन

**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़।** क्षेत्र के अंग्रेजी माध्यम प्राथमिक विद्यालय अलीनगर , दानेहार, रुदौली सहित आदि परिषदीय विद्यालयों में विद्यालय प्रबंध समितियों का पुनर्गठन किया गया। प्रथमिक विद्यालय अलीनगर में पूर्व निर्धारित एजेंडे के अनुसार अभिभावकों की एक खुली बैठक का आयोजन एसएससी अध्यक्ष धनदेवी गौतम की अध्यक्षता में किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में ग्राम प्रधान ऊर्मिला बाथम रही। विद्यालय के प्रधानाध्यापक अबधनाराय ने विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चों के अभिभावकों की आयोजित खुली बैठक में पीएस अलीनगर विद्यालय हेतु पुनर्गठित की जाने वाली 15 सदस्यीय एसएमसी के पुनर्गठन से संबंधित दिशा- निर्देशों के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी।

# युवती को गाड़ी से टक्कर मारने वाला गिरफ्तार

- कॉलेज जाते समय युवक ने युवती के मारी थी टक्कर, युवती ने इलाज के दौरान तोड़ा दम

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

बीते दिनों युवती द्वारा युवक से बात न करने पर कॉलेज जाते समय युवक ने स्कार्पियो गाडी से टक्कर मार दी थी। जिससे युवती गंभीर रूप से घायल हो गई। और इलाज के दौरान उसकी मृत्यु हो गयी। घटना के संबंध में थाना छिबरामऊ पर अरूण कुमार पुत्र स्व. चरन सिंह स्थाई पता कुणरा थाना भोगाँव जनपद मैनपुरी हाल पता ग्राम पालपुर थाना छिबरामऊ, रामऔतार पुत्र गंगाराम, राहुल पुत्र रामऔतार निवासीगण ग्राम पालपुर के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत किया गया था। मुखविर की सूचना पर पुलिस और एसओजी की संयुक्त टीम द्वारा अरून कुमार (28) उर्फ ब्रजेश राजपूत पुत्र स्व0 चरन सिंह को कैरदा रोड़ के पास से गिरफ्तार किया। घटना में प्रयुक्त सफेद कलर की कार स्कार्पियो संख्या डीएल 12 सी 1047 और कब्जे से एक अदद तमन्चा व तीन अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर के बरामद किए। गिरफ्तार अभियुक्त को न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल भेजा गया। पूछताछ में अभियुक्त ने बताया वह अपने पिता की मृत्यु के बाद अपने मामा रामऔतार के घर ही पला बडा हूँ। मामा के घर ही रहकर बीएससी तक पढाई की। मामा के घर के पास में ही मृतिका रिंकी उर्फ कुसुमलता रहती थी। जिसकी उससे बचपन से दोस्ती थी और वह उससे शादी करना चाहता था। रिंकी एएनएम का कोर्स फर्रूखाबाद में कर रही थी। कुछ महीनों से वह किसी और से बात करने लगी। जिसके कारण मैने उसके साथ मारपीट की। तब उसने मेरी शिकायत अपने घर की। बाद में हम लोगों का समझौता हो गया। उसने मुझसे बात करना बंद कर दिया। मैने उसको कालेज जाते समय गांव पालपुर के मोड़ पर टक्कर मार दी।



### दो बेटियो की शादी से पहले पिता ने लगाई फांसी

**छिबरामऊ कन्नौज।** तहसील क्षेत्र के ग्राम रंधीरपुर निवासी किसान विनोद कुमार ने अपनी दो बेटियों कल्पना व नेहा की शादी तय कर दी थी 5 दिसम्बर को दोनो की बारात आनी थी। विनोद अपनी पत्नी धनदेवी व तीन बेटो राजीव,सचिन व पंकज के साथ खरीदारी व घर मे व्यस्त थे। घर मे खुशी का माहौल था। बीती शाम वह बाजार से दरवाजे का सामान व खरीदारी करके आये थे। बेटो व भाई के साथ खाना खाया और वह सोने के लिए अपने कमरे मे चले गए। जब सुबह 7बजे तक कमरे से बहार नही निकले तो परिजनो ने उन्हे आवाज दी। परंतु अन्दर से कोई आवाज नही आई। तो बेटो व भाई ने कमरे की खिडकी से अन्दर झाँककर देखा तो वह फांसी के फंदे पर लटके हुए थे। आनन-फानन मे परिजनो ने दरवाजे को तोड़कर फांसी के फंदे से नीचे उतारा लेकिन जब तक उनकी मौत हो चूकी थी। पिता की मौत की खबर से बेटी व बेटो और पत्नी का रो रो कर बेसुध हो गए। लेकिन परिजन इसका कारण नही बता पाए। राजीव ने बताया कि पिता ने फांसी क्यो लगाई इसका कारण हम लोगो को नही पता। वह खुशी खुशी बेटियो की शादी की तैयारियो मे लगे थे। घर मे सब कुछ ठीक थाथाफिर जाने क्यो उन्होने यह कदम उठाया सूचना मिलते ही पुलिस रंधीरपुर पंहुच गई और शव को पुलिस ने अपने कब्जे मे लेकर पंचनामा भर कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# चिकित्सा शिविर में दवा वितरित कर दिया परामर्श

- शिविर में आयुर्वेद, होमियोपैथी, यूनानी व योग विधि से की गई चिकित्सा

**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़।**

कस्बा में श्री दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर के प्रांगण में आयुष विभाग द्वारा नि÷ शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन का किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि ने भगवान धन्वंतरि के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर किया। शिविर में आयुर्वेद, होमियोपैथी, यूनानी व योग विधि से चिकित्सा की गई। शिविर में 381 विभिन्न बीमारी से ग्रस्त मरीजों को दवा परामर्श दिया। आयुष मिशन उ. प्र. द्वारा संचालित पब्लिक हेल्थ आउटरीच चिकित्सा शिविर का आयोजन क्षेत्रीय आयुर्वेद एवं यूनानी अधिकारी डॉ सर्वेश कुमार एवं जिला होम्योपैथिक अधिकारी डॉ प्रदीप विश्वकर्मा ने मरीजों को आयुर्वेद, होम्योपैथिक, यूनानी योग विधि से दवा द्वारा पूर्ण रूप से सही होने की जानकारी दी। उन्होंने कहा आयुर्वेद व होम्योपैथ से रोग को जड़ से खत्म किया जा सकता है। शिविर में डॉ दीपक यादव, डॉ कोमल यादव ने भी चिकित्सीय परामर्श दिया। कार्यक्रम का संचालन नोडल अधिकारी डॉ देवेंद्र सिंह ने किया। शिविर में ग्राम प्रधान पुत्र मनमोहन बाथम, आकांक्षा सिंह सेंगर, शिव प्रताप, नागेन्द्र सिंह, मो रिजवान, शिवकुमार सहित आदि लोग रहे।



# राजकीय कृषि बीज भंडार पर रबी निवेश मेला आयोजित

- बीज ग्राम योजना के अंतर्गत 50 कृषकों को दिया गेहूं बीज

**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़।**

रबी कृषि निवेश मेला व गोष्ठी का आयोजन कर कृषकों को रवि व आलू की फसल के विषय में जानकारी दी गई। गुरुवार को कस्वा में राजकीय कृषि बीज भंडार पर कृषक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि के रूप में पशुपालन विभाग के चिकित्सा अधिकारी डॉ सीपी सिंह ने दीप प्रज्वलित कर किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि जो कृषक पशुपालन संबंधित जानकारी लेना चाहते हैं। वह कार्यालय में आकर ले सकते हैं। कृषि निवेश मेले में आए केवीके उद्यान वैज्ञानिक डॉ अमर सिंह ने कृषकों को आलू से संबंधित जानकारी दी। केंद्र के मौसम वैज्ञानिक अमरेंद्र यादव ने मौसम संबंधित चर्चा कर कृषकों को जागरूक किया। राजकीय कृषि बीज भंडार के प्रभारी विमलेश ने बताया कि बीज ग्राम योजना के अंतर्गत लगभग 50 कृषकों को गेहूं का बीज वितरित किया गया। बताया कि बीते दिन लगभग 30 किसानों को राई और मसूर का वितरण किया। इस दौरान एडीओ पीपी राकेश यादव, शैलेंद्र अग्निहोत्री, दिलीप कुमार सहित आदि लोग रहे।

### तिर्वा में 24 कुण्डीय महायज्ञ की हुई शुरूआत

**तिर्वा, समृद्धि न्यूज।** कस्बे के सिद्धपीठ मां काली देवी मंदिर परिसर में गुरूवार से चार दिवसीय 24 कुण्डीय राष्ट्र जागरण गायत्री महायज्ञ एवं संगीतमय पावन प्रज्ञा पुराण कथा की शुरूआत हो गई। गुरूवार की दोपहर पहले दिन गायत्री परिवार द्वारा कलश यात्रा निकाली गई। यह कलश यात्रा काली देवी मंदिर से शुरू होकर कस्बे के विभिन्न मार्गों से होती हुई वापस काली मंदिर में समापन हुआ। शान्तिकुंज हरिद्वार द्वारा 24 कुण्डीय राष्ट्र जागरण गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन 28 से शुरू होकर एक दिसम्बर तक चलेगा। इसके लिए शांति कुंज से पांच आचार्यों की टीम तिर्वा आई है। गायत्री परिवार द्वारा दोपहर 11 बजे से कलश यात्रा की शुरूआत हुई। कलश यात्रा में सबसे पहले मां गायत्री की फोटो व उनका कलश चल रहा था। इसके पीछे दो सैकड़ा से अधिक महिलाएं अपने सिर पर कलश रखकर यात्रा में शामिल थी। कस्बे में जगह-जगह पर व्यापारियों तथा श्रद्धालुओं ने कलश यात्रा पर पुष्प बर्षा कर स्वागत किया। महिलाओं ने जगह-जगह यात्रा को रोककर श्रद्धापूर्वक कलश पूजन किया।

# एसओजी ने हत्यारे अभियुक्त को किया गिरफ्तार

**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज़।**

पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनन्द के निर्देशन में, अपर पुलिस अधीक्षक अजय कुमार के पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी छिबरामऊ ओमकार नाथ शर्मा के कुशल नेतृत्व में थाना छिबरामऊ पुलिस, एसओजी व सर्विलांस की संयुक्त टीम द्वारा एक युवती की गाड़ी से टक्कर मारकर हत्या करने वाले वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर किया गया। सराहनीय कार्य क्षेत्रांतर्गत एक लडकी के साथ गाडी से दुर्घटना हुई थी जिसकी इलाज के दौरान दिनांक 14.11.2024 को मृत्यु हो गयी थी इस घटनाक्रम के संबंध में एक स्कॉर्पियो कार द्वारा टक्कर मारकर हत्या कर देने के संबंध में 1. अरूण कुमार पुत्र चरन सिंह स्थाई पता कुणरा थाना भोगाँव जनपद मैनपुरी हाल पता ग्राम पालपुर थाना छिबरामऊ 2. रामऔतार पुत्र गंगाराम 3. राहुल पुत्र रामऔतार निवासीगण ग्राम पालपुर थाना छिबरामऊ जनपद कन्नौज के विरुद्ध पंजीकृत किया गया। खास की सूचना पर वांछित चल रहे अरून कुमार उर्फ ब्रजेश राजपूत पुत्र स्व0 चरन सिंह निवासी नगला मुकुन्द (कोडरा) थाना भोगाँव जनपद मैनपुरी हाल पता ग्राम पालपुर थाना छिबरामऊ जनपद कन्नौज उम्र करीब 28 वर्ष को कैरदा रोड़ के पास से गिरफ्तार किया गया। घटना में प्रयुक्त सफेद कलर की स्कार्पियो को बरामद किया गया एवं दौराने गिरफ्तारी अभियुक्त के कब्जे से एक अदद तमन्चा व 03 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर बरामद हुए। गिरफ्तार अभि. को गिरफ्तार कर जेल भेजा। अभियुक्त अरून कुमार उपरोक्त ने पूछताछ में बताया कि वह अपने पिता चरन सिंह की मृत्यु के बाद अपने मामा राम औतार के घर ग्राम पालपुर छिबराऊ जनपद कन्नौज मे ही पला बडा है। मामा के घर पर ही रहकर बीएससी तक पढाई की है। मामा के घर के पास में ही मृतिका रिंकी उर्फ कुसुमलता रहती थी।

जिसकी उससे बचपन से दोस्ती थी और वह उससे शादी करना चाहता था। रिंकी उर्फ कुसुमलता एएनएम का कोर्स फर्रूखाबाद में कर रही थी कुछ महीनों से वह किसी और से बात करने लगी थी । जिसके कारण मैने उसके साथ मारपीट की थी। तब उसने मेरी शिकायत अपने घर की थी। बाद मे हम लोगों का समझौता हो गया था। लेकिन रिंकी उर्फ कुसुमलता ने मुझसे बात करना बन्द कर दिया था। यह बात मुझे बहुत बुरी लग रही थी । मैने उसको सबक सिखाने को सोच लिया था और दिनांक 12.11.2024 को स्कार्पियो गाडी से रिंकी उर्फ कुसुमलता को कालेज जाते समय गांव पालपुर के मोड़ के पास टक्कर मार दिया था।

### संयुक्त विकास आयुक्त ने न्यायालय के अंतरिम आदेश का उल्लंघन किया: नेहा त्रिपाठी

**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज़।** महिला जिलाध्यक्ष एवं जिला पंचायत सदस्य श्रीमती अमिता उर्फ नेहा त्रिपाठी बताया कि इलाहबाद हाईकोर्ट ने कहा है कि कानपुर में तैनात संयुक्त विकास आयुक्त एनबी सविता ने अपने को कानून की धज्जियां उड़ाते हुए अपने पद का दुरुपयोग किया है यह बहुत ही निंदनीय है। इसे किसी भी कीमत में वरदास्त नहीं किया जाएगा न्यायालय ने अधिकारी के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई करने के लिए प्रदेशनकी राज्य सरकार को निर्देशित किया है यह आदेश न्यायमूर्ति शेखर बी शराफ व न्यायमूर्ति छितिज सैलेंद्र की खंड पीठ ने अमिता उर्फ नेहा त्रिपाठी की याचिका पर दिया है कन्नौज निवासी याचिका कर्ता के खिलाफ के तहत कुछ मवेशी आश्रय शेड के निर्माण में वित्तीय अनियमितताओं का आरोप लगाते हुए जांच का आदेश दिया गया था।

## जनप्रतिनिधियों व व्यापारियों ने प्राचार्य का किया स्वागत

# पीजी की 52 सीटें मिलने पर जनप्रतिनिधि पहुंचे मेडिकल कॉलेज


प्राचार्य डॉ.सीपी पाल को शॉल उढ़ाते समाजसेवी अंशुल गुप्ता

**तिर्वा, समृद्धि न्यूज़।**

राजकीय मेडिकल कॉलेज कन्नौज को प्रदेश में सर्वाधिक पीजी की 52 सीटों की एनएमसी से मान्यता मिल जाने की खुशी में क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों ने गुरूवार की दोपहर मेडिकल कॉलेज पहुंचकर प्राचार्य डॉ.सीपी पाल को बधाई देते हुए उनका अभिनन्दन किया।

कहा कि उनके लगातार प्रयासों की बजह से मेडिकल कॉलेज को यह गौरव हासिल हुआ है। इसके अलावा प्रदेश के समाज कल्याण राज्यमंत्री असीम अरूण व केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने भी खुशी जाहिर करते हुए प्राचार्य को बधाई दी है। समाजेसवी व व्यवसायी अंशुल गुप्ता के नेतृत्व में कस्बे व्यापारी अवनीश तिवारी, अवनीश गुप्ता, दिलीप सैनी, अरून सिंह बघेल, आयुष तिवारी मेडिकल कॉलेज पहुंचे। यहां सभी ने प्राचार्य डॉ.सीपी पाल को पीजी की 52 सीटे मिलने पर उन्हे बधाई दी। उनका माल्यार्पण कर स्वागत किया। अंशुल गुप्ता ने प्राचार्य को शॉल उढ़ाकर सम्मानित किया। कहा कि उनके एक बर्ष के लगातार प्रयास के बाद मेडिकल कॉलेज को यह सफलता मिली है। पीजी की सीटें मिलने पर क्षेत्र के मरीजों को भी काफी लाभ मिलेगा। मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस की पढ़ाई करने वाले स्टूडेंटस भी पीजी की सीटों का लाभ उठा सकेगें।

## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैने अपनी पुत्री खुशबू उर्फ सरला कुमारी को गलत आचरण व कहना न मानने के कारण अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। अब उसके द्वारा किये गये किसी भी कार्य व लेन-देन से मेरा व मेरे परिवार का कोई वास्ता व सरोकार नहीं होगा।

**सूचनाकर्ता**
**मुनेश्वर प्रसाद पुत्र स्व. शत्रोहन लाल, ग्राम बहादुरपुर मजरे चचेरूवा थाना जहांगीराबाद, जिला बाराबंकी।**

# मानसिक रुप से परेशान पंचायत सहायक ने फांसी लगाकर दी जान

**कंपिल,समृद्धि न्यूज।**

मानसिक रूप से परेशान पंचायत सहायक ने पंचायत घर के कमरे में फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। शव देखकर स्वजन बिलखने लगे। सीओ व थाना प्रभारी ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की।

जानकारी के अनुसार क्षेत्र के गांव हकीकतपुर निवासी उमेश चंद्र का 23 वर्षीय पुत्र राघवेंद्र यादव उर्फ टीटू पंचायत सहायक के पद पर गांव हजियापुर में तैनात था।

प्रतिदिन की भांति गुरुवार सुबह वह घर से पंचायत घर में ड्यूटी के लिए चला गया। किसी समय युवक ने पंचायत घर के कमरे में पंखे के लिए लगे कुंडे से रस्सी के सहारे फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। दोपहर तक खाना खाने घर न आने पर स्वजनों ने युवक की खोजबीन शुरू की। स्वजनों ने पंचायत घर आकर देखा तो युवक का शव लटका था। मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। शव देखकर स्वजन बिलखने लगे। सीओ जय सिंह परिहार, थाना प्रभारी विश्वनाथ आर्या ने मौके पर पहुंच जांच पड़ताल की।



फॉरेंसिक टीम ने भी घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए। स्वजनों के अनुसार युवक मानसिक रूप से परेशान रहता था। काफी समय से उसका इलाज चल रहा था। स्वजन मौत का कारण नहीं बता सके। पुलिस मामले की जांच कर रही है। मृतक छः भाई बहनों में मानवेंद्र, भूपेंद्र, अरेंद्र, पूनम व प्रियंका में सबसे बड़ा था। थाना प्रभारी विश्वनाथ आर्या ने बताया युवक मानसिक रूप से परेशान था। शव पीएम के लिए भेज दिया गया है।



गुमशुम बैठे मृतक के परिजन

## मारपीट करने से युवक का सिर फटा, दो भाईयों सहित चार पर मुकदमा दर्ज

**संकिसा, समृद्धि न्यूज।** बेवजह गाली-गलौज व मारपीट एवं जान से मारने की धमकी देने के मामले में मेरापुर थाना क्षेत्र के गांव गिलौंदा निवासी अजय कुमार पुत्र बृह्मानंद ने गांव के ही रिंकू व पिंकू पुत्रगण रामखिलावन तथा मोनू पुत्र वीर बहादुर एवं रोशन लाल पुत्र रतन सिंह के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है।

तहरीर के अनुसार 26 नबम्बर रात 8 बजे अजय कुमार अपने पड़ोसी वासुदेव के घर के सामने गली में खड़े थे कि तभी उक्त आरोपित एक राय होकर आए और उनके साथ बेवजह गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर लाठी-डंडों एवं लात-घूसों से मारपीट करने लगे। जिससे अजय कुमार का सिर फट गया। ग्रामीणों को मौके पर आता देख उक्त सभी आरोपित जान से मारने की धमकी देकर मौके से भाग गए। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मुकदमे की जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

# महिला सुरक्षा विशेष दल ने महिलाओं व बालिकाओं को किया जागरुक

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

महिला सुरक्षा विशेष दल द्वारा महिलाओं व बालिकाओं को हेल्पलाइन नंबरों व महिला संबंधी अपराधों के प्रति जागरुक किया गया।

जानकारी के अनुसार उत्तर प्रदेश सरकार महिलाओं की सुरक्षा को लेकर काफी गंभीर है। इसी के चलते प्रदेश सरकार की ओर से मिशन शक्ति अभियान चलाया जा रहा है।

जिसके तहत महिलाओं को महिला पुलिसकर्मियों द्वारा जागरुक किया जा रहा है। साथ ही महिलाओं को 1098, 181, 112, 1090, 1076 आदि हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी जा रही है। जिसके तहत महिलाएं अपने आपको असुरक्षित महसूस करने पर तुरंत इन नंबरों पर कॉल कर सकती हैं। जिससे कुछ ही देर में उनके पास पुलिस पहुंच जायेगी और उनकी हर सम्भव मदद करेगी। साथ ही यदि महिलाएं रात में कहीं फंस जायें और उनको वाहन आदि सुविधा न मिले, तो भी वह 112 नंबर डायल कर सकती हैं। पुलिस तुरंत पहुंचकर उनकी मदद करेगी और उनको उनके गंतव्य स्थान तक छोड़कर आयेगी।



छात्राओं को जागरुक करती महिला पुलिसकर्मी

# मायके से नहीं आयी पत्नी तो जहर खाकर दी जान

**कंपिल, समृद्धि न्यूज।**

पत्नी के घर न आने से क्षुब्ध युवक ने जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने पर स्वजनों को घटना की जानकारी हुई। स्वजन आनन-फानन में उसे इलाज के लिए सीएचसी कायमगंज ले गए। हालत गंभीर होने पर उसे लोहिया अस्पताल रेफर किया गया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। शव देखकर स्वजन बिलखने लगे। शव पीएम हेतु भेज दिया गया।



जानकारी के अनुसार क्षेत्र के गांव पहाड़पुर निवासी हरिभान सिंह के 48 वर्षीय पुत्र अजीत चौहान ने बुधवार शाम जहरीला पदार्थ खा लिया। जिससे उनकी हालत बिगड़ गई। जानकारी होने पर स्वजन उन्हें इलाज के लिए सीएचसी कायमगंज ले गए। हालत गंभीर होने पर उन्हें लोहिया रेफर किया गया। जहां उनकी इलाज के दौरान मौत हो गई। मौत की खबर मिलते ही स्वजन बिलखने लगे। मृतक के भाई आदर्श ने बताया कि भाई का भाभी शीलू से कई दिनों से विवाद चल रहा है। भाई और भाभी कानपुर में रहते थे। पत्नी से विवाद होने पर सात माह पूर्व भाई दो पुत्रों राज व शिवा को लेकर गांव चले आए। सात दिन पूर्व बहिन की शादी समारोह में शामिल होने के लिए उन्होंने पत्नी को घर आने के लिए फोन किया, लेकिन पत्नी ने आने से मना कर दिया। जिसके बाद मृतक के पिता व उसका भाई आदर्श भी पत्नी शीलू को बुलाने के उसके घर गये। महिला ने ससुराल जाने से मना कर दिया।

इसी बात को लेकर युवक ने जहरीला पदार्थ खाकर खुदकुशी कर ली। थाना प्रभारी विश्वनाथ आर्या ने बताया शव पीएम हेतु भेज दिया गया है। पीएम रिपोर्ट आने के बाद मौत का कारण स्पष्ट हो सकेगा।

# कार की टक्कर से साइकिल सवार की मौत



रोते बिलखते मृतक के परिजन

**मोहम्मदाबाद, समृद्धि न्यूज।**

ताजपुर रोड पर स्थित ईंट भट्टे के आगे 27 नवंबर की रात 8.30 बजे अज्ञात स्वीफ्ट कार की टक्कर से साइकिल सवार की मौत हो गई।

जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के गांव महोई निवासी देवेंद्र शाक्य का 17 वर्षीय पुत्र अंकुश रात 8.30 बजे नवीन गल्ला मंडी मोहम्मदाबाद से पल्लेदारी का काम करके अपनी साइकिल से घर जा रहा था। जैसे ही वह ताजपुर रोड पर स्थित ईंट भट्ठे के आगे पहुंचा, तभी पीछे से आ रही अज्ञात स्वीफ्ट कार ने टक्कर मार दी। जिससे साइकिल सवार अंकुश की मौके पर ही मृत्यु हो गई। राहगीरो की सूचना पर 112 पुलिस मौके पहुंची। सूचना पर प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार शुक्ला मय फोर्स के घटनास्थल पर पहुंचे तथा अंकुश के शव को मोर्चरी भिजवाया। मृतक अंकुश के चाचा अमित ने बताया कि घटनास्थल के पास स्थित एक मकान में लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज देखी गई, तो उसमें चार लोग स्वीफ्ट कार में फंसी साइकिल को निकालते दिखाई दिए। मृतक दो भाई था जिसमें मृतक छोटा था तथा शिवम बड़ा। एक 12 वर्षीय बहन आशिकी है। मां पिंकी देवी तथा स्वजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। मृतक के चाचा अमित की फौती सूचना पर उप निरीक्षक हेमलता ने शव का पंचनामा भरा।



## कार की टक्कर से बाइक सवार दंपति व बच्ची घायल

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** कम्पिल थाना क्षेत्र के गाँव भटमई निवासी अंशुल उम्र 22 वर्षीय पुत्र राजेश कुमार अपनी पत्नी रोशनी उम्र 20 वर्ष तथा दो वर्ष की बेटी वैशनवी को बाइक पर बैठालकर बच्ची की दवा लेने कायमगंज नगर के गल्ला मन्डी स्थित डाक्टर प्रमोद के यहाँ गया था। वहां से दवा लेकर वापस आ रहा था, तभी रास्ते मे आ रही तेज रफ्तार चार पहिया वाहन ने उसकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार पति-पत्नी सहित बच्ची भी नीचे गिरकर घायल हो गई। आसपास के लोगों की मदद से तीनों घायलों को कायमगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाकर भर्ती कराया गया। जहॉ ड्युटी पर तैनात चिकित्सक डॉ. जितेन्द्र कुमार ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत गम्भीर होने पर पति पत्नी को लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

## खबरें एक नजर में

### अनियंत्रित बाइक फिसली, चालक घायल



मौके पर पड़ा घायल

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** अनियंत्रित बाइक फिसलने से सवार घायल हो गया। उसे सीएचसी में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार विमलेश पाल पुत्र लंकुश पाल निवासी ग्राम हथियापुर थाना मऊदरवाजा कमालगंज जा रहा था। भोजपुर के निकट अचानक बाइक अनियंत्रित होकर गिर गयी। जिससे बाइक सवार गम्भीर रुप से घायल हो गया। घटना की सूचना पाकर भोजपुर चौकी के कांस्टेबिल संजय सिंह तत्काल मौके पर पहुंचे और 108 एंबूलेंस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची एंबूलेंस से उसे सीएचसी भिजवाया गया। जहां उसका उपचार जारी था। होश में आने पर उसने अपना विमलेश पुत्र लंकुश पाल बताया।

### पाक्सो एक्ट के आरोपी को तीन वर्ष का कारावास

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** अपर जिला जज विशेष पाक्सो एक्ट न्यायाधीश राकेश कुमार सिंह ने रवि उर्फ रवी पुत्र सत्यभान निवासी कन्हुऊ पट्टियां मोहम्मदाबाद को दोषी करार देते हुए हुए तीन वर्ष का व पचास हजार रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया है। विगत आठ वर्षो पूर्व कोतवाली मोहम्मदाबाद पुलिस युवक ने दी गयी तहरीर में बताया की 27 जुलाई 2016 को करीब 3 बजे मेरी बहन घर पर मौजूद थी। उस समय रवि कुमार मेरे घर पर आया तथा बहन को गलत नियत से पकड़ लिया और अश्लील हरकतें करने लगा। बहन के चिल्लाने पर छोटा भाई आ गया और रवि भाग गया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया। विवेचक ने साक्ष्य गवाह के आधार पर न्यायलाय में आरोप पत्र दाखिल कर दिया। बचाव पक्ष की दलील व साशकीय अधिवक्ता प्रदीप सिंह, विकास कटियार की पैरवी के आधार पर न्यायाधीश राकेश कुमार सिंह ने रवि को दोषी करार देते हुए तीन वर्ष का कारावास व पचास हजार रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया है।

### बाइक सवार को ट्रैक्टर ने मारी टक्कर, रेफर

**मोहम्मदाबाद,** समृद्धि न्यूज। इटावा बरेली हाईवे पर हवाई पट्टी के सामने ट्रैक्टर ने बाइक को टक्कर मार दी। राहगीरों ने कोतवाली मोहम्मदाबाद में सूचना दी। मौके पर पहुंचे उप निरीक्षक उदय पाल सिंह राजावत ने डायल 108 ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मोहम्मदाबाद भेजा। इमरजेंसी ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर जितेंद्र यादव ने प्रदीप पुत्र हरिलाल निवासी थाना नया गांव जनपद एटा निवासी को प्राथमिक उपचार देकर राम मनोहर लोहिया रेफर कर दिया। उप निरीक्षक उदय पाल सिंह राजावत ने बताया कि परिजनों को सूचना दी है तथा ट्रैक्टर को हिरासत में ले लिया है। चालक मौके से फरार हो गया।

### धान खरीदने को लेकर चार लोगों को पीटा, मुकदमा दर्ज

**संकिसा, समृद्धि न्यूज।** मेरापुर थाना क्षेत्र के गांव रूपनगर निवासी नन्दकिशोर ने गांव के ही सुधीर, शिवलोक, अन्टू व रोहित के विरुद्ध मारपीट, गाली-गलौज एवं जान से मारने की धमकी देने का मुकदमा दर्ज कराया है। तहरीर के अनुसार 21 नबम्बर शाम 7 बजे नन्दकिशोर अपने घर के बाहर बैठा था कि तभी उक्त आरोपित आए और धान खरीदने को लेकर मेरे साथ गाली-गलौज एवं लाठी-डंडों से मारपीट करने लगे जब चन्दन व रामू तथा दुर्विजय ने मुझे बचाने का प्रयास किया। उक्त आरोपितों ने इन लोगों के साथ भी लाठी-डंडों से मारपीट कर दी। जिससे सभी लोगों के चोटें आ गई। सभी आरोपित जान से मारने की धमकी देकर मौके से भाग गए। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मुकदमे की जांच उपनिरीक्षक अवधेश अवस्थी के सुपुर्द कर दी।

# खेल-खेल में बच्चों ने पुआल के ढेर में लगाई आग, हजारों का हुआ नुकसान

- कड़ी मशक्कत के बाद आगजनी की घटना पर पाया गया काबू
- पशुओं के चारे के लिए लगाया गया था पुआल का ढेर

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज।**

थाना क्षेत्र के ग्राम रजलामई जहां होलिकादहन स्थल के नजदीक ग्रामीण किसानों में अरविंद कुमार तथा विनीत कुमार ने पुआल का ढेर लगाया था। गुरुवार की सुबह ग्रामीणों के बच्चे खेल रहे थे।

इसी दौरान खेल-खेल में बच्चों द्वारा आग लगा दी गई। जिससे पुआल का ढेर धू-धू कर जलने लगा। उधर पुआल के ढेर में आग लगे की सूचना गांव में जंगल में आग की तरह फैल गई। मौके पर एकत्रित ग्रामीणों ने हैंडपंप तथा समर चलाकर आग पर काबू पाया। हालांकि इस आगजनी की घटना में हजारों रुपए का पुआल जला है। उधर ग्रामीणों ने आग बुझाये जाने के बाद राहत की सांस लेते हुए कहा एक बड़ी अनहोनी की घटना से बच गई अन्यथा की स्थिति में कुछ भी हो सकता था, क्योंकि जिस पुआल के ढेर में आग लगाई गई उस पुआल के ढेर के आसपास बच्चे खेल रहे थे। ग्राम प्रधान संजीव कुमार ने बताया ग्रामीणों के बच्चे खेल रहे थे। कुछ शरारती बच्चों द्वारा आग लगा दी गई। जिससे ग्रामीण किसानों के अनुसार लगभग सात बीघे का पुआल जलकर खाक हो गया। गनीमत रही कोई अनहोनी की घटना नहीं घटी।



पुआल में लगी आग को बुझाते ग्रामीण

# यूपी बोर्ड की कॉपियां जांचने की परिश्रमिक दरों में शासन ने की बढ़ोत्तरी

- शिक्षकों व कर्मचारियों का वर्ष 2019 के बाद बढ़ाया गया मेहनताना, शिक्षकों में खुशी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद ने उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन का परिश्रमिक बढ़ा दिया है। बोर्ड परीक्षा में ड्यूटी करने वाले शिक्षकों एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों के परिश्रमिक में पहले ही वृद्धि की जा चुकी है।

हाईस्कूल की एक कॉपी जॉचने पर अभी तक 11 रुपये मिलते थे। अब उन्हें बोर्ड ने 14 रुपये कर जाने का ऐलान किय है। इसी प्रकार इंटर की एक कॉपी जांचने पर 13 रुपये की जगह 15 रुपये दिये जायेंगे। परिश्रमिक में यह वृद्धि वर्ष 2019 यानि पांच वर्ष बाद की गयी है। फरवरी 2025 में होने वाली इस परीक्षा में कुल 54.38 लाख छात्र-छात्रायें शामिल होंगे। माध्यमिक शिक्षा के विशेष सचिव आलोक कुमार की ओर से जारी आदेश के अनुसार परीक्षा केंद्र संबंधी व्यय के लिए केंद्र व्यवस्थापक को 80 रुपया प्रति पाली की जगह अब 100 रुपय दिये जायेंगे। यानि दो पालियों में 200 रुपये केंद्र व्यवस्थापक को मिलेंगे। यही नहीं परीक्षा केंद्र व्यय अभी तक 3.50 रुपये प्रति छात्र था। जिसे बढ़ाकर अब 4.50 रुपये कर दिया गया है। इस प्रकार अतिरिक्त केंद्र व्यवस्थापक को अभी तक 53 रुपया प्रति पाली यानि 106 रुपये प्रतिदिन मिलते थे। जिसे बढ़ाकर अब 60 रुपये प्रति पाली कर दिया गया है।

लिपिक को 33 रुपया प्रति पाली की जगह 40 रुपया, बंडल वाहक को 16 रुपया प्रति वाली की जगह अब 20 रुपया दिया जायेगा। संकलन केंद्र के मुख्य नियंत्रक को 67 रुपया प्रतिदिन और पूरी परीक्षा के दौरान अधिकतम 1596 रुपये की जगह अब 75 रुपया प्रतिदिन व अधिकतम 1789 रुपये मिलेंगे। माध्यमिक शिक्षक संघ के जिला उपाध्यक्ष संतोष दुबे एवं संयुक्त मंत्री सतेन्द्र सिंह ने पारिश्रमिक वृद्धि की सराहना की है और इसे शिक्षक संघ के प्रयासों की जीत बताया।

# आर्मी पब्लिक स्कूल में 19वीं वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिताओं का हुआ समापन

- बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी का मन मोहा
- प्रतियोगिताओं में सुभाष सदन विजेता व अशोका सदन उप विजेता रहा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

आर्मी पब्लिक स्कूल फतेहगढ़ कैण्ट के 19वीं वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिताओं का समापन रमन स्टेडियम में बड़े धूमधाम से हुआ। इस अवसर पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने अनेक रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए। गुरुवार को सम्पन्न हुई प्रतियोगिताओं में 1500 मीटर की वरिष्ठ बालक वर्ग दौड़ में अशोका सदन के अर्पित सिंह यादव ने स्वर्ण पदक, सुभाष सदन के कृष्णा ने रजत और रामानुजन सदन के अमन ने कांस्य पदक जीता। वहीं 1500 मीटर की कनिष्ठ बालक वर्ग दौड़ में सुभाष सदन के देवेश को स्वर्ण, अशोका सदन के अहम को रजत पदक तथा पटेल सदन के कार्तिकेय को कांस्य पदक मिला। 200 मीटर की वरिष्ठ बालिका वर्ग की दौड़ में पटेल सदन की दीप्ति, रामानुजन की अंशिका और अशोका सदन की अन्नू क्रमशः पहले, दूसरे और तीसरे स्थान पर रहीं। कनिष्ठ बालिका वर्ग की 200 मीटर की दौड़ में रामानुजन सदन की आरुषी ने स्वर्ण, सुभाष सदन की प्राची ने रजत और पटेल सदन की आर्या ने कांस्य पदक जीता। 200 मीटर की कनिष्ठ बालक वर्ग की दौड़ में पटेल सदन के अर्णव लाहा को स्वर्ण पदक, अशोका सदन के ज़ैद अली को रजत पदक तथा सुभाष सदन के तनिष्क को कांस्य पदक से नवाजा गया। वरिष्ठ बालक वर्ग की 200 मीटर की दौड़ में सुभाष सदन के लविश ने स्वर्ण पदक, अशोका सदन के आकाश थापा ने रजत पदक तथा अशोका के ही शिवा दुबे ने कांस्य पदक प्राप्त किया।

400 मीटर की वरिष्ठ बालक वर्ग की दौड़ में रामानुजन सदन के नितिन को स्वर्ण पदक, सुभाष सदन के ऋतिक को रजत पदक तथा अशोका सदन के अर्पित को कांस्य पदक मिला। 400 मीटर की कनिष्ठ बालक वर्ग की दौड़ में पटेल के शौर्य प्रथम, रामानुजन के सोयल कुमार द्वितीय और अशोका के विश्व प्रताप तृतीय स्थान पर रहे। 100 मीटर वरिष्ठ बालक वर्ग की रिले रेस में सुभाष सदन के धावकों ने स्वर्ण, अशोका सदन के धावकों ने रजत और रामानुजन सदन के धावकों ने कांस्य पदक जीता। वहीं कनिष्ठ बालिका वर्ग की रिले रेस की प्रतिस्पर्धा में सुभाष पहले, पटेल दूसरे और रामानुजन तीसरे स्थान पर रहा। 4X100 मीटर कनिष्ठ तथा वरिष्ठ बालक वर्ग की रिले दौड़ में रामानुजन को स्वर्ण पदक, सुभाष सदन को रजत पदक तथा पटेल सदन ने कांस्य पदक जीता। दूसरे दिन के समापन समारोह कार्यक्रम का प्रारम्भ मुख्य अतिथि विद्यालय के चेयरमैन सिखलाई रेजीमेण्टल सेण्टर के कमाण्डेण्ट ब्रिगेडियर मनीष कुमार जैन ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस अवसर पर अम्बिका जैन ने गुब्बारे छोड़कर शान्ति और उच्चाकांक्षाओं का सन्देश दिया। कार्यक्रम के प्रारम्भ में सभी आमन्त्रित अतिथियों एवं अभिभावकों के सामने विद्यालय के अशोका, पटेल, रामानुजन और सुभाष सदन के छात्र-छात्राओं के द्वारा सेना के बैण्ड की ध्वनि के साथ कदम से कदम मिलाकर पद संचलन कर सभी को मन्त्र-मुग्ध कर तालियाँ बटोरीं। इसके बाद दौड़ करायीं गयीं। वरिष्ठ बालक वर्ग की 100 मीटर की दौड़ में अशोका सदन के आकाश थापा को स्वर्ण पदक, सुभाष सदन के लविश को रजत पदक और रामानुजन सदन के अनूप को कांस्य पदक प्राप्त हुआ। कनिष्ठ बालिका वर्ग की 100 मीटर की दौड़ में रामानुजन सदन की आरुषी पहले, अशोका सदन की अस्मिता दूसरे और सुभाष सदन की अदिति तीसरे स्थान पर रहीं। वरिष्ठ बालिका वर्ग की 4X100 मीटर की रिले रेस में पटेल सदन को प्रथम स्थान, अशोका सदन को द्वितीय स्थान और रामानुजन सदन को तृतीय स्थान मिला। वहीं 4X100 मीटर की कनिष्ठ बालक वर्ग की रिले रेस में पटेल सदन पहले, अशोका सदन दूसरे और रामानुजन सदन के प्रतिभागी तीसरे स्थान पर रहे। सर्वोत्तम मार्चपास्ट की ट्राफी सुभाष सदन को प्रदान की गई। सर्वोत्तम अनुशासन के लिए पटेल हाउस को ट्राफी देकर सम्मानित किया गया। वर्ष भर हुई सदनश प्रतियोगिताओं में अच्छे प्रदर्शन के लिए सुभाष सदन को विजेता और अशोका सदन को उप विजेता की ट्राफी से नवाजा गया। कनिष्ठ बालक वर्ग के पटेल सदन के छात्र शौर्य को तथा वरिष्ठ बालक वर्ग में सुभाष सदन के छात्र लविश को सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी की ट्राफी प्रदान की गयी। वहीं वरिष्ठ बालिका वर्ग में पटेल सदन की दीप्ति को एवं कनिष्ठ बालिका वर्ग में रामानुजन सदन की आरुषी को सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के रूप में सम्मानित किया गया। विद्यालय के बच्चों ने अतिथियों के सम्मान में स्वागत गीत प्रस्तुत किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य संजीव कुमार ने वार्षिक प्रगति आख्या प्रस्तुत की। विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने स्वागत नृत्य, लोक नृत्य, योगा, बाल और डम्बल पीटी, माइम एक्ट, बटरफ्लाई ड्रिल, एरोबिक और मार्शल आर्ट का शानदार प्रदर्शन कर अनेकता में एकता का संदेश दिया। कार्यक्रम के अन्त में विद्यालय के छात्र.-छात्राओं को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि विद्यालय के चेयरमैन सिखलाई रेजीमेण्टल सेण्टर के कमाण्डेण्ट ब्रिगेडियर मनीष कुमार जैन ने कहा कि खेलकूद व्यक्ति के जीवन का अभिन्न अंग है, क्योंकि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क विकसित होता है। स्वास्थ्य व्यक्ति के सम्पूर्ण जीवन को प्रभावित करता है। एक अच्छे खिलाड़ी के अन्दर अनुशासन विकसित होता है। विद्यालय की अंग्रेजी की प्रवक्ता पूर्णिमा अग्निहोत्री ने सभी आगन्तुक अतिथियों, अभिभावकों एवं मीडिया का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के छात्र-छात्राओं अक्षय, समृद्धि, साक्षी शुक्ला, आयुषी यादव, सुनिधि, आद्या और सान्या द्वारा किया गया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्र गान के साथ हुआ। इस अवसर पर कई गणमान्य सैन्य अधिकारी और अभिभावक उपस्थित रहे।



कार्यक्रम का उद्घाटन करते आरआरसी के कमाण्डेण्ट ब्रिगेडियर मनीष कुमार जैन



विजेता सुभाष सदन तथा मौजूद शिक्षकगण

# डीएम की नाराजगी पर शहर में चला अतिक्रमण हटाओ अभियान



घुमना पर अतिक्रमण हटवाते नगर मजिस्ट्रेट व सीओ सिटी



रोडवेज के बाहर ढाबे का तिरपाल हटाती जेसीबी

- रोडवेज के आसपास ध्वस्त किये गये तिरपाल व टीनशेड
- कई दुकानदारों से वसूला गया जुर्माना तोड़ी गईं पट्टियां

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

डीएम की नाराजगी के बाद नगर पालिका परिषद द्वारा शहर में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। रोडवेज बस स्टैण्ड से शुरु होकर लालगेट, घुमना तक अभियान चला। नगर मजिस्ट्रेट, सीओ सिटी, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका के अलावा बड़ी संख्या में पुलिस फोर्स एवं नगर पालिका के कर्मचारी मौजूद रहे। रोडवेज बस स्टैण्ड के दोनों गेट पर अतिक्रमण हटाया गया। पूर्वी साइड में बने गेट के पास ढाबे की टीनशेड व तिरपाल एवं टीनशेड को हटाकर रखी भट्टी आदि को नष्ट कर दिया गया। दुकानदारों ने अपनी दुकान के आगे फुटपाथ पर अतिक्रमण कर रखा था। उसे हटवाया गया। साथ ही कई दुकानदारों के चालान काटे गये। रोडवेज बस स्टैण्ड के पास ढाबा संचालक से काफी नोकझोंक हुई।

मौके पर रोडवेज की तरफ से एआरएम ने पहुंचकर अतिक्रमण हटाने की बात कही, तभी अधिकारियों के निर्देश पर लगे तिरपाल को नष्ट किया गया। उसी दौरान रोडवेज के बाहर लगी ठेली वाले अपनी-अपनी ठेली को लेकर चलते बने। डाकखाने के बाहर संचालित ढाबा का भी तिरपाल आदि हटाया गया। लालगेट तिराहे के पास मस्जिद के बाहर बनी दुकानें पर लगे तिरपाल व टीनशेड एवं पटियां हटायी गई। लाल सराय में कई दुकानदारों के तिरपाल व पटिया आदि को तोड़ा गया। घुमना स्थित मिठाई विक्रेता जो बाहर तक अतिक्रमण फैलाकर रखा था उनका चालान काटा गया। सभी को हिदायत दी गई कि नाली के बाहर अगर अतिक्रमण पाया गया तो सामान जब्त किया जायेगा और जुर्माना की अगली बार राशि दोगुनी कर दी जायेगी। इस मौके पर शहर कोतवाल व कादरीगेट थानाध्यक्ष एवं मऊदरवाजा थानाध्यक्ष तथा टीएसआई अपने हमराहों के साथ मौजूद रहे।

## डीएम की कड़ी फटकार के बाद चेता डाकघर, कुछ धनराशि का किया भुगतान

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** बेटी की शादी के लिए डाकघर कायमगंज में जमा की धनराशि पाने के लिए मां दर-दर भटक रही है, लेकिन विभाग ने अभी तक भुगतान नहीं किया। मामला जब जिलाधिकारी के संज्ञान में आया तो उन्होंने कड़ी नाराजगी जतायी। गर्दन फंसती देख डाकघर के संबंधित कर्मचारियों ने आनन-फानन में कुल धनराशि में कुछ धनराशि का भुगतान कर दिया और शेष धनराशि का जल्द भुगतान कराने की बात कहीं। जानकारी के अनुसार पीड़िता मंजू दुबे पत्नी चन्द्रकांत दुबे निवासी शिव नगर कालोनी आईटीआई के पीछे फर्रुखाबाद ने बताया कि अपनी बेटी की शादी के लिए पैसे एकत्रित किये थे। वर्ष 2014 में कायमगंज डाकघर में दस वर्षीय राष्ट्रीय बचत पत्र लिया था। मैने अपनी बेटी की शादी के लिए 50 हजार रुपये जमा किया था। पीड़िता के अनुसार कुल धनराशि 1 लाख 37 हजार रुपये हुई। जिसके भुगतान के लिए सभी जरूरी प्रपत्र डाकघर कायमगंज में अक्टूबर माह में ही जमा करवा दिए थे, तब से लगातार डाकघर फतेहगढ़ और डाकघर कायमगंज के चक्कर लगा रहे हैं, किंतु भुगतान नहीं किया जा रहा है। बेटी की शादी 29 नवम्बर को है। पीड़िता ने जिलाधिकारी का दरवाजा खटकाया, लिखित शिकायत कर भुगतान कराये जाने की मांग की है। जिलाधिकारी डॉ. वीके सिंह ने मामले को गंभीरता से लेते हुए कड़ी नाराजगी जतायी। जिसके बाद विभाग ने आनन-फानन में कुछ धनराशि का भुगतान कर दिया और 90 हजार रुपये अति शीघ्र भुगतान करने की बात कही। शिकायतकर्ता ने जिला प्रशासन का आभार जताया। वहीं पीड़िता ने आरोप लगाया कि व्याप्त भ्रष्टाचार के चलते समयावधि पूरी हो जाने के बावजूद भी चक्कर लगाने पड़ रहे है और आर्थिक मजबूरी को समझा नहीं जा रहा है। ऐसे में डाकघर से विश्वास आम आदमी का उठ जायेगा। समयावधि पूर्ण होने पर दो माह बीत गये, लेकिन विभाग ने मेरी नहीं सुनी। जब मैने डीएम से शिकायत की तो कुछ धनराशि का भुगतान किया गया।



बैठक लेते डीएम

## मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना की बैठक सम्पन्न 16 दावे हुए स्वीकृत

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जिलाधिकारी डॉ. वीके सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना की बैठक सम्पन्न हुई। उन्होंने बताया कि कृषक दुर्घटना कल्याण योजना में मृतक किसान को 05 लाख का मुआवजा सरकार द्वारा दिया जाता है। बैठक में कुल 16 दावे प्रस्तुत किये गये। जिनमें से शासनादेश के अनुसार उपयुक्त पाये गये दावे स्वीकृत किये गये। अस्वीकृत किये गये दावों की पुनः जांचकर अगली बैठक में प्रस्तुत करने के निर्देश दिये। बैठक में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व, समस्त उपजिलाधिकारी एवं तहसीलदार उपस्थित रहे।

# होम्योपैथी विभाग ने शिविर लगाकर मरीजों का किया परीक्षण, दी दवाएं

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

राजकीय होम्योपैथिक चिकित्सालय आजाद भवन के द्वारा आयुष आपके द्वार कार्यक्रम के अंतर्गत शहर के खड़ियाई मोहल्ले में आम जन मानस को उनके घर के नजदीक ही बेहतर स्वास्थ्य की देखभाल हेतु एक निःशुल्क होम्योपैथिक चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया।

आजाद भवन चिकित्सालय के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुरेंद्र सिंह ने कुल 105 रोगियों (55 पुरुष और 50 महिलाओं) का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें होम्योपैथिक उपचार दिया। साथ ही डॉक्टर सिंह ने सभी रोगियों ओर उनके परिजनों को सर्दियों के बदलते मौसम में उचित आहार, योग व्यायाम के साथ-साथ अपने आस-पास के परिवेश की साफ-सफाई रखने की सलाह दी और बताया कि कोई भी बीमारी होने की शुरुआत में ही किसी योग्य चिकित्सक से परामर्श लेकर पूरा उपचार ले ओर इलाज बीच में ही न छोड़ें। इस मौके पर फार्मासिस्ट तरुण कुमार वर्मा ने रोगी पंजीकरण एवं दवा वितरण का कार्य किया।



मरीजों का परीक्षण करते डॉ. सुरेन्द्र सिंह

# एशियन कम्प्यूटर द्वारा निःशुल्क प्रशिक्षण कार्यक्रम 2 दिसम्बर को

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

विश्व कंप्यूटर साक्षरता दिवस 2 दिसंबर के उपलक्ष्य में विश्वनाथ सामाजिक सेवा संस्थान द्वारा संचालित एशियन कंप्यूटर इंस्टीट्यूट छात्रो को निःशुल्क कंप्यूटर प्रशिक्षण प्रदान करेगा। जानकारी देते हुए निदेशक सुरेन्द्र पाण्डेय ने बताया कि इस दिन का उद्देश्य लोगों को कंप्यूटर और सूचना प्रौद्योगिकी के बारे में जागरूक करना एवं उन्हें कंप्यूटर की मूल बातें सिखाना है। जिससे लोग सायबर क्रायम से बच सकें। इसके अन्तर्गत कंप्यूटर के बुनियादी कार्यो को सिखाने के साथ ही कंप्यूटर का उपयोग, विभिन्न प्रकार के सॉफ्टवेयर और हार्डवेयर का उपयोग एवं इंटरनेट का उपयोग कैसे किया जाता है, आदि सम्मलित हैं। उन्होंने बताया कि इस उपलक्ष्य में संस्थान कंप्यूटर साक्षरता पखवाड़ा आयोजित कर रहा है। जिसमें 1 दिसम्बर से 15 दिसम्बर तक लोगों को कंप्यूटर साक्षरता से जोड़ने के लिए अभियान चलाया जायेगा। उन्होंने ने बताया कंप्यूटर शिक्षा आज रोजगार के क्षेत्र में मील का पत्थर साबित हो रही है। सभी वर्ग के छात्रों को सीसीसी के निःशुल्क प्रशिक्षण के साथ साथ राष्ट्रीय उद्यमिता एवं लघु व्यवसाय विकास संस्थान द्वारा उद्यमिता डेवलपमेंट कार्यक्रम का प्रशिक्षण भी प्रदान किया जायेगा। जिसका मुख्य उद्देश्य लोगों को स्वरोजगार से जोड़ना है। विश्व कंप्यूटर साक्षरता दिवस का प्रारम्भ सन 2001 में हुआ था। विश्व कंप्यूटर साक्षरता दिवस महिलाओं में कंप्यूटर साक्षरता पर ज़ोर देने के उद्देश्य से मनाया जाता है। इस अवसर पर पूर्णिमा दीक्षित, शैलेन्द्र मिश्रा, फाल्गुनी भैरवानीं, सुपर्ण मिश्रा उपस्थित रहे।



जानकारी देते सुरेन्द्र पाण्डेय आदि

## खबरें एक नजर में

### शिक्षक अभिभावक संघ की बैठक आज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** विकास खण्ड कायमगंज के प्राथमिक विद्यालय मदारपुर में ग्राम शिक्षा समिति की बैठक व नवीन स्कूल प्रबंधन समिति की गठन को लेकर बैठक का आयोजन विद्यालय परिसर में शुक्रवार को दोपहर 12 बजे होगा। जिसमें समिति के अभिभावक- शिक्षक संघ, मातायें व शिक्षक, मां समूह के सभी सदस्यों को आमंत्रित किया गया है। यह जानकारी प्रधानाध्यापक राजकिशोर शुक्ला ने दी है।

### पौधारोपण अभियान में हुई गड़बड़ी की शिकायत शासन को भेजी

**कालपी,जालौन।** वन विभाग ने पौधारोपड़ अभियान में भारी गड़बड़ी है। इस मामले की शिकायत शासन की गई है जिसमें मामले की गहनता से जाँच कराए जाने की मांग की गई है। विदित हो कि वन विभाग प्रतिवर्ष वृक्षारोपड अभियान चलाता है जिसमे प्रतिवर्ष वन भूमि पर बरसात के दौरान पौधारोपड़ किया जाता है हालाकि इस अभियान की तैयारी के लिए विभाग गर्मी के मौसम में ही बौना नाली तथा गढढे करा लेता है और इन्हीं नालियों और गढढों में गड़बड़ी का आरोप लगाया गया है। क्षेत्र निवासी संदीप ने आला अफ्सरों को भेजे शिकायती पत्र में उल्लेख किया है कि मानक के अनुसार 20 हैक्टेयर भूमि मे 6000 गढढे और उनकी नाली बनाई जाती है लेकिन विभाग ने महज 2000 गढढे खोदकर बृक्षारोपड़ कर लिया है जिसमें भारी मात्रा में सरकारी धन का दुरुपयोग हुआ है। उन्होंने इस मामले की जांच कराए जाने की मांग की है जिससे विभाग के वृक्षारोपड़ अभियान की हकीकत सामने आ सके।

### गेस्टहाउस के बाहर पार्किंग न होने से मोहल्लेवासी परेशान

**जालौन,उरई।** गेस्ट हाउस के बाहर पार्किंग की व्यवस्था न होने से वाहन अन्य लोगों के दरवाजे के बाहर खड़े हो जाते हैं। जिससे मोहल्ले के लोगों को दिक्कत होती है। पीड़ित मोहल्ले के लोगों ने एसडीएम को शिकायती पत्र देकर समस्या का समाधान कराने की मांग की है। नगर क्षेत्र में छत्रसाल रोड पर एक गेस्ट हाउस स्थित है। इस गेस्ट हाउस के आसपास रहने वाले मोहम्मद नाजिम, तबरेज अहमद आदि ने एसडीएम को शिकायती पत्र देकर बताया कि उनके घर के सामने ही एक गेस्ट हाउस है। जब वहां कोई शादी विवाह कार्यक्रम होता है तो घरों के दरवाजे पर सजावट कर उन्हें बंद कर दिया जाता है। कई बार वह गेस्ट हाउस संचालक से पार्किंग की व्यवस्था करने की बात कह चुके हैं। लेकिन अब तक उन्होंने इस दिशा में कोई प्रयास नहीं किया है। मोहल्ले के लोगों ने एसडीएम से समस्या का समाधान कराने की मांग की है।

### पं. संदीप नरायण ने श्रीकृष्ण कथा का किया वर्णन

**जालौन,उरई।** श्रीवीर बालाजी हनुमान मंदिर में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के चौथे दिन भगवताचार्य पंडित संदीप नरायण मिश्रा ने श्रीकृष्ण जन्म की कथा का वर्णन किया गया। पंडाल में बैठे भक्तों ने जयकारे लगाए। उरई मार्ग पर स्थित श्रीवीर बालाजी हनुमान मंदिर में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा में कथा व्यास पंडित संदीप नारायण मिश्रा ने श्रीकृष्ण जन्म की कथा का वर्णन करते हुए कहा कि जब कंस का अहंकार बढ़ गया और वह अच्छाई और बुराई का भेद भूल गया तब भगवान को मानव रूप में पृथ्वी पर प्रकट होना पड़ा। श्रीकृष्ण का मथुरा की जेल में प्राकट्य होने के बाद वासुदेव ने रातों-रात उन्हें गोकुल में नंद बाबा के यहां पहुंचा दिया।

# एसडीएम ने चार गांवों के परिषदीय विद्यालयों की जानी हकीकत

**कोंच,जालौन समृद्धि न्यूज।**

एसडीएम ज्योति सिंह ने गुरुवार को क्षेत्र के नरी, सुनाया, कौशलपुर, मंगरा आदि गाँव के सरकारी स्कूलों का औचक निरीक्षण किया।

स्कूलों का निरीक्षण करते हुए एसडीएम ने स्कूल भवन के रख रखाव को देखा। उन्होंने कक्षों, रसोई घर और शौचालय में साफ सफाई, रंगाई पुताई सहित बिजली, साफ पेयजल, फर्नीचर, आदि की व्यवस्था देखी। बच्चों के खेलने के लिए मैदान और आने जाने के रास्ते को भी देखते हुए एसडीएम ने दिव्यांग बच्चों हेतु रैंप बनी है अथवा नहीं, देखी। रसोई में मिड डे मील योजना के अंतर्गत बच्चों को बनाये जाने वाले भोजन की गुणवत्ता परखी। निरीक्षण के दौरान स्कूलों में नियुक्त शिक्षक-शिक्षिकाओं की उपस्थिति तो पूरी मिली लेकिन बच्चों की उपस्थिति बहुत अच्छी नहीं मिली। एसडीएम ने अधिक से अधिक संख्या में पंजीकृत बच्चों को प्रतिदिन निर्धारित ड्रेस में स्कूल लाए जाने के निर्देश दिए।

एसडीएम ने शिक्षण व्यवस्था परखने के लिए कक्षा में जाकर बच्चों से पाठ्यक्रम से संबंधित और व्यवहारिक ज्ञान से जुड़े प्रश्न भी पूछे। उन्होंने निर्देश दिए कि प्रतिदिन निर्धारित मैन्यू के अनुरूप बच्चों को मिड डे मील योजना के तहत भोजन दें। साफ सफाई व्यवस्था दुरुस्त रखें।

# निलंबित उचित दर विक्रेता पर कालाबाजारी के चलते मुकदमा दर्ज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

निलंबित उचित दर विक्रेता अवशेष खाद्यान्न की कालाबाजारी कर लेने के मामले में पूर्ति निरीक्षक कायमगंज ने गठित टीम के साथ मौके पर पहुंचकर निंलबित विक्रेता राकेश कुमार विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया गया है।

बताते चले कि विकास खण्ड नवाबगंज की ग्राम पंचायत कक्योली निवासी राम तिवारी ने ग्राम के उचित दर विक्रेता राकेश कुमार द्वारा नियमानुसार राशन न बांटे जाने के संबंध में मुख्यमंत्री के जनता दर्शन में शिकायत पंजीकृत करायी थी। जिसकी जांच पूर्ति निरीक्षक एवं क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी की संयुक्त टीम गठित कर कराई गई। जांच में विक्रेता द्वारा वितरण में गम्भीर अनियमितता किया जाना पाये जाने पर उसकी उचित दर दुकान का अनुबन्ध पत्र निलम्बित करते हुए विक्रेता राकेश को उचित दर दुकान पर उपलब्ध अवशेष खाद्यान्न पड़ोसी ग्राम कढ़िउली के उचित दर विक्रेता मनोरमा के सम्बद्ध कर हस्तांतरित किये जाने के निर्देश दिये थे, किन्तु विक्रेता राकेश कुमार द्वारा अवशेष खाद्यान्न 8.48 कुं0 गेहूँ, 31.95 कु0 चावल एवं 6 किलो ग्राम चीनी सम्बद्ध उचित दर विक्रेता मनोरमा को उपलब्ध नहीं करायी गयी। जिसकी पूर्ति निरीक्षक कायमगंज को भेजकर प्रकरण की जांच कराई गई, जिसमें पाया गया कि निलम्बित विक्रेता राकेश कुमार ग्राम पंचायत कक्यौली द्वारा अवशेष खाद्यान्न 8.48कु0 गेहूँ, 31.95कु0 चावल एवं 6 किलो ग्राम चीनी नफा नाजायज कमाने के उद्देश्य से कालाबाजारी कर ली गई है। प्रकरण में जिलाधिकारी से 26 नवम्बर को अनुमति प्राप्त कर उनके निर्देश पर पूर्ति निरीक्षक कायमगंज द्वारा थाना नबाबगंज में निलम्बित विक्रेता राकेश कुमार ग्राम पंचायत कक्यौली विकासखण्ड नबाबगज के विरूद्ध आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा-3/7 के अन्तर्गत प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज करा दी गई है। उन्होंने समस्त उचित दर विक्रेताओं को कठोर चेतावनी निर्गत करते हुए निर्देशित किया कि वह कार्ड धारको को नियमानुसार आवश्यक वस्तुओं का वितरण कराने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि यदि किसी उचित दर विक्रेता के विरूद्ध खाद्यान्न वितरण में अनियमितता/ कालाबाजारी सम्बन्धी किसी प्रकार की शिकायत प्राप्त होती है, तो उसके विरुद्ध नियमानुसार विभागीय/विधिक कार्यवाही की जायेगी। समस्त क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी एवं पूर्ति निरीक्षकों को निर्देशित किया कि वह वितरण के दौरान अपने कार्य क्षेत्र में भ्रमणशील रहकर पारदर्शी वितरण कराना सुनिश्चित करायें।



जांच करती टीम

# जीजीआईसी में कैरियर गाइडेंस मेले का हुआ आयोजन

- छात्राओं के साथ अतिथियों ने साझा किये अनुभव

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

महीयसी महादेवी वर्मा राजकीय बालिका इंटर कॉलेज फतेहगढ़ में कैरियर गाइडेंस मेला का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि जिला विद्यालय निरीक्षक नरेन्द्र पाल सिंह ने दीप प्रज्वलित कर करियर मेला का उद्घाटन किया।

करियर मेला में वक्ता के रूप में किशोर न्याय बोर्ड की सदस्य सुमन राठौर, अधिवक्ता मीना सिंह चौहान, पुलिस विभाग से कमलेश कुमार एवं समग्र शिक्षा अभियान के जिला समन्वयक मनेन्द्र मिश्रा, डॉ. अंजना दीक्षित आदि उपस्थित रहे। अतिथियों ने कैरियर से संबंधित अपना-अपना अनुभव, अपने प्रयास और करियर संबंधी समस्याओं का समाधान के तरीके छात्र-छात्राओं से साझा किए और उन्हें भविष्य में अपने सही कैरियर को चुनकर उसके लिए सही रणनीति बनाकर तैयारी करने हेतु प्रेरित किया। जिससे छात्राओं का भविष्य उज्ज्वल बन सके। मेले का समापन प्रधानाचार्य दीपिका राजपूत ने सभी अतिथियों को स्मृति चिन्ह व उनका आभार प्रकट कर किया। संचालन नोडल शिक्षिका सरिता त्रिवेदी ने किया। इस अवसर पर शिक्षिका आदेश गंगवार, गुलशन जहां, कु0 शैलजा, सरिता बाजपेई व कु0 ज्योति आदि मौजूद रही।




कार्यक्रम में मौजूद शिक्षिकायें व छात्रायें

# परिवहन व्यवस्था में गड़बड़ी से ज्वार-बाजरा की खरीद हुई प्रभावित

**कालपी,जालौन समृद्धि न्यूज।**

परिवहन की व्यवस्था दुरुस्त न होने से सहकारी ज्वार बाजरा खरीद की व्यवस्था गड़बड़ा गई है। जगह न होने से विगत कई दिनों से खरीद प्रभावित है जिससे किसान परेशान हैं। विदित हो कि शासन ने किसानों की आय बढ़ाने के लिए कई जिन्सों का न्यूनतम समर्थन मूल्य घोषित किया है जिसके तहत खरीफ की फसल मे एफसीआई द्वारा गल्ला मण्डी परिसर में ज्वार बाजरा खरीद केन्द्र खोला गया है जिसमें किसानों की ज्वार 3371 व बाजरा 2526 रुपये प्रति कुन्तल की दर से खरीदा जा रहा है लेकिन खरीद की रफ्तार बेहद कम होने से किसान परेशान हैं और उसे अपनी उपज मण्डी में औने पौने दामों पर बेचना पड़ रहा है।

खरीद केन्द्र प्रभारी ब्रजेश कनौजिया के अनुसार अभी तक 900 किसान अपनी उपज बेंचने के लिए पंजीकरण करा चुके हैं जिसमें अभी तक लगभग 100 किसानों से 3000 कुन्तल खरीद की गई है लेकिन विभाग की परिवहन व्यवस्था ठीक नहीं है अभी तक महज एक ट्रक खाद्यान्न गोदाम पहुंचा जिससे खरीद स्थल पर जगह की कमी उत्पन्न हो गई है और इसी के चलते वह खरीद सुचारू रूप से नहीं कर पा रहे हैं और केन्द्र के बाहर ट्रैक्टर ट्राली की भीड़ लगी है।

# कुपोषित बच्चों को अस्पताल में भर्ती करा सुपोषित कराने में न बरतें लापरवाही

**उरई,जालौन समृद्धि न्यूज।**

उप्र राज्य महिला आयोग की सदस्य श्रीमती अनुपमा सिंह लोधी द्वारा बाल विकास परियोजना उरई शहर में वार्ड संख्या 25 शिवपुरी में संचालित आंगनबाड़ी केन्द्र का निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान आंगनबाड़ी कार्यकत्री रानी वर्मा व सहायिका मौके पर उपस्थित मिली। आंगनबाड़ी केन्द्र की स्थिति संतोषजनक पाये जाने पर आंगनबाड़ी कार्यकत्री की सराहना की गयी तथा मौके पर 25 बच्चे केन्द्र पर उपस्थित मिले। बच्चों के द्वारा भावगीत सुनाया गया तथा उनसे आंगनबाड़ी केन्द्र के माध्यम से मिलने वाले अनुपूरक पुष्टाहार (ड्राई राशन) की जानकारी ली गयी व लाभार्थियों द्वारा बताया गया कि प्रत्येक माह ड्राई राशन मिलता है। साथ ही केन्द्रों पर उपलब्ध पुष्टाहार वितरण पंजिका का सत्यापन किया गया। उक्त आंगनबाड़ी केन्द्र के निरीक्षण के दौरान इफ्तेखार अहमद जिला कार्यक्रम अधिकारी द्वारा वर्तमान में चल रही विभागीय योजनाओं के संबंध में आवश्यक जानकारी देते हुये आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को केन्द्र पर पंजीकृत गम्भीर कुपोषित बच्चों की स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से चिकित्सीय जांच कराकर एनआरसी में भर्ती कराने के निर्देश दिये गये, जिससे बच्चों को सुपोषित किया जा सके।



# वाणिज्य की वसूली कम पाये जाने पर डीएम ने जतायी नाराजगी

- तम्बाकू चोरी रोकने, व्यावसायिक बैनामों की जांच कराने के निर्देश
- नाबालिक न चलाये ई-रिक्शा और न बजे अश्लील गाने तथा रूट निर्धारण करें संबंधित अधिकारी
- नगर मजिस्ट्रेट को दिये शहर में अतिक्रमण अभियान चलाने के निर्देश

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी डॉ. वीके सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में कर करेत्तर की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। समीक्षा में वाणिज्य कर विभाग की वसूली लक्ष्य से अत्यंत कम पाई गई। जिस पर डीएम ने नाराजगी जतायी। उन्होंने संबंधित अधिकारियों का स्पष्टीकरण प्राप्त करने एवं प्रवर्तन की कार्यवाही बढ़ाने के निर्देश दिये। तम्बाकू पर टैक्स चोरी रोकने के निर्देश दिये।

स्टाम्प एवं निबन्धन विभाग की राजस्व प्राप्ति लक्ष्य से कम पाई गई। स्टाम्प चोरी पर प्रभावी अंकुश लगाने व सभी व्यावसायिक बैनामों की जांच कराने के निर्देश दिये। आबकारी विभाग की वसूली कम पाई गई। प्रवर्तन की कार्यवाही बढ़ाने के निर्देश दिये। परिवहन विभाग की वसूली अच्छी पाई गई। डीएम ने निर्देशित किया कि ई-रिक्शा का संचालन नाबालिग बच्चों द्वारा न किया जाये व उन पर अश्लील गाने न बजे तथा सभी की रूट निर्धारण की कार्यवाही की जाये। शहर के प्रमुख मार्गो पर नगर मजिस्ट्रेट के नेतृत्व में अतिक्रमण अभियान चलाने के लिये निर्देशित किया। ईओ को निर्देशित किया कि किसी भी सड़क के किनारे बिल्डिंग मैटेरियल न पड़ा रहे। विद्युत विभाग की वसूली अत्यंत खराब पाई गई। सभी उपजिलाधिकारी को मंडियो की सप्ताहिक समीक्षा करने व मंडियो की व्यवस्था सही कराने के निर्देश दिये, साथ खनन विभाग की राजस्व प्राप्ति ठीक पाई गई।

नगर पालिका फर्रुखाबाद की वसूली कम पाई गई। कर निर्धारण अधिकारी का स्पष्टीकरण प्राप्त करने के निर्देश दिये गये। वन विभाग की वसूली कम पाई गई। विभाग को अवैध कटान के खिलाफ सख्त अभियान चलाने के निर्देश दिये गये। कायमगंज, कमालगंज, शमसाबाद, नवाबगंज, मोहम्मदाबाद क्षेत्र में सभी विभागों को प्रवर्तन कार्य तेज करने के लिये निर्देशित किया। बैठक मे डीएफओ ज्वाइंट मजिस्ट्रेट महेंद्र सिंह, अपर जिलाधिकारी व सम्बंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।




कर करेत्तर की बैठक लेते डीएम

समृद्धि न्यूज़
समृद्ध समाज का आधार
लखनऊ, शुक्रवार 29 नवम्बर, 2024






# हर स्थिति से निपटने के लिए तैयार रहे सेना : राष्ट्रपति

- राष्ट्रपति ने रक्षा सेवा स्टाफ कॉलेज, वेलिंगटन के छात्र अधिकारियों को किया संबोधित
- देश विकास के पथ पर आगे बढ़ रहा है और दुनिया रक्षा सहित विभिन्न क्षेत्रों में हमारे विकास को स्वीकार कर रही है



**एजेंसी, नई दिल्ली।**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा है कि तेजी से बदलती भू-राजनीतिक स्थिति में सेनाओं को किसी भी स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार रहने की जरूरत है।

श्रीमती मुर्मु ने गुरूवार को तमिलनाडु के वेलिंगटन स्थित रक्षा सेवा स्टाफ कॉलेज के छात्र अधिकारियों और शिक्षकों को संबोधित किया।

राष्ट्रपति ने इस अवसर पर कहा कि देश विकास के पथ पर आगे बढ रहा है और दुनिया रक्षा सहित विभिन्न क्षेत्रों में हमारे विकास को स्वीकार कर रही है। भारत भविष्य की चुनौतियों का सामना करने के उद्देश्य से सशस्त्र बलों को तैयार रखने के लिए स्वदेशीकरण और आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि भारत एक प्रमुख रक्षा विनिर्माण केंद्र के रूप में विकसित हो रहा है और एक विश्वसनीय रक्षा भागीदार और बड़ा रक्षा निर्यातक बनने की ओर अग्रसर है। राष्ट्रपति ने कहा कि तेजी से बदलते भू-राजनीतिक माहौल में हमें किसी भी स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार रहने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि हमें न केवल अपने राष्ट्रीय हितों को सुरक्षित रखना है बल्कि साइबर युद्ध और आतंकवाद जैसी नई राष्ट्रीय सुरक्षा चुनौतियों के लिए भी तैयार रहना है। जलवायु परिवर्तन का मुद्दा नए आयाम हासिल कर रहा है जिसे समझने और प्रबंधित करने की जरूरत है। गहन शोध पर आधारित अद्यतन ज्ञान और अत्याधुनिक तकनीकों को लागू करने की जरूरत है।

श्रीमती मुर्मु ने कहा कि रक्षा सेवा स्टाफ कॉलेज ने भारत और मित्र देशों के सशस्त्र बलों के अधिकारियों और नागरिक अधिकारियों को प्रशिक्षित करने तथा शिक्षित करने में सराहनीय योगदान दिया है। पिछले सात दशकों में इसने मध्यम स्तर के अधिकारियों को पेशेवर रूप से तैयार करने में प्रमुख भूमिका निभाई है।

राष्ट्रपति ने कहा कि भारतीय सशस्त्र बलों का सभी सम्मान करते हैं। सशस्त्र बल देश की सीमाओं और क्षेत्रीय अखंडता की रक्षा करने में सबसे आगे हैं। राष्ट्रीय हितों की निरंतर रक्षा करने के लिए राष्ट्र को रक्षा बलों पर गर्व है।

### सभी क्षेत्रों में महिलाओं की बढ़ती भूमिका प्रेरणादायक

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा है कि यह अच्छी बात है कि महिला अधिकारी अब तीनों सेनाओं में विभिन्न इकाइयों की कमान संभाल रही हैं। उन्होंने कहा कि सभी क्षेत्रों में महिलाओं की बढ़ती ताकत और भूमिका सभी के लिए, विशेषकर युवा लड़कियों के लिए उत्साहजनक और प्रेरणादायक है। उन्होंने सशस्त्र बलों में अधिक से अधिक महिलाओं के शामिल होने की उम्मीद जताई, जहां वे असाधारण क्षमताओं का प्रदर्शन कर सकेंगी और अज्ञात क्षेत्रों में नई जमीन हासिल कर सकेंगी। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यह पाठ्यक्रम छात्र अधिकारियों को जिम्मेदारियों के लिए तैयार करेगा तथा ऐसे रणनीतिकार बनाएगा जो जटिल परिस्थितियों से प्रभावी तरीके से निपट सकें।

# वक्फ पर जेपीसी का कार्यकाल बढ़ा



- हंगामे के चलते लोकसभा और राज्यसभा की कार्यवाही पूरे दिन के लिए स्थगित

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

लोकसभा और राज्यसभा की कार्यवाही गुरुवार को भी विपक्ष के हंगामें की भेंट चढ़ गई। दोनों सदनों में अडानी रिश्वत और संभल मामले पर हुए हंगामे के चलते पहले कार्यवाही 12 बजे और बाद में दिनभर के लिए स्थगित कर दी गई।

लोकसभा में आज कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी और नांदेड़ सांसद रवीन्द्र चव्हाण ने सदस्यता की शपथ ली। इसके बाद कार्यवाही 12 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई। दोपहर में दोबारा कार्यवाही शुरू होने पर भी विपक्ष का हंगामा जारी रहा। नतीजतन, कार्यवाही को दिनभर के लिए स्थगित कर दिया गया।

लोकसभा में आज ध्वनिमत से वक्फ (संशोधन) विधेयक 2024 पर बनी संसद की संयुक्त संसदीय समिति का कार्यकाल बजट सत्र के अंतिम दिन तक बढ़ाये जाने का प्रस्ताव पारित किया गया। प्रस्ताव को समिति के अध्यक्ष जगदंबिका पाल की ओर से रखा गया। इस दौरान संसदीय कार्यमंत्री किरण रिजिजू ने लोकसभा की कार्यवाही नहीं चलने देने के लिए विपक्ष की निंदा की। उन्होंने कहा कि कार्यमंत्रणा समिति की बैठक में सभी सदस्य विधेयकों पर चर्चा करने और कामकाज को ठीक से चलने देने के लिए राजी हुए थे। हालांकि यहां हंगामा हो रहा है।

उन्होंने वक्फ संबंधित समिति का कार्यकाल बढ़ाये जाने के दौरान भी विपक्ष के हंगामा करने की निंदा की। उन्होंने कहा कि सर्वसम्मति से समिति का कार्यकाल बढ़ाये जाने पर सहमति बनी थी लेकिन प्रस्ताव पर मतदान के दौरान विपक्ष हंगामा कर रहा है।

इससे पहले लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने विपक्ष को संविधान की 75वीं वर्षगांठ का ध्यान दिलाते हुए कहा कि संविधान सभा में भी असहमति थी और बहस हुई हैं लेकिन इस तरह का हंगामा ठीक नहीं है। उन्होंने कहा कि संविधान के 75 वर्षों के दौरान संविधान सभा में भी बहसें हुईं, असहमति और सहमति भी बनीं लेकिन सभी ने मर्यादित आचरण बनाए रखा। वे विपक्ष को हर मुद्दे पर पर्याप्त समय और अवसर देंगे। इस बीच राज्यसभा में भी कार्यवाही बाधित रही। सुबह कार्यवाही की शुरुआत में विज्ञान और प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने श्री चित्रा तिरुनल इंस्टीट्यूट फॉर मेडिकल साइंसेज एंड टेक्नोलॉजी, तिरुवनंतपुरम में चुनाव के लिए प्रस्ताव पेश किया जिसे राज्यसभा ने स्वीकृत कर दिया ।

### नियमों से विचलन करना इस मंदिर का अपमान : सभापति

सभा की शुरुआत में अवरोध के बीच सभापति जगदीप धनखड़ ने सदस्यों से अनुशासन और शिष्टाचार बनाए रखने की अपील की। उन्होंने सदस्यों से संसदीय प्रक्रिया के नियमों का पालन करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि यह सदन केवल बहस का मंच नहीं है – यहां से हमारी राष्ट्रीय भावना को गूंजना चाहिए। संसदीय अवरोध कोई समाधान नहीं है, यह एक रोग है। यह हमारी नींव को कमजोर करता है। यह संसद को अप्रासंगिकता की ओर ले जाता है। हमें अपनी प्रासंगिकता बनाए रखनी होगी। जब हम इस तरह के आचरण में संलग्न होते हैं, तो हम संवैधानिक व्यवस्था से भटक जाते हैं। हम अपनी जिम्मेदारियों से मुंह मोड़ लेते हैं। यदि संसद लोगों की आशाओं और आकांक्षाओं का प्रतिनिधित्व करने के अपने संवैधानिक कर्तव्य से भटकती है, तो हमें राष्ट्रवाद को पोषित करना और लोकतंत्र को आगे बढ़ाना चाहिए।

# भारत और रूस ने सैन्य सहयोग व रणनीतिक साझेदारी बढ़ाने पर की चर्चा

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

भारत और रूस के बीच सैन्य तकनीकी सहयोग पर चौथी बैठक में दीर्घकालिक रणनीतिक साझेदारी को बढाने के बारे में गहन चर्चा की गयी।



रक्षा मंत्रालय ने गुरूवार को बताया कि भारत-रूस अंतर सरकारी आयोग के तहत सैन्य सहयोग पर कार्य समूह की चौथी बैठक रूस के मॉस्को में सफलतापूर्वक संपन्न हुई। यह बैठक दोनों देशों के बीच दीर्घकालिक रणनीतिक साझेदारी को निरंतरता देने में अत्यंत महत्वपूर्ण साबित हुई है। बैठक की सह-अध्यक्षता भारत का प्रतिनिधित्व कर रहे एकीकृत रक्षा स्टाफ के प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल जे पी मैथ्यू और रूसी सशस्त्र बलों के जनरल स्टाफ के मुख्य परिचालन निदेशालय के उप-प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल डाइलेव्स्की इगोर निकोलाविच ने की। कार्य समूह ने रणनीतिक हित के क्षेत्रों में निरंतर रूप से ज्ञान-साझा करने और सहयोग के महत्व पर बल दिया। दोनों सेनाओं के बीच परिचालन तालमेल को और मजबूत करने के लिए संयुक्त अभ्यासों का विस्तार करने पर भी सहमति व्यक्त की गई। दोनों देशों की तीनों सेनाओं ने कई संयुक्त अभ्यास किए हैं। 'इंद्र', 'एविया इंद्र' और 'इंद्र नेवी' जैसे अभ्यासों ने सर्वोत्तम प्रथाओं को साझा करने, संयुक्त रणनीति अभ्यास और प्रक्रियाओं में सुधार लाने तथा आपसी समझ को गहरा करने के लिए महत्वपूर्ण मंच के रूप में काम किया है। भारत-रूस सामरिक साझेदारी से जुड़े घोषणापत्र पर वर्ष 2000 में हस्ताक्षर किए गए थे जिसे वर्ष 2010 में विशेष और विशेषाधिकार प्राप्त सामरिक साझेदारी के स्तर तक बढ़ा दिया गया था। यह कार्य समूह, भारत-रूस रक्षा सहयोग के लिए एक महत्वपूर्ण मंच है जो मौजूदा सैन्य संलग्नताओं का आकलन करने और उभरती सुरक्षा चुनौतियों से निपटने के लिए सहयोग के नए क्षेत्रों की पहचान करने के लिए एक मंच के रूप में कार्य करता है।

# आईसीजी के राष्ट्रीय समुद्री खोज व बचाव अभ्यास का उद्घाटन

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

राष्ट्रीय समुद्री खोज और बचाव बोर्ड के तत्वावधान में गुरुवार से भारतीय तटरक्षक के राष्ट्रीय समुद्री खोज और बचाव अभ्यास एवं कार्यशाला (एसएआरईएक्स) की शुरुआत केरल के कोच्चि में हुई, जिसका उद्घाटन रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह ने किया। दो दिन तक चलने वाले राष्ट्रीय समुद्री खोज और बचाव अभ्यास के 11वें संस्करण में भारतीय तटरक्षक (आईसीजी) के महानिदेशक एस. परमेश भी शामिल होंगे। इस कार्यक्रम का विषय क्षेत्रीय सहयोग के माध्यम से खोज और बचाव क्षमताओं को बढ़ाना रखा गया है। इस मौके पर एसएआरईएक्स का एक लोगो भी लांच किया गया।



- आकस्मिक हालात में कोच्चि तट पर बड़े पैमाने पर दो समुद्री अभ्यास किए जाएंगे

कार्यक्रम के पहले दिन आज विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिनमें टेबल-टॉप अभ्यास, कार्यशाला और सेमिनार शामिल हैं, जिसमें सरकारी एजेंसियों, मंत्रालयों तथा सशस्त्र बलों के वरिष्ठ अधिकारी, विभिन्न हितधारकों और विदेशी प्रतिनिधियों की भागीदारी होगी। दूसरे दिन शुक्रवार को आकस्मिक हालात को शामिल करते हुए कोच्चि तट पर बड़े पैमाने पर दो समुद्री अभ्यास किए जाएंगे, जिसमें आईसीजी, नौसेना, भारतीय वायुसेना के जहाज और विमान, कोचीन बंदरगाह प्राधिकरण के यात्री जहाज और सीमा शुल्क विभाग की नावें भाग लेंगी।

आईसीजी के कमांडर अमित उनियाल के मुताबिक पहली आकस्मिकता में 500 यात्रियों वाले जहाज पर संकट का स्वांग रचा जाएगा, जबकि दूसरे परिदृश्य में 200 यात्रियों वाले विमान को नीचे उतारा जाएगा।

समुद्री अभ्यास में संकटग्रस्त यात्रियों को निकालने के विभिन्न तरीके शामिल होंगे, जिसमें जीवन रक्षक प्रणाली तैनात करने के लिए ड्रोन, हवा से गिराए जाने वाले जीवन रक्षक राफ्ट, रिमोट नियंत्रित जीवन रक्षक प्रणाली के संचालन का उपयोग करके अत्याधुनिक तकनीक की तैनाती को प्रदर्शित किया जाएगा। यह अभ्यास न केवल संचालन की दक्षता के लिए डिजाइन किया गया है, बल्कि यह तटीय और मित्र देशों के साथ सहयोगात्मक जुड़ाव पर भी केंद्रित होगा।

उन्होंने बताया कि पिछले कुछ वर्षों में भारतीय तटरक्षक बल प्रमुख समुद्री एजेंसी के रूप में उभरा है, जो स्थायी एवं प्रभावी समुद्री खोज और बचाव संरचना की दिशा में सरकार के प्रयासों को सही दिशा में आगे बढ़ा रहा है। हिंद महासागर क्षेत्र में एसएआर के समन्वय के लिए इंडियन ओशन रिम एसोसिएशन के सदस्य देशों के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए हैं। इसके अलावा आईसीजी को हिंद-प्रशांत क्षेत्र में एसएआर गतिविधियों के लिए एक नोडल एजेंसी के रूप में नामित किया गया है। समुद्री सुरक्षा पहलू पर आईसीजी का बढ़ता ध्यान भारत की वैश्विक जिम्मेदारी को मजबूत करने में लंबा रास्ता तय करेगा।

# ऑलराउंडर बो वेबस्टर ऑस्ट्रेलियाई टेस्ट टीम में शामिल

- ऑस्ट्रेलिया ने भारत के खिलाफ आगामी टेस्ट के लिए बो वेबस्टर को टीम में दी जगह



### ऐडिलेड टेस्ट के लिए ऑस्ट्रेलियाई टीम

पैट कमिंस (कप्तान), स्कॉट बोलंड, ऐलेक्स कैरी, जॉश हेजलवुड, ट्रैविस हेड, जॉश इंग्लिस, उस्मान ख्वाजा, मार्नस लाबुशेन, नेथन लायन, मिचेल मार्श, नेथन मैकस्वीनी, स्टीव स्मिथ, मिचेल स्टार्क और बो वेबस्टर

**एजेंसी, ऐडिलेड।**

ऑस्ट्रेलिया ने तस्मानिया के बो वेबस्टर को मिच मार्श के कवर के रूप में भारत के खिलाफ आगामी टेस्ट के लिए टीम में जगह दी है।

ऑस्ट्रेलिया ने दूसरे टेस्ट मैच के लिए टीम की घोषणा कर दी है। टीम में मध्यम तेज गेंदबाजी के साथ-साथ जरूरत पड़ने पर ऑफ स्पिन भी कराने वाले वेबस्टर को शामिल किया गया हैं। वेबस्टर ने भारत ए के खिलाफ दो अनौपचारिक 'टेस्ट' श्रृंखला में वेबस्टर 72.50 की औसत से 145 रन बनाकर ऑस्ट्रेलिया ए के लिए दूसरे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी थे। उन्होंने 20 से कम औसत से सात विकेट भी लिए। इसके अलावा उन्होंने हाल में शेफील्ड शील्ड मैच में न्यू साउथ वेल्स के खिलाफ 61 और 49 का स्कोर बनाने के साथ-साथ पांच विकेट भी लिए। वह ऑस्ट्रेलिया के सर्वश्रेष्ठ स्लिप क्षेत्ररक्षकों में से भी एक हैं। इससे पहले ऑस्ट्रेलिया के मुख्य कोच और चयनकर्ता ऐंड्रयू मक्डॉनल्ड ने ऐडिलेड टेस्ट के लिए बिना किसी बदलाव की टीम घोषणा करते हुए यह भी कहा था कि ऑलराउंडर मिचेल मार्श की फिटनेस पर थोड़ा संदेह है। मार्श के फिटनेस के बारे में ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस ने भी चिंता जताई थी। हालांकि 13-सदस्यीय दल में जॉश इंग्लिस के रूप में अतिरिक्त बल्लेबाज हैं, लेकिन अपनी ऑलराउंड क्षमताओं के कारण वेबस्टर टेस्ट पर्दापण के दावेदार बन गए हैं। 30 वर्षीय वेबस्टर ने अपने करियर में प्रथम श्रेणी करियर में 5000 से अधिक रन और 150 विकेट लिए हैं। दूसरा टेस्ट ऐडिलेड में छह दिसंबर से शुरू होगा। पर्थ टेस्ट जीतकर भारतीय टीम ने पांच मैचों की टेस्ट सीरीज़ में 1-0 की बढ़त बना ली है।

### रेलवे ने फ्रंटलाइन सुरक्षा को और पुख्ता करने के लिए लांच किया संरक्षा मोबाइल एप

**एजेंसी, नई दिल्ली।** भारतीय रेलवे ने आज पूरे देश में संरक्षा मोबाइल एप्लीकेशन लांच करके यात्रियों की सुरक्षा की दिशा में एक और कदम उठाया। इस एप का उद्देश्य भारतीय रेलवे के फ्रंटलाइन सुरक्षा श्रेणी के कर्मचारियों की क्षमता निर्माण के माध्यम से रेलवे सुरक्षा में सुधार करना है। एक सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि रेलवे बोर्ड के सदस्य (परिचालन और व्यवसाय विकास) रविंदर गोयल ने आज सभी डीआरएम, पीसीओएम, पीसीसीएम और भारतीय रेलवे के सभी मंडलों के अधिकारियों की उपस्थिति में संरक्षा मोबाइल एप्लीकेशन लांच किया। इस एप्लीकेशन को 2013 बैच के आईआरटीएस अधिकारी दिलीप सिंह ने डिजाइन किया है। वह वर्तमान में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के नागपुर में वरिष्ठ मंडल वाणिज्यिक प्रबंधक के रूप में कार्यरत हैं। इस अवसर पर नागपुर मंडल की क्षेत्रीय महाप्रबंधक (डीआरएम) नमिता त्रिपाठी ने नागपुर मंडल में पायलट प्रोजेक्ट के कार्यान्वयन के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह किस तरह से मंडल में सुरक्षा बढ़ाने में उपयोगी साबित हुआ है।

# पंडित धीरेंद्र शास्त्री की पदयात्रा में शामिल हुए पूर्व मंत्री राजा भैया

- मप्र के निवाड़ी में बोले-ऐसी और यात्राओं की जरूरत

**एजेंसी, निवाड़ी/भोपाल।**



बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री द्वारा निकाली जा रही सनातन हिन्दू एकता पदयात्रा आठवें दिन गुरुवार सुबह निवाड़ी जिला मुख्यालय से बरुआ सागर के लिए रवाना हुई। पदयात्रा में उत्तर प्रदेश के प्रतापगढ़ जिले की कुंडा विधानसभा सीट से विधायक और पूर्व मंत्री रघुराज प्रताप सिंह उर्फ राजा भैया भी शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने कहा कि एक यात्रा से सब कुछ बदलना मुश्किल है। समाज में जागरुकता के लिए यह एक शुरुआत है। ऐसी और यात्राओं की जरूरत है, ताकि समाज में स्थायी बदलाव लाया जा सके।

राजा भैया ने कहा कि पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री की ओर से यह बहुत ही सकारात्मक और सराहनीय पहल है। कुछ नेता जानबूझकर जातिवाद फैला रहे हैं, जिससे हमारा राष्ट्र कमजोर हो। जातिवाद न तो देश हित में है और न ही हिंदू हित में है। उसका निर्मूलन होना ही चाहिए। ये यात्रा धर्म हित और राष्ट्रहित में है। उन्होंने कहा कि यह यात्रा हिंदू समाज को एकजुट करने का एक बड़ा प्रयास है। जब हिंदू समाज संगठित होगा, तो न केवल धर्म, बल्कि राष्ट्र भी मजबूत होगा। इस तरह की यात्राओं का सिलसिला जारी रहना चाहिए, ताकि हिंदू समाज और राष्ट्र दोनों को नई दिशा मिल सके। निवाड़ी के रेस्ट एरिया में रात्रि विश्राम के बाद यात्रा गुरुवार सुबह बरुआ सागर के लिए रवाना हुई। इस यात्रा में मप्र सरकार के मंत्री राव उदय प्रताप सिंह एवं पूर्व गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा भी शामिल हुए और पंडित धीरेंद्र शास्त्री के साथ चल रहे हैं। यात्रा रवाना होने से पहले निवाड़ी रेस्ट एरिया में ध्वज फहराने के साथ राष्ट्रगान हुआ। इसके बाद हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। इस दौरान यूपी के पूर्व मंत्री रघुराज प्रताप सिंह उर्फ राजा भैया, मप्र के पूर्व मंत्री नरोत्तम मिश्रा, निवाड़ी विधायक अनिल जैन भी मौजूद रहे। गौरतलब है कि हिंदुओं के बीच मौजूद जाति भेदभाव, छुआछूत मिटाने और समाज में जागरुकता लाने के लिए उद्देश्य से पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री यह नौ दिवसीय पदयात्रा निकाली जा रही है। गत 21 नवंबर को बागेश्वर धाम से शुरू हुई 160 किमी की यह यात्रा 29 नवंबर को प्रसिद्ध पर्यटन नगरी ओरछा के रामराजा सरकार के मंदिर में समाप्त हो गई। गुरुवार को यात्रा का आठवां दिन है। यात्रा में एक रथ पर श्रीराम की धनुष-बाण लिए हुए, अयोध्या समेत अन्य झांकियां भी शामिल हैं। यह यात्रा आज 15 किलोमीटर का पैदल सफर तय कर रात में ओरछा के करीब ग्राम तिगेला पहुंचेगी, जहां रात्रि विश्राम होगा। शुक्रवार सुबह यह यात्रा ओरछा के लिए रवाना होगी और करीब आठ किलोमीटर की यात्रा पूरा कर रामराजा दरबार में यात्रा का विधि-विधान से समापन होगा।

# लंदन वॉल्व्स में भारत का शानदार प्रदर्शन

### हार्ट वॉल्व इनोवेशन में मेरिल की बड़ी उपलब्धि

**एजेंसी, नई दिल्ली।**



कार्डियोवैस्कुलर एवं स्ट्रक्चरल हार्ट सोल्युशन्स में विशेषज्ञता रखने वाली अग्रणी ग्लोबल मेड-टेक कंपनी मेरिल लाईफ साइंसेज़ ने पीसीआर लंदन वॉल्व्स 2024 और जीआईएसई 2024 (नेशनल कॉन्ग्रेस ऑफ इटैलियन सोसाइटी ऑफ इंटरवेंशनल कार्डियोलोजी) में मायवॉल ऑक्टाप्रो ट्रांसकैथेटर हार्ट वॉल्व (टीएचवी) के लॉन्च के साथ उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है।

विज्ञान जगत के इन प्रतिष्ठित आयोजनों ने मेरिल को आधुनिक हार्ट केयर (दिल की देखभाल) के लिए अपनी प्रतिबद्धता प्रदर्शित करने के लिए मंच प्रदान किया। मायवॉल टीएचवी सीरीज़, जिसे ट्रांसकैथेटर एओर्टिक वॉल्व रिप्लेसमेन्ट (टीएवीआर) प्रक्रियाओं में आधुनिक योगदान के लिए जाना जाता है, ने मायवॉल ऑक्टाप्रो टीएचवी के साथ नए बेंचमार्क स्थापित किए हैं। इस नई पेशकश के साथ लो फ्रेम फोरशॉर्टनिंग की शुरूआत हुई है, जो ऑपरेटर को बेहतर नियन्त्रण देता है और सटीक डिप्लॉयमेन्ट के साथ प्रक्रिया में पूर्वानुमान को बेहतर बनाता है। इसके अलावा साइज़ मैट्रिक्स की बात करें तो इसमें कन्वेंशनल, इंटरमीडिएट और एक्स्ट्रा-लार्ज वॉल्व साइज़ शामिल हैं, ताकि मरीज़ के शरीर की संरचना के अनुसार सही साइज़ का वॉल्व चुना जा सके। डॉ अशोक सेठ, चेयरमैन, फोर्टिस एस्कॉर्ट्स हार्ट इंस्टीट्यूट एवं फोर्टिस हेल्थकेयर मेडिकल काउन्सिल, दिल्ली ने कहा कि हम नए मायवॉल ऑक्टाप्रो के लॉन्च के लिए मेरिल लाईफ साइन्सेज़ को बधाई देते हैं। हमें गर्व है कि मेरिल ट्रांसकैथेटर स्ट्रक्चर थेरेपी में नए बेंचमार्क स्थापित करना जारी रखे हुए है और उन्हें सुरक्षित एवं प्रभावी तरीके उपलब्ध करा रही है।

### बस के टायर की डिस्क उछलकर छत से टकराई, एक की मौत, दो घायल

**एजेंसी, खरगोन।** मध्यप्रदेश के खरगोन जिले के भीकनगांव में वेल्डिंग के दौरान टायर की डिस्क उड़ कर दुकान की छत पर जा लगी। घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गई और दो गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस के अनुसार भीकनगांव से खातेगांव जाने वाली एक बस के अगले टायर की कल रात हवा निकल गई थी। बस ड्राइवर शोभाराम ने टायर खोल कर वेल्डिंग दुकान पर ले गया। दुकानदार के भतीजे कुलदीप ने शटर बंद कर डिस्क के क्षतिग्रस्त पार्ट की वेल्डिंग शुरू की। इसी दौरान डिस्क टायर में से निकलकर छत पर जा टकराई। छत पर डिस्क का प्रिंट भी बन गया और एक मोबाइल भी क्षतिग्रस्त हो गया। उन्होंने बताया कि टायर पूरी तरह सुरक्षित पाया गया। इस दौरान डिस्क से कुलदीप ,शोभाराम और धर्मेंद्र घायल हो गए। जिन्हें तत्काल भीकन गांव के अस्पताल ले जाया गया, जहां से उन्हें प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल भेजा गया। जिला अस्पताल के सिविल सर्जन डॉक्टर अमर सिंह चौहान ने बताया कि 24 वर्षीय कुलदीप की मृत्यु हो गई। उन्होंने बताया कि धर्मेंद्र की एक आंख पूरी तरह से खराब हो चुकी है जबकि शोभाराम के सिर में गंभीर चोट है।

# किसानों को हर हाल में गुणवत्तापूर्ण खाद, बीज और कीटनाशक मिले : शिवराज

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि किसानों को हर हाल में अच्छी गुणवत्ता वाले खाद, बीज और कीटनाशक मिलना सुनिश्चित किया जाना चाहिए।



श्री चौहान ने गुरुवार को यहां नियमित समीक्षा में संबंधित अधिकारियों को किसानों के व्यापक कल्याण के लिए दोषियों के विरुद्ध सख्त और प्रभावी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कई राज्यों में ऐसे दोषी लोगों के विरुद्ध अभियोजन की कार्रवाई प्रभावी नहीं होती और उन्हें खुला छोड़ दिया जाता है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि वह स्वयं इस संबंध में शीघ्र ही राज्य सरकारों से बात करेंगे, ताकि राज्य स्तर पर लगातार प्रभावी कार्रवाई हो और दोषी को सख्त सजा मिले। उन्होंने कहा कि देश के आम किसानों के हित में हर हाल में इस संबंध में सख्त से सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। श्री चौहान ने कहा कि किसानों को हर समय उच्च गुणवत्ता वाले कीटनाशक, बीज और उर्वरक उपलब्ध कराए जाने चाहिए।

उन्होंने कहा कि किसान अक्सर खराब गुणवत्ता वाले आदान मिलने की शिकायत करते हैं, जिसके परिणामस्वरूप उन्हें काफी नुकसान होता है।

श्री चौहान ने जोर देकर कहा कि एक जिम्मेदार जनप्रतिनिधि के रूप में इन चिंताओं को दूर करना जरूरी है।

उन्होंने अधिकारियों को नकली या घटिया कीटनाशकों, उर्वरकों और बीजों के वितरण को प्रभावी रूप से नियंत्रित करने के लिए ठोस उपाय लागू करने के निर्देश दिए।

# उच्चतम न्यायालय ने यासीन मलिक से किया जवाब तलब

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

उच्चतम न्यायालय ने चार भारतीय वायुसेना कर्मियों की हत्या और 1989 में मुफ्ती मुहम्मद सईद की बेटी रुबैया सईद के अपहरण के मामले से जुड़े गवाहों की जिरह के लिए संबंधित मुकदमा जम्मू से दिल्ली की तिहाड़ जेल में स्थानांतरित करने की केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) की याचिका पर गुरुवार को आरोपी यासीन मलिक से जबाव तलब किया।



न्यायमूर्ति अभय एस ओका और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने संबंधित पक्षों की दलीलें सुनने के बाद यह आदेश पारित किया।

पीठ ने मामले के आरोपी और तिहाड़ जेल में बंद मलिक को अपना जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया। मलिक आतंकवादी गतिविधियों को आर्थिक सहायता देने के लिए तिहाड़ जेल में आजीवन कारावास की सजा काट रहा है। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने पीठ के समक्ष कहा कि मामले में मुकदमा स्थानांतरित करने और सह-आरोपियों को पक्षकार बनाने के लिए आवेदन दायर किए गए हैं।

श्री मेहता ने कहा कि तिहाड़ जेल में वर्तमान में अदालत चलाने की सुविधा है। उन्होंने अदालत के समक्ष यह भी कहा कि आरोपी भी तिहाड़ जेल में ही बंद हैं।

सीबीआई का पक्ष जानने के बाद न्यायालय ने आरोपी से जवाब मांगा और मामले की अगली सुनवाई के लिए 18 दिसंबर की तारीख मुकर्रर कर दी।

इससे पहले 27 नवंबर को शीर्ष अदालत ने सीबीआई से कहा था कि वह मलिक को जम्मू-कश्मीर ले जाने के एजेंसी के विरोध के मद्देनजर आरोपी के खिलाफ गवाहों से जिरह करने के लिए जेल में अदालत स्थापित करने का विकल्प तलाशे।

सीबीआई ने जम्मू की एक विशेष अदालत के आदेश के खिलाफ याचिका दायर की थी, जिसने मलिक को जिरह के लिए पेश होने का वारंट जारी किया था।

विशेष अदालत ने मलिक की शारीरिक उपस्थिति चार भारतीय वायुसेना कर्मियों की हत्या और 1989 में मुफ्ती मुहम्मद सईद की बेटी रुबैया सईद के अपहरण से जुड़े गवाहों से जिरह के लिए निर्देश दिया था।